जबलपुर

शुक्रवार 12 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष –12

वर्ष : 21, अंक : 43

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 36


न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


8 नए और सशक्त भारत का उदय

मैट्रो 14 आजीवन कारावास की सजा प्राप्त ...








पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का मास्टर कूपन कल के अंक में देखें।







## खबर संक्षेप

### हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 के परिणाम आज

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026



में शामिल हुए विद्यार्थियों का इंतजार खत्म होने वाला है। हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। यह परिणाम शाम 4 बजे जारी किया जाएगा।

### तहसीलदार का रीडर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसीलदार के रीडर



अनिल कुडबाडिया को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता जितेंद्र पांडे के मुताबिक, रानीपुरा स्थित प्लॉट के नामांतरण के बदले रीडर ने तहसीलदार के नाम पर 40 हजार रुपए की घूस मांगी थी।

कांग्रेस की अपील पर निर्वाचन आयोग ने नहीं दिया कोई फैसला, सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

# कांग्रेस का खेल खत्म... भाजपा के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

*राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव का पूरा परिदृश्य उस समय बदल गया, जब कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र जांच प्रक्रिया के दौरान निरस्त कर दिया गया*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

अंततः भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल कर ली। गुरुवार को उसके तीनों प्रत्याशियों तरुण चुग, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। विधानसभा परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने तीनों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपकर उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। गुरुवार को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव मैदान में केवल तीन उम्मीदवार ही शेष बचे थे, जबकि रिक्त सीटों की संख्या भी तीन थी। ऐसे में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदान की आवश्यकता नहीं रही और तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव का पूरा परिदृश्य उस समय बदल गया, जब कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र जांच प्रक्रिया के दौरान निरस्त कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए प्रत्याशियों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि तीनों निर्वाचित सदस्य राज्यसभा में जनता के हितों, जनभावनाओं और विकास से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से उठाएंगे और देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**रजनीश, महेश, तरुण को रिटर्निंग अफसर ने दिया प्रमाण पत्र**



प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए प्रत्याशियों को बधाई दी***

### सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली तुरंत राहत

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को कांग्रेस ने पहले केंद्रीय निर्वाचन आयोग और फिर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने जहां इस मामले में कोई फैसला नहीं दिया, वहीं सुप्रीम कोर्ट से भी पार्टी को तत्काल कोई राहत नहीं मिल सकी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने अभी याचिका पढ़ी ही नहीं क्योंकि वह रात में ऑनलाइन दाखिल की गई थी।

#### कांग्रेस ने उतारा था एकमात्र प्रत्याशी

प्रदेश से रिक्त हो रही तीन राज्यसभा सीटों के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, मप्र भाजपा के पूर्व सचिव रजनीश और पिछड़ा वर्ग के महेश केवट को उम्मीदवार बनाया था। दूसरी ओर कांग्रेस ने तीसरी सीट पर एक मात्र मीनाक्षी नटराजन को प्रत्याशी बनाया था। विधानसभा में मौजूदा संख्याबल को देखते हुए राजनीतिक समीकरण दो सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहे थे।

26 सीटों में से 14 पर निर्विरोध उम्मीदवार जीते

### भाजपा से 10, कांग्रेस से चार चुने गए

**नई दिल्ली।** 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल हैं। वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं।

**गुजरात से सभी चार सीटों पर भाजपा और राजस्थान में भाजपा के दो व कांग्रेस के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए**

#### 12 सीटों पर 18 जून को वोटिंग

अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, जेएमएम को दो और टीवीके को एक सीट पर जीत मिल सकती है।

14 जून को योग के लिए विशेष ऑनलाइन सत्र की दी जानकारी

# सीएम डॉ. यादव का संदेशः योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा

- सुबह 6:30 बजे से 7:35 बजे होगा स्पेशल सेशन
- जुड़ने के लिए टोल-फ्री नंबर 18003157008 पर करें मिस कॉल
- प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बनाया जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर मुख्यमंत्री



डॉ. मोहन यादव

डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विशेष संदेश जारी किया है। उन्होंने इस संदेश में योग की महत्ता तो बताई ही साथ ही, आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले योग के विशेष ऑनलाइन सत्र की जानकारी भी दी है।

#### मप्र और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि आइए हम सभी मिलकर 'घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग' के संकल्प के साथ अब हर घर योग का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में सहभागी बनें।

छग को भाया मप्र के खाद्य विभाग का नवाचार

# 'मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना' की स्टडी करने आई छग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र के खाद्य विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों ने पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ सरकार का ध्यान अपनी एक महत्वपूर्ण योजना की ओर खींचा है। मप्र में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के सफल क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेने और इसमें विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का एक दल इन दिनों मध्यप्रदेश भ्रमण पर है।

#### यह है मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना

मप्र में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत प्रदाय केंद्र से उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री के परिवहन का कार्य परिवहनकर्ता ठेकेदार के स्थान पर बेरोजगार युवकों के माध्यम से कराकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना नवाचार के रूप में लागू की गई है।

### कई वाहनों को रौंदा 4 घायल, हुई तोड़फोड़


हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

शहर के पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नगर निगम का एक पानी का टैंकर अचानक बेकाबू हो गया। ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित हुए इस टैंकर ने सड़क पर चल रही।

हरदुआ स्टेशन पर टला हादसा

### कोयले लदी मालगाड़ी में लगी आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कटनी




- कोयले के टुकड़ों में घर्षण से भड़की आग

हरदुआ रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार दोपहर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। यहां कटनी से दमोह जा रही कोयले से लदी एक मालगाड़ी की बोगी में अचानक भीषण आग लग गई। रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और दमकल व पुलिस की 12 सदस्यीय टीम ने करीब दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। दोपहर करीब 2 बजे जब मालगाड़ी हरदुआ स्टेशन के पास से गुजर रही थी,

केरलम में निपाह की दस्तक

### कोझिकोड में केस, शिगेला बैक्टीरिया का भी संक्रमण

एजेंसी ▶▶कोझिकोड



- 77 लोग क्वारंटीन, प्रशासन हाई अलर्ट पर

केरलम में एक बार फिर खतरनाक वायरस की एंट्री से हड़कंप मच गया है। कोझिकोड जिले के रामनट्टुकारा में निपाह वायरस संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। जिला कलेक्टर एमएस माधविकुट्टी के अनुसार 43 वर्षीय संक्रमित मरीज का इलाज कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। निपाह की पुष्टि होते ही स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है।

मानसून आगे बढ़ा, अगले 2 से 3 दिन परिस्थितियां अनुकूल

शाम को 50 फीसदी तक नमी रहने के साथ ही तेज धूप के असर से तपिश

# पारा गिरने के बावजूद तपिश-उमस बढ़ गई... 12 जिले 43 डिग्री पर

- भोपाल सहित 23 जिलों में एक डिग्री तक पारे में कमी
- कुछ जिलों में आंधी और बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित 23 जिलों में गुरुवार को दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक कमी आई। इसके बावजूद तेज धूप से तपिश और उमस बढ़ गई। शहर में सुबह की हवा में 80 और शाम को 50 फीसदी तक नमी रहने के साथ ही तेज धूप के असर से तपिश के साथ उमस तेजी से बढ़ी। बारिश में कमी और तेज धूप से एक दर्जन जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री तक रहा, जिससे इन जिलों में तेज गर्मी महसूस की गई। इस बीच दो



दर्जन के करीब जिलों में बारिश, तेज हवाएं भी चलीं, जिससे शाम को राहत मिली। गुरुवार को 5 जिलों में 43 और 6 जिलों में 42 डिग्री रहा। भोपाल में दशमलव 7 डिग्री गिरकर 39.7 डिग्री रहा।

**आज यहां आंधी-बारिश और ओले**

शुक्रवार को छतरपुर, टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा में कुछ जगह आंधी, बारिश के साथ ओले भी गिरने का अलर्ट जारी है। नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर में कुछ जगह आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है।









कल्याण बेनर्जी की ममता को दो टूक

# अभिषेक या मुझमें से किसी एक को चुनें, वो अहंकारी, उनके कारण पार्टी खत्म हुई

कल्याण बेनर्जी हस्ताक्षर जालसाजी के मामले में अभिषेक बेनर्जी के वकील के तौर पर कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं। लेकिन, इस सुनवाई के दौरान अभिषेक बेनर्जी के न मौजूद रहने पर उन्होंने टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी से यह बात कही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर सीट से लोकसभा सांसद कल्याण बेनर्जी के आरोपों ने पार्टी को अंदर तक झकझोर दिया है। दरअसल, कल्याण बेनर्जी हस्ताक्षर जालसाजी के मामले में अभिषेक बेनर्जी के वकील के तौर पर कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं। लेकिन, इस सुनवाई के दौरान अभिषेक बेनर्जी के न मौजूद रहने पर उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बेनर्जी से साफ कहा है कि वे उनमें और अभिषेक बेनर्जी में से एक को चुनें। वो किसी की नहीं सुनते हैं, उनके कारण ही यह परिस्थितियां बनीं कि कई सांसद और विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं।

**अभिषेक की अनादर करने की आदत नहीं बदली**

वे हर किसी को अपना कर्मचारी समझते हैं

### किसी का सम्मान नहीं करते


अभिषेक बेनर्जी और कल्याण बेनर्जी फाइल फोटो

कल्याण बेनर्जी ने कहा कि अभिषेक बेनर्जी के अनादर करने की आदत नहीं बदली है। उन्हें लगता है कि हर कोई उनसे नीचे है, जैसे कि हर कोई कैमक स्ट्रीट का सिर्फ एक कर्मचारी हो। वे इतने अहंकारी हो गए हैं कि किसी का सम्मान नहीं करते। इसीलिए मैं पीछे हट गया हूं। आज मैंने दीदी (ममता बेनर्जी) से भी कहा कि मेरे और अभिषेक बेनर्जी के बीच किसी एक को चुनिए।

## ऋतब्रत बेनर्जी बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष हाई कोर्ट का स्टे लगाने से साफ इंकार

पश्चिम बंगाल में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी को लेकर



कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से ममता बेनर्जी को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की ओर से टीएमसी की याचिका पर तत्काल राहत नहीं दी गई है। हाईकोर्ट ने एलओपी नियुक्ति पर फिलहाल कोई स्टे लगाने से इनकार कर दिया है। यानि ऋतब्रत बेनर्जी नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। बता दें, स्पीकर रथींद्रनाथ बोस ने एक बड़ा फैसला लेते हुए ऋतब्रत बेनर्जी को नेता प्रतिपक्ष मान लिया था और उन्हें इस पद की मान्यता दे दी। टीएमसी ने कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्पीकर ने एक बागी नेता को यह अहम पद देकर विधानसभा की पुरानी परंपराओं को तोड़ा है।

शत्रुघ्न सिन्हा का बड़ा बयान

## ममता और टीएमसी का साथ नहीं छोड़ूंगा, साथ देना फर्ज

टीएमसी छोड़ने की अफवाहों पर पार्टी के लोकसभा सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने साफ कहा कि वह ममता बेनर्जी और टीएमसी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। ममता बेनर्जी और पार्टी का साथ देना उनका कर्तव्य है। जब ममता ने उनके बुरे वक्त में साथ दिया, तो अब उनका फर्ज है कि वह इस समय ममता और पार्टी के साथ खड़े रहें।



### टीएमसी राज्यसभा सांसद का इस्तीफा



टीएमसी के एक और राज्यसभा सांसद ने त्यागपत्र दे दिया है। प्रकाश चिक बराइक ने राज्यसभा के सभापति को जो इस्तीफा भेजा है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी से सीएम विजय ने मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने गुरुवार को यहां पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। राज्य में विधानसभा चुनावों के बाद पिछले महीने तमिलनाडु के सीएम का पद संभालने के बाद पीएम से उनकी यह दूसरी मुलाकात है। विजय नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं।



### 500 मीटर नीचे नदी में गिरी बोलेरो, 4 की मौत

**चमोली।** चमोली के देवाल क्षेत्र में 8 लोगों को लेकर जा रही एक बोलेरो करीब 500 मीटर गहरी खाई में लुढ़कते हुए कैल नदी में जा गिरी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना देवाल-घेंस मोटर मार्ग पर कुंनार के पास हुई। ग्रामीणों, पुलिस और राहत-बचाव टीमों ने पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया।



### केदारनाथ यात्रा पर आए दो तीर्थयात्रियों मौत

**रुद्र प्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पर आए दो तीर्थयात्रियों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मीठा पानी क्षेत्र में एक तीर्थयात्री माधव शिवराम शिंदे (66) निवासी मुंबई की तबीयत बिगड़ गई। वहीं यात्रा के लिए आई बिहार के आरा जिले के सैदपुर निवासी आरती देवी (56) एक होटल में ठहरी थीं। सुबह उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी।



### सरकारी इमारत में लगी आग, 4000 ईवीएम जले

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री कौशिक चौधरी ने बताया कि यहां एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



---

नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी बोले

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत अपनी विकास यात्रा पर लगातार आगे बढ़ रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और अस्थिरता के बीच भी भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, देश की सामूहिक जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। पीएम ने कहा कि भारत ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते हमारे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराते हैं। इससे वे अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करके और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाकर वैश्विक बाजारों के लिए तैयार हो सकेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग-आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के माध्यम से भारत के युवाओं के लिए सही परिवेश का निर्माण करना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। सशक्त युवा ही विकसित भारत की दिशा में हमारी यात्रा की प्रेरक शक्ति होंगे

### एफटीए ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा किए


नीति आयोग की बैठक को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी

### युवा विकसित भारत की प्रेरक शक्ति

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभ एक ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग-आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के माध्यम से भारत के युवाओं के लिए सही परिवेश का निर्माण करना प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। सशक्त युवा ही विकसित भारत की दिशा में हमारी यात्रा की प्रेरक शक्ति होंगे।

### राज्यों के बीच संवाद और सहयोग जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग और संवाद के माध्यम से चीजें आगे बढ़नी चाहिए। नीति आयोग सहयोग के लिए एक मंच के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिससे राज्य विचारों का आदान-प्रदान कर सकें और विकसित भारत की परिकल्पना की दिशा में मिलकर काम कर सकें। पीएम ने कहा कि महिला नेतृत्व वाला विकास विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है।

## महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें राज्य

पीएम मोदी ने कहा कि कृषि और स्टार्टअप से लेकर विज्ञान और नवोन्मेष तक, नारी शक्ति सभी क्षेत्रों में योगदान दे रही है। राज्यों को महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद की भावना से प्रेरित होकर, हम भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयास विकसित भारत के हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### किसानों की जिंदगी आसान बनाने का प्रयास

पीएम मोदी ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा का आधार हैं और सरकार उनकी जिंदगी आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसीलिए उन्हें खेती की आधुनिक सुविधाएं देने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। ड्रोन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्राकृतिक खाद से जुड़े अभियान किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने में सक्रिय रूप से मदद कर रहे हैं।


बैठक के बाद पीएम मोदी ने राज्यों से आए मुख्यमंत्रियों से चर्चा की

---

सुप्रीम कोर्ट को ऐतिहासिक फैसला

## गृहिणियां 'राष्ट्रनिर्माता', उनकी सामाजिक-आर्थिक अहमियत

मोटर एक्सीडेंट के दावों का एक साल में करें निपटारा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाली गृहिणियों के काम की कीमत कम से कम 30,000 रुपए महीना मानी जानी चाहिए। मुआवजे की गणना करते समय इस राशि को आधार करना चाहिए।

कोर्ट ने यह भी कहा की कि गृहिणियों को राष्ट्र निर्माता के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। देश भर में मोटर दुर्घटना के मामलों में मुआवजा तय करने के तरीके को बदलने वाले इस अहम फैसले में, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने गृहिणियों की काल्पनिक आय को कुशल मजदूरों की मजदूरी के बराबर मानने की पुरानी न्यायिक प्रथा को खारिज कर दिया।

### गृहिणियां दिहाड़ी मजदूर नहीं

कोर्ट ने कहा कि घर के कामों की सामाजिक और आर्थिक अहमियत बहुत ज्यादा है। इसे केवल सामान्य मजदूरी के तराजू में नहीं तौला जा सकता। जस्टिस करोल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घरेलू देखभाल के नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 रुपए का नया नियम बनाया गया है। यह राशि 'प्रणय सेठी' केस में तय किए गए अन्य लाभों के अतिरिक्त होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि मोटर एक्सीडेंट से जुड़े दावों का निपटारा आमतौर पर एक साल के भीतर हो जाना चाहिए। कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध किया कि वे ऐसे मामलों की निगरानी करें। उन्होंने उचित प्रशासनिक निर्देश जारी करने को कहा ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

### संतान के रूप में लड़के की चाहत करना गलत

संतान के रूप में लड़के की चाहत करने संबंधी पितृसत्तात्मक सोच और बच्चे के जन्म से पहले 'चोरी छिपे' लिंग की जांच कराये जाने के चलन की निंदा करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब तक मानसिकता में बदलाव नहीं आता, तब तक गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम का सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था में लड़कियों के साथ होने वाले प्रणालीगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने ये टिप्पणियां एक चिकित्सक द्वारा दायर उस अपील को खारिज करते हुए कीं, जिसमें गर्भ-धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन निषेध) अधिनियम की धारा को चुनौती दी थी।

---

स्पेस रिसर्च पूजा और परोपकार की तरह

## अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश के साथ भागीदारी बढ़ाने की भी जरूरत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यहां कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सोच बदलने एवं निजी निवेश के साथ-साथ इसमें भागीदारी बढ़ाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक में चीन ने बिना किसी सरकारी योजना के विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश किया क्योंकि उसका मानना था कि विज्ञान के लिए सिर्फ़ पैसे की जरूरत होती है, न कि बोलने या प्रेस की आजादी की।



अहमदाबाद में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के 10वें 'इंडस्ट्री कनेक्ट' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के लिए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना भी एक तरह की पूजा और परोपकार है। दोनों पक्षों (निजी और सरकारी) की मानसिकता खुलने में अधिक समय लग रहा है।

## फीफा को लेकर चरम पर उत्साह



### भारतीय मूल के चार खिलाड़ी ले रहे भाग

**बेंगलुरु।** फुटबॉल के फीफा वर्ल्ड कप को लेकर भारत सहित पूरी दुनिया में लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह बना हुआ है। फीफा विश्व कप 2026 की शुरुआत 12 जून से हो रही है। फीफा विश्व कप में बेशक भारतीय टीम हिस्सा नहीं ले रही है, लेकिन इस बार भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेलते हुए नजर आएंगे। बेंगलुरु में एक फुटबॉल प्रेमी ने अपनी दुकान को पूरी तरह से फुटबॉल और उससे जुड़ी वस्तुओं से सजा दिया है। 48 देशों और 104 मैच वाले विश्व कप के लिए फीफा ने ग्रुप चरण के मुकाबलों के लिए टिकट की शुरुआती कीमत 140 डॉलर रखी थी।

अश्विनी वैष्णव बोले एआई बड़ी क्रांति

## जयपुर में एआई प्रयोगशाला स्थापित करने की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ जयपुर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) में उन्नत क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम संचार प्रयोगशालाएं स्थापित किए जाने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि ये प्रयोगशालाएं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमिक परियोजना के तहत स्थापित की जाएंगी। संस्थान में विद्यार्थियों और शिक्षकों को



संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि वर्तमान तकनीकी क्रांति कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित हो रही है, जबकि अगली बड़ी तकनीकी लहर क्वांटम प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में आएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत होने वाला कार्य देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

---

आंध्र में 195 करोड़ रुपए का शराब परिवहन घोटाला मामला

## स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन के पूर्व एमडी डी. रेड्डी गिरफ्तार

### धन शोधन मामले के तहत की कार्यवाही

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश में कथित 195 करोड़ रुपए के शराब परिवहन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के संबंध में बृहस्पतिवार को छापेमारी के बाद 'आंध्र प्रदेश स्टेट बेवरेजेज कार्पोरेशन' के एक पूर्व अधिकारी और एक 'मुख्य आरोपी' को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने करीब पांच परिसरों पर छापेमारी की। आरोपियों ने सरकारी खजाने को 195.33 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया।




### 8 लाख नकद जब्त

छापेमारी के दौरान 8 लाख रुपए नकद, दो रोलेक्स घड़ियां, कुछ वाहन, 'संबंधित' दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। हालांकि अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये बरामदगी किसके परिसरों से की गई।

### किसानों को होगा फायदा

अधिकारियों ने बताया कि इन परिसरों में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) नेता एवं पूर्व नागरिक आपूर्ति मंत्री के. नागेश्वर राव और उनके बेटे के परिसर शामिल हैं। मामले में 'आंध्र प्रदेश स्टेट बेवरेजेज कार्पोरेशन' के पूर्व प्रबंध निदेशक डी. वासुदेव रेड्डी और मामले में 'मुख्य आरोपी' के. राजा शेखर रेड्डी को गिरफ्तार किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया फैसला

## 'सीट चोरी' और नीट मामले को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने फैसला किया कि वह मध्यप्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने, नीट मामले और सीबीएसई की ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों को लेकर मोदी सरकार को घेरने के लिये जल्द ही राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। यह अभियान इस महीने के आखिर में शुरू हो सकता है और दो-तीन महीने तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य होगा कि इन विषयों पर पीएम नरेंद्र मोदी की जवाबदेही तय हो।

### जनता से जुड़े मुद्दों पर पीएम मोदी की जवाबदेही तय करेंगे


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बैठक की अध्यक्षता करते हुए

### कानूनी लड़ाई लड़ेंगे

बैठक के बाद वेणुगोपाल ने कहा कि राज्यसभा चुनावों में जो हुआ, वह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए पार्टी ने राजनैतिक और कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया है।

### आम लोग संघर्ष कर रहे

उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र नहीं है और आम लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी पूरे भारत में एक अभियान शुरू करने जा रही है जो राज्य, ज़िला और ब्लॉक स्तर पर भी चलाया जाएगा।

### निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से 'सीट चोरी': राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश से पार्टी की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि 'वोट चोरी' और 'सरकार चोरी' के बाद अब भाजपा और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत ने 'सीट चोरी' शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 'सीट चोरी' के ज़रिये चुनाव शुरू होने से पहले ही मुकाबला खत्म कर दिया गया है।

फ्रांस की मेजबानी में 15 और 16 जून को होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में होगी चर्चा

# अमेरिका और ईरान के ताबड़तोड़ हमलों से दहली दुनिया, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और मिडिल ईस्ट की शांति पर बनेगा साझा प्लान



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव ने पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। तेल गैस की किल्लत की आशंका ने सभी को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में फ्रांस की मेजबानी में 15 और 16 जून को होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होने जा रही है। इस सम्मेलन के दौरान 16 जून को मिडिल ईस्ट के हालात पर एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्रीय और वैश्विक नेताओं के बीच सुरक्षा, स्थिरता और कूटनीतिक समाधान पर विचार-विमर्श होगा।

इस बैठक के लिए फ्रांस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, सऊदी अरब और कतर जैसे महत्वपूर्ण देशों को आमंत्रित किया है, और ईरान से जुड़े मुद्दों पर भी इसी सत्र में चर्चा होने की संभावना है। यह सम्मेलन फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस शहर में लेक जिनेवा के किनारे आयोजित किया जा रहा है, जिसमें फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कामनाडा, इटली और जापान के शीर्ष नेताओं के अलावा यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए इस बार की बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।



## ◆ ईरान ने होर्मुज किया बंद, हमले नहीं रुक रहे ◆ जहाजों को ध्वस्त करने से भी नहीं कर रहे परहेज

### जहाजों की आवाजाही सुगम बनाने के होंगे प्रयास

फ्रांसीसी अधिकारियों के अनुसार, सम्मेलन का एजेंडा इस तरह तैयार किया गया है कि सदस्य देशों के बीच एकजुटता का संदेश जाए और किसी भी मुद्दे पर अनावश्यक टकराव की स्थिति न बने, खासतौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उभरने से रोकने की कोशिश की गई है ताकि साझा वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग का माहौल बना रहे। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पश्चिम एशिया पर होने वाली विशेष बैठक में भारत और अमेरिका के नेताओं के साथ कतर, सऊदी अरब और यूएई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे और इस दौरान समुद्री मार्गों की सुरक्षा तथा अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में निर्बाध आवाजाही जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। फ्रांस का मानना है कि क्षेत्रीय संघर्षों का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी दुनिया उसकी आर्थिक और रणनीतिक चुनौतियों से प्रभावित होती है।

### भारत भी होगा शामिल

फ्रांसीसी कूटनीतिक सूत्रों ने भारत को इस सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताया है और उनके अनुसार, भारत को जी-7 के विभिन्न विमर्शों और बैठकों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है क्योंकि फ्रांस का मानना है कि दोनों देशों के संबंध केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी भरोसे और रणनीतिक सहयोग पर आधारित हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि भारत और फ्रांस के बीच संबंध समानता और साझेदारी के सिद्धांत पर आधारित हैं, और भारत की जी-20 अध्यक्षता की सफलता तथा ब्रिक्स में उसकी भूमिका को भी फ्रांस सकारात्मक नजरिए से देखता है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग के दायरे में 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलें भी महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, जो भविष्य में आर्थिक और औद्योगिक साझेदारी को और मजबूत बना सकती हैं।

### अमेरिका ने ईरान को चेताया- तेज करेंगे हमले

*संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के कई ठिकानों पर एक बार फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान वॉशिंगटन के साथ परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता, तो उस पर सैन्य दबाव और बढ़ाया जाएगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर ईरान में कई ठिकानों पर आत्मरक्षा में हमले किए गए। अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा, आज रात सेंट्रल कमांड काफी व्यस्त रहने वाला है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हम ईरान पर घातक हमला करेंगे और हम ऐसा करेंगे। ईरान के पास एक अच्छा, बल्कि बहुत अच्छा समझौता करने का मौका है, जिससे वे उन बातों को आधिकारिक रूप दे सकते हैं, जिन्हें करने की बात वे पहले से कहते रहे हैं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा नहीं किया है। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने कहा कि कई महीनों की बातचीत के बावजूद ईरान ने वार्ता को आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने ने कहा, मैं कई महीनों से ईरान के साथ काम कर रहा हूं और उन्हें इस समझौते पर हस्ताक्षर कर देने चाहिए। यह एक अच्छा समझौता है। यह उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देता है। असल में, यह उन्हें कभी भी परमाणु हथियार रखने से पूरी तरह रोकता है। ये नए हमले उस घटना के बाद हुए जब सोमवार को ईरान ने ओमान के पास अमेरिकी सेना के एक एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराया था।*

## जंग से चीन भी खफा, कहा तत्काल रोके जाएं हमले

अमेरिका की ओर से फिर से ईरान पर किए गए हमले के बाद मिडिल ईस्ट एक बार फिर बड़े संकट में फंस गया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा है कि 10 जून को ईरान में कई ठिकानों पर आत्मरक्षा में हमले किए गए। इसके जवाब में ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाया है। इस बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने इस क्षेत्र में सभी सैन्य कार्रवाइयों को तुरंत रोकने और बातचीत की मेज पर लौटने अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, चीन सभी जुड़े हुए देशों से अपील करता है कि वे तुरंत सैन्य हमले रोकें। सभी देश बातचीत के रास्ते पर वापस आएं और दूसरे देशों की ओर से किए जा रहे शांति प्रयासों का सम्मान करें। जल्द से जल्द एक मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले सीजफायर पर सहमति बनाएं।



### ईरान क्या चाहता है?

ईरान के सरकारी सूत्रों और एक यूरोपीय अधिकारी के मुताबिक, बातचीत में सबसे बड़ा मुद्दा विदेशों में फ्रीज पड़े ईरान के अरबों डॉलर के फंड को जारी करना है। ईरान चाहता है कि विदेशों में फंसे उसके तेल की कमाई के 6 से 12 अरब डॉलर तुरंत जारी किए जाएं। साथ ही, वह लेबनान में हिज्बुल्लाह पर इजरायली हमले रोकने, प्रतिबंध हटाने और समुद्री रास्ते पर अपना नियंत्रण चाहता है।

**अमेरिका क्या चाहता है:** वहीं बात अब अगर अमेरिका की शर्तों की करें तो अमेरिका का कहना है कि वह पूरा पैसा एक साथ नहीं देगा, बल्कि मानवीय सामान (दवा, अनाज) खरीदने के लिए किस्तों में फंड जारी करेगा। ट्रंप की शर्त है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की जिद छोड़े और समुद्री रास्तों पर जहाजों को न रोके।



### एक तरफ ताबड़तोड़ हमले दूसरी तरफ डील की तैयारी

*पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। जहां अमेरिका और ईरान के बीच जारी खूनी तनातनी अब विनाशकारी महायुद्ध में तब्दील हो चुकी है। गुरुवार को दोनों देशों ने एक-दूसरे पर भारी हवाई हमले किए, जिसने पूरे पश्चिम एशिया की नींद उड़ा दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुली हुंकार भरते हुए चेतावनी भी दी है कि अगर ईरान ने तुरंत आत्मसमर्पण जैसी शांति डील पर दस्तखत नहीं किए, तो उसे ऐसे भीषण और श्मशान बना देने वाले हवाई हमलों का सामना करना पड़ेगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। हलांकि एक तरफ दोनों देशों के बीच ताबड़तोड़ हमले और बमबारी जारी है। वहीं दूसरी तरफ इन हमलों के बीच ही दोनों देशों के बीच एक शुरुआती समझौते को लेकर बातचीत पर्दे के पीछे काफी तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पक्ष एक सहमति पत्र (एमओयू) के ड्राफ्ट पर संदेशों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।*

**ईरान ने कहा -जो भी जहाज आएगा उसे उड़ा देंगे**

## अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने पूरी तरह बंद किया होर्मुज

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से बंद कर दिया है। ईरान की शीर्ष संयुक्त सैन्य कमान ने गुरुवार को इसका ऐलान किया है। ईरानी सेना ने कहा है कि किसी भी तेल टैंकर या कमर्शियल जहाज को इस समुद्री गलियारे से जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कमान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जो जहाज होर्मुज से गुजरने की कोशिश करेगा, उसको निशाना बनाते हुए गोली चलाई जाएगी। ऐसे में यहां से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी।

### दोनों देशों के बीच तनाव लंबा चला तो तेल का बढ़ेगा संकट

*अमेरिका के हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध फिर से फैलने के साथ-साथ तेल और गैस की कीमतों में उछाल आने का खतरा पैदा हो गया है। होर्मुज बंद होने से दुनिया के बड़े हिस्से में खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति रुक जाती है। भारत भी इससे सीधेतौर पर प्रभावित होता रहा है। ऐसे में भारत में तेल-गैस संकट बढ़ सकता है।*

### होर्मुज से गुजर रहे जहाजः यूएस सेना

ईरान ने होर्मुज बंद करने का ऐलान किया है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी सेना का कहना है कि कमर्शियल जहाज होर्मुज जल डमरू मध्य से गुजरना जारी रखे हुए हैं। अमेरिकी सेना ने एक्स पर कहा कि होर्मुज से जहाजों का आना-जाना जारी है। अमेरिका और ईरान के कड़े रुख से पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और सीजफायर टूटने का अंदेशा बढ़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण समुद्री चोक पॉइंट है। इससे दुनियाभर के कच्चे तेल का करीब 20 फीसदी और एलएनजी का एक तिहाई हिस्सा गुजरता है। इसके चलते होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावट का सीधा असर तेल और गैस के दाम पर पड़ता है।



एआई इमेज

## हिंद महासागर में मिला 53 लाख साल पुराना व्हेल का कब्रिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे बड़े व्हेल कब्रिस्तान की खोज की है। एक शोध के अनुसार, चीनी वैज्ञानिकों ने फेंडोजे पनडुब्बी की मदद से समुद्र की सतह से करीब 7 किलोमीटर नीचे इस ऐतिहासिक कामयाबी को अंजाम दिया है।

इस क्षेत्र में मौजूद कुछ जीवाश्म लगभग 53 लाख साल पुराने बताए जा रहे हैं। यह विशाल कब्रिस्तान ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम में हिंद महासागर के डायमेंटीना जोन में करीब 1,200 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। वैज्ञानिकों ने रोबोटिक आर्म्स के जरिए यहाँ से व्हेल के करीब 500 कंकालों के नमूने इकट्ठे किए हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस पूरे इलाके में 1 करोड़ से अधिक व्हेल मछलियों के कंकाल दफन हो सकते हैं।







### मणिपुर में 6 शव मिलने से मचा हड़कंप

**मणिपुर।** मणिपुर में फिर एक बार चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है। 13 मई से लापता छह नागा पुरुषों के शवों को कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार तड़के इंफाल के जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की मोर्चरी में लाया गया। इन छह शवों के आने के साथ ही विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया। जिसके चलते लियांगमाई तापहौ इलाके में नागा पीपल्स फ्रंट के मणिपुर हेडक्वार्टर में आग लगा दी और हिंसा भड़क गई।

### एडवाइजरी काउंसिल की घोषणा

**नई दिल्ली।** आईटी इंडस्ट्री की प्रमुख संस्था नैसकॉम ने ब्रिटेन टेक्नोलॉजी एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) के गठन की घोषणा की है, जो ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के लिए एक रणनीतिक उद्योग सलाहकार निकाय के रूप में काम करेगी और भारत-ब्रिटेन तकनीकी साझेदारी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सुझाव देगी। यह घोषणा गुरुवार को की गई।इस पहल का उद्देश्य सरकारों के नेतृत्व वाले तकनीकी सुरक्षा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना, सीमा-पार व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करना, प्रतिभा विकास को मजबूत करना तथा कारोबार करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

### सुरक्षा बलों की फायरिंग में 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके से फिर हिंसा की खबरें आई हैं। जानकारी के मुताबिक, रावलकोट में पाकिस्तानी सेना के रेंजर्स ने गुरुवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां बरसाई हैं। ये प्रदर्शनकारी ईदगाह मैदान में जमा हुए थे और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में अब तक 16 लोगों की मौत की खबर है।

35 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं. मौतों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह विरोध-प्रदर्शन ऐसे समय में हुए, जब पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में राजनीतिक प्रतिनिधित्व और चुनावी व्यवस्था को लेकर भारी असंतोष देखा जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### पूर्व मंत्री जयवर्धन ने की मदद, घायल को लेकर पहुंचे अस्पताल



**भोपाल।** कांग्रेस विधायक विपिन जैन सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा शहर के 74 बंगला क्षेत्र में हुआ। विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय के लिए रवाना हुए थे। दुर्घटना में विधायक के साथ उनके पीएसओ को भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय जाने के लिए निकले थे, तभी एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसा हो गया। पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने घायल विपिन जैन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में खुद मौजूद रहकर उन्होंने विपिन जैन का इलाज कराया।

### एफपीपीएएस में 3.91 प्रतिशत की कटौती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के डेढ़ करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मामूली राहत मिलने जा रही है। मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) में 3.91 प्रतिशत की कमी करने का फैसला लिया है। नई दरों का लाभ 24 मई के बाद जारी होने वाले बिजली बिलों में मिलेगा। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 24 मई से 24 जून 2026 की अवधि के लिए नई दरें लागू की गई हैं।

### 5.39 करोड़ हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न आवंटित

**भोपाल।** मप्र में दिसम्बर 2023 से लेकर अभी तक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रुपए का 74.31 लाख मीट्रिक टन निः शुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित राशन सामग्री के परिवहन करने वाले 896 परिवहनकर्ताओं एवं 27,872 दुकानों के कमीशन देयकों का प्रतिमाह लगभग 40 करोड़ रुपए का भुगतान ऑनलाईन किया जा रहा है।

### वन कर्मचारियों को दिया जाए उच्च स्तर का प्रभार

**भोपाल।** मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग के कार्यपालिका वन कर्मचारियों को कार्यवाहक प्रभाव देने की मांग की है। मंच के प्राताध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों को न्यायालय आदेश होने के बावजूद भी उच्च स्तर एवं कार्यवाहक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। इस कारण वन कर्मचारी में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। कर्मचारी मंच की मांग है कि वन विभाग में वन कर्मचारियों को उच्च स्तर का कार्यवाहक प्रभार तत्काल देने के वन विभाग शासन से आदेश प्रसारित किए जाएं।

## नटराजन का नामांकन खारिज होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधा कांग्रेस पर निशाना

# आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का जानबूझकर किया गया षड्यंत्र

**कांग्रेस ने हार से बचने के लिए अपने प्रत्याशी के शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मप्र से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने राज्यसभा में हार से बचने के लिए जानबूझकर अपने प्रत्याशी के नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी। राज्यसभा की रिक्त हो रही उस सीट पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की नजर थी। 10-10 चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन दाखिल कराने में शामिल थे। आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा किया गया जानबूझकर षड्यंत्र है। कांग्रेस को अपने विधायकों पर भी भरोसा नहीं था, इसलिए विशेष विमान से उन्हें दूसरे प्रदेश में ले जा रहे थे। नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ चुकी है।


डॉ. मोहन यादव

**कांग्रेस को आत्मंथन की जरूरत**

डॉ. मोहन ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट के साथ प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है, तब भी इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान छोड़ दिए थे। कांग्रेस को अपने अंदर झांककर देखने और आत्ममंथन की जरूरत है। कांग्रेस को प्रत्याशी चयन से पहले उसके आपराधिक प्रकरण, आपराधिक पृष्ठभूमि की पड़ताल कर लेना चाहिए था। बता दें कि भाजपा ने मल्लाह, माझी समाज से आने वाले कार्यकर्ता महेश केवट को राज्यसभा जाने का मौका दिया है।

### कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं: खंडेलवाल


हेमंत खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं। कांग्रेस के आधे विधायक भी उनके साथ विमान से नहीं जा रहे थे तो यह कांग्रेस पार्टी की गलती है। कांग्रेस ने नामांकन-पत्र में गलत जानकारी दी, यह कांग्रेस पार्टी और उनकी प्रत्याशी की गलती है या जानबूझकर अपराध को छिपाया गया, यह कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी ने जिस प्रकार से आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाई है, उस तरह की जानकारी छिपाने पर दो साल से अधिक की सजा का प्रावधान है। कांग्रेस प्रत्याशी शपथ-पत्र में पूरी जानकारी नहीं दे रहीं हैं, इसकी वजह से नामांकन-पत्र निरस्त हुआ है।

### धमकी और गाली-गलौज में बदला कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन : शर्मा


रामेश्वर शर्मा

रामेश्वर ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन पर दी तीखी प्रतिक्रिया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित धरना-प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन धमकी व गाली-गलौज में बदल गया। जिस प्रकार की ओछी भाषा का प्रयोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन में किया गया, इससे परिलक्षित होता है कि कांग्रेस क्या करना चाहती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की प्रति लेकर कांग्रेस नेता धरना-प्रदर्शन में जिस तरह से गुंडागर्दी, बदतमीजी और ओछी भाषा का प्रयोग कर कर रहे हैं, यह संविधान का भी अपमान है।

## सीएम हेल्पलाइन में पेंडिंग शिकायतों पर निगम आयुक्त का कड़ा रुख

# योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त उपायुक्त व अधीक्षक को नोटिस

***उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने, जोन-19 के जोनल अधिकारी के विरूद्ध विभागीय जांच एवं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर सख्त रूख अपनाते हुए शिकायतों का निराकरण न करने पर योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त, उपायुक्त तथा उद्यान शाखा की सहायक उद्यान अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जबकि उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने व जोन-19 के जोनल अधिकारी को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने यह निर्देश बुधवार को निगम मुख्यालय में समय सीमा प्रकरणों एवं निगम कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। जैन ने उद्यान विभाग से संबंधित शिकायतों को बिना स्थल निरीक्षण व सत्यापन किए निराकृत दर्शाने पर उद्यान विभाग की सहायक उद्यान अधीक्षक ममता ब्रह्मे को नोटिस जारी करने एवं जोनल अधिकारी जोन-19 को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने, उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**आदमपुर छावनी प्रोसेसिंग प्लांट पहुचाएं सामग्री**

निगम आयुक्त जैन ने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत नाला-नालियों की सफाई का कार्य तेज गति से पूरा करने और सफाई के दौरान निकले गाद, मिट्टी, मलमे आदि को उठवाने तथा नाला सफाई कार्य की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग स्वच्छता के लिए नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी द्वारा करने, सीएंडडी वेस्ट आदमपुर छावनी स्थित प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाने के निर्देश दिए।

**निगम मुख्यालय में बैठक**

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को आसान तरीके से पहुंचाएं: आयुक्त


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं निगम आयुक्त संस्कृति जैन।

नगर निगम के मुख्यालय अटल भवन में बुधवार को निगम आयुक्त ने 12, 15 और 16 जून 2026 को लगने वाले जनकल्याणकारी शिविरों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इन शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुलभ तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजनों का प्रचार-प्रसार करने व शिविरों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के विधायकों को सूचना देने, शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने और आवेदनों को निर्धारित प्रारूप में प्राप्तकर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपलोड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

### मप्र में बस किराया बढ़ाने की तैयारी अगले सप्ताह होगी अहम बैठक

**भोपाल।** मप्र में सार्वजनिक यात्री बसों का किराया बढ़ सकता है। करीब पांच वर्ष बाद बस किराए में संशोधन की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में अगले सप्ताह किराया निर्धारण समिति की बैठक मंत्रालय में होने जा रही है, जिसमें किराया वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार हुई बढ़ोतरी के बाद बस संचालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। बस संचालकों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण वर्तमान किराया व्यवस्था में संचालन करना कठिन होता जा रहा है। प्रारंभिक चर्चाओं के अनुसार बस किराए में लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव विचाराधीन है। वर्तमान व्यवस्था में पहले किमी के लिए न्यूनतम किराया सात रुपए निर्धारित है।

**कैबिनेट मंत्री सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद**

## कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का मंत्री सिंह ने किया समाधान


मंत्री सिंह ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निराकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

**संभाग कमिश्नर ने की राजस्व केसों की समीक्षा**

## एक माह में खत्म होगी नामांतरण सीमांकन और बंटवारे की पेंडेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



तहसील दफ्तरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारे और अन्य राजस्व से जुड़े केसों की पेंडेंसी को एक महीने में खत्म किया जाए, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। जिसके लिए अफसरों को रोजाना सुनवाई करना पड़े तो की जाए।

यह बात बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने जिला कलेक्टर्स से कही।उन्होंने हिदायत देते हुए अफसरों से कहा कि लोकसेवा गारंटी के कामों को भी टाइम लिमिट में निपटाया जाए।

## देरी से चल रहे प्रोजेक्ट पर हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष नाराज, कहा- इसकी जिम्मेदारी तय की जाए

***गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे किए जाएं हाउसिंग बोर्ड के रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट: ओम जैन***

***हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की***


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। तीन घंटे चली मैराथन बैठक में अध्यक्ष ओम जैन और बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने सभी प्रोजेक्ट पर बारीकी से बात की। बैठक के दौरान कई प्रोजेक्ट की देरी पर उन्होंने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिडेंसिफिकेशन योजना के अंतर्गत सभी कामों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विलंब से चल रही योजनाओं पर नाराजगी व्यक्त की।

**विलंब से चल रही योजनाओं की रिपोर्ट बनाई जाएगी**

जैन ने कहा कि विलंब से चल रही योजनाओं की एक रिपोर्ट बनाई जाए और जिम्मेदारी तय हो। कमिश्नर गौतम सिंह ने निर्देश दिए कि जहां देरी हुई है वहां अनुबंध के अनुसार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। गौतम सिंह ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक में मंडल आयुक्त गौतम सिंह, अपर आयुक्त महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

**स्मार्ट मीटर का झटका: 500 का बिल पहुंचा ढाई हजार**

## बिजली बिलों की 50 हजार से अधिक शिकायतें, समाधान 10 फीसदी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश भर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता भारी-भरकम और बढ़े हुए बिजली बिलों से त्रस्त हैं। रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर जैसे बड़े शहरों से बिजली बिलों में असमान्य वृद्धि की 50 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं।

शिकायतों की तुलना में समाधान की रफ्तार 10 प्रतिशत भी नहीं है। जहां एक तरफ उपभोक्ता इस बढ़ी हुई राशि से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारी बढ़ती गर्मी और बिजली खपत का हवाला देकर इस असामान्य वृद्धि को सही ठहरा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष गहराता जा रहा है। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि जिन घरों का मासिक बिजली बिल पहले 400 से 500 रुपए के बीच आता था, उन्हें अब सीधे 2,000 से 2,500 रुपए तक के बिल थमाए जा रहे हैं। इसी तरह स्मार्ट मीटर को लेकर भी बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिल तीन से चार गुना तक बढ़ गया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के बावजूद बिलों में यह बेतहाशा बढ़ोतरी समझ से परे है। उपभोक्ता अब इस मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

**दो से अधिक संतान के नियम को किया समाप्त**

## मप्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय पर डॉ. यादव का आभार: मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र शासन की कैबिनेट द्वारा शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों से संबंधित 'दो से अधिक संतान' नियम को समाप्त किए जाने के निर्णय का कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग ने स्वागत किया है।

मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्य मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय कर्मचारी एवं अधिकारी हित में एक मानवीय एवं न्यायसंगत कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 के बाद लागू किए गए उस नियम के कारण अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी मानसिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना कर रहे थे, जिसमें दो से अधिक संतान होने पर शासकीय सेवा से पृथक करने अथवा शासकीय नौकरी के लिए अपात्र घोषित करने का प्रावधान था।

**कुथरेल स्थित दो गोदामों में पुलिस ने 11 आरोपियों को हिरासत में लिया**

## वॉशिंग पाउडर की आड़ में बना रहे थे गुटखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



जिले के पाटन ब्लॉक पाटन पुलिस ने छापा मारा। पुलिस के मुताबिक गोदाम में सितार नाम से अवैध रूप से गुटखा तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन मशीनें,बड़ी मात्रा में कच्चा माल,निर्माण से संबंधित सामग्रियां बरामद की हैं। पुलिस ने पूछताछ के लिए 11 लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद प्रकरण में आगे कार्रवाई की जाएगी। कुथरेल स्थित जिस गोदाम में पुलिस ने छापा मारा है, वहां अवैध गतिविधियां संचालित होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उक्त गोदाम में छापा मारा। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि गोदाम असलम नामक व्यक्ति का है, जिसे विरेन्द्र तिवारी ने वॉशिंग पाउडर बनाने के नाम पर लिया है। लेकिन पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां वॉशिंग पाउडर के बदले जर्दायुक्त गुटखा तैयार किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक एक गोदाम से दो और दूसरे गोदाम से एक मशीन जब्त की गई है। मौके से बड़ी संख्या में गुटखा बनाने का सामान और पैकिंग सामग्री भी बरामद की गई है। एसडीओ ने बताया कि यहां सितार नाम से गुटखा तैयार किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री करीब 10-15 दिन पहले ही चालू हुई है। पुलिस के मुताबिक यहां तैयार गुटखा कुछ मात्रा में बाजार में भी बेचा जा चुका है। एसडीओपी अनूप लड़का ने बताया कि फिलहाल पूछताछ के लिए 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों के नाम का खुलासा अभी नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद वस्तु स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।

### जमीन से निकला 'हंडा' बताकर लोगों को बेच दिया नकली सोना

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने शातिर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को जमीन से सोने का हंडा मिलने की मनगढ़ंत कहानी सुनाकर जाल में फंसाता था और कौड़ियों के भाव की पीली धातु को असली सोना बताकर लाखों रुपए ऐंठ लेता था। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल मामले में गिरोह के पांच मुख्य किरदारों को धरदबोचा है। यह पूरा खेल तब शुरू हुआ जब बोरसी निवासी जितेंद्र साहू ने उतई थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गिरोह का मास्टरमाइंड पन्नालाल कुर्रे और उसके साथी बेहद शातिर अंदाज में शिकार ढूंढते थे। पकड़े गए आरोपियों में दिनेश कुमार टंडन (50, गाड़ाडीह), पन्नालाल कुर्रे (42, कोरबा), गणेशराम गंधर्व (56, कबीरधाम), रामस्वरूप रौतेल (30, डिंडोरी, मध्य प्रदेश) और भानुप्रताप डहरिया (40, पाटन) शामिल हैं।

**लोक निर्माण मंत्री सिंह ने दिए कार्रवाई के आदेश**

**जिलों में रेंडम आधार पर 35 निर्माण कार्यों का किया था निरीक्षण**

## घटिया काम पर 8 ठेकेदार ब्लैकलिस्ट 29 प्रोजेक्ट में सुधार के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लोक निर्माण विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर हुए औचक निरीक्षण में घटिया काम करने वाली 8 निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। साथ ही 29 निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग के मुख्य अभियंताओं के 7 विशेष निरीक्षण दलों ने रायसेन, सिवनी, दतिया, बड़वानी, शहडोल, रतलाम और पन्ना जिलों में रैंडम आधार पर 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके दोनों तरह के काम शामिल थे। गुणवत्ता, प्रगति, तकनीकी मानकों और रखरखाव की स्थिति जांची गई।



**कौन-कौन हुआ ब्लैकलिस्ट**

- **शहडोल:** मेसर्स आशीष गुप्ता को मुख्य अभियंता रीवा परिक्षेत्र ने काली सूची में डाला।
- **पन्ना:** असंतोषजनक गुणवत्ता पर मेसर्स आर.के. ट्रेडर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, पन्ना ब्लैकलिस्ट।
- **छतरपुर:** करिया से महोदकला सड़क निर्माण में गंभीर कमी पर मेसर्स कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी पर कार्रवाई। संबंधित उपयंत्री को नोटिस।
- **पन्ना:** मेसर्स आर.एस. इन्फ्रा, सतना के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग के निर्देश।
- **रायसेन:** मेसर्स जगदीप सिंह एंड कंपनी, उत्तर प्रदेश; मेसर्स चौधरी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, भोपाल और मेसर्स शशि कंस्ट्रक्शन कंपनी, मुरैना को कालीसूची में दर्ज करने आदेश।
- **सिवनी:** धनोरा के गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल के निर्माण में अनियमितता पर मेसर्स बी.आर. गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इंदौर ब्लैकलिस्ट।

**कंसल्टेंट और अफसरों पर भी गिरी गाज**

सिवनी जिले के धनोरा स्कूल प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताओं पर वर्तमान व तत्कालीन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े कंसल्टेंट आईक्यूटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री राकेश सिंह ने साफ किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। दोषी एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

स्लॉटर हाउस सील किए जाने के मामले में हाईकोर्ट के निर्देश

# भोपाल निगमायुक्त 15 दिन में आवेदन पर विचार कर निर्णय लें

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल मिश्रा की अवकाश कालीन एकलपीठ ने भोपाल नगर निगम द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर जिन्सी इलाके में संचालित आधुनिक स्लॉटर हाउस को सील किए जाने के मामले में निगमायुक्त, भोपाल को याचिकाकर्ता के आवेदन पर 15 दिनों के भीतर विचार कर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई स्लॉटर हाउस को गौमांस मिलने के बाद प्रशासन द्वारा सील किया था। अपने आदेश में न्यायालय ने यह भी कहा है कि निगमायुक्त निर्णय लेते समय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों पर भी गौर करें।लाइव स्टॉक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर असलम कुरैशी की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि भोपाल में पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित आधुनिक स्लॉटर हाउस में नगर निगम स्वयं साझेदार था, लेकिन निगम ने 24 जनवरी 2026 को अचानक परिसर में तालाबंदी कर पूरे प्रोजेक्ट को बंद कर दिया। इससे पहले दिसंबर 2025 में पुलिस मुख्यालय भोपाल के पास एक ट्रक से 26 टन गौमांस बरामद हुआ था, जो इसी स्लॉटर हाउस का था। प्रशासन ने स्लॉटर हाउस को सील करके उसका संचालन करने वाले ठेकेदार असलम कुरैशी उर्फ़ असलम चमड़ा और उनके सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया था। याचिका में आरोपित था कि नगर निगम ने उक्त कार्रवाई के दौरान कन्सेशन एग्रीमेंट (रियायत समझौते) की शर्तों की अनदेखी की। उक्त समझौते में किसी भी डिफॉल्ट या अनुबंध उल्लंघन की स्थिति में नोटिस, सुनवाई और टर्मिनेशन की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित थी, लेकिन निगम ने इन प्रक्रियाओं का पालन किए बिना प्लांट को सील कर दिया। याचिका में कहा गया कि इस कार्रवाई से न केवल



कंपनी का वैध व्यवसाय ठप हो गया, बल्कि प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों के सामने भी रोजगार का संकट खड़ा हो गया। साथ ही कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इस संबंध में नगर निगम को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। लिहाजा उच्च न्यायालय की शरण ली गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पीयूष तिवारी, राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली तथा भोपाल नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एस.एम. गुरु ने पक्ष रखा। सभी पक्षों को सुनने के बाद अवकाशकालीन पीठ ने मामले का निराकरण करते हुए निगमायुक्त, भोपाल को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता के आवेदन पर 15 दिनों के भीतर विधिसम्मत निर्णय लिया जाए तथा निर्णय लेते समय एनजीटी के प्रासंगिक दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखा जाए।

## जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर सतीश सनपाल की अग्रिम जमानत निरस्त

जबलपुर, । अपर सत्र न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत ने धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र के मामले में आरोपित सतीश सनपाल को मिली अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है। अदालत ने माना कि आरोपित ने जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया और विवेचना में सहयोग करने के लिए बार-बार बुलाए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुआ।

अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि थाना लार्डगंज में दर्ज अपराध क्रमांक 356/2022 में आरोपित के विरुद्ध धारा 420, 467 एवं 120-बी भादवि के तहत जांच चल रही है। आरोपित को 21 जनवरी, 2026 को अग्रिम जमानत प्रदान की गई थी। बाद में पुलिस ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आरोपित को 13, 17 और 22 मार्च, 2026 को जांच में शामिल होने के नोटिस भेजे गए, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। आरोपित ने बीमारी और दुबई में होने का हवाला दिया, किंतु न्यायालय ने उपलब्ध दस्तावेजों को पर्याप्त नहीं माना।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपित ने स्पष्ट रूप से जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। इस आधार पर 21 जनवरी, 2026 को पारित अग्रिम जमानत आदेश को निरस्त करते हुए संबंधित अभिलेखों में आदेश की प्रति भेजने तथा आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत बरगी विधानसभा के दर्जनभर गांवों का किया दौरा

## सांसद आशीष दुबे ने ग्राम चौपालों में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**हरिभूमि, जबलपुर।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने बरगी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। अभियान के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याएं और सुझाव भी सुने। शहपुरा मंडल अंतर्गत आयोजित इस अभियान में सांसद ने घुंसौर, कनवास, डोभी (सुरई), बरगी (महंगवां), नटवारा, फुलर, भीटा, नीमखेड़ा (कुसमी), बिलपठार, रमखिरिया, मालकछार एवं भमकी सहित विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से आत्मीय चर्चा की। इस दौरान उनके साथ बरगी विधायक नीरज सिंह भी मौजूद रहे। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। चौपालों में ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभों का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त किया। इस दौरान विकसित भारत-2047 के संकल्प पर भी चर्चा हुई और ग्रामीणों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।अभियान के दौरान डोभी (सुरई) गांव में अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टिकरी निवासी दीपा लोधी का सांसद आशीष दुबे एवं विधायक नीरज सिंह ने शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में कृष्णशेखर सिंह, संदीप शुक्ला, अखिलेश नामदेव, आशीष पटेल, रुपेश पटेल, अल्का गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

दो दिल की सर्जरी, एक नई जिंदगी

# आयुष्मान योजना से 8 माह की शिवांशी को मिला जीवनदान

**हरिभूमि,जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 8 माह की बालिका शिवांशी यादव को नया जीवन मिला है। गंभीर हृदय बीमारी से जूझ रही शिवांशी का मुंबई के नारायणा हृदयालय में दो चरणों में सफल एवं निःशुल्क उपचार कराया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के अनुसार मझौली क्षेत्र के तिलगवां निवासी कौशल किशोर यादव की पुत्री शिवांशी जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। बालिका की पहली हृदय सर्जरी 4 फरवरी 2026 को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुंबई स्थित नारायणा हृदयालय में निःशुल्क कराई गई थी। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दूसरी सर्जरी की आवश्यकता होने पर परिजनों ने पुनः आवेदन किया।



इसके बाद डीईआईएम सुभाष शुक्ला की अनुशंसा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में आरबीएसके टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को दोबारा मुंबई रेफर किया। जिला नोडल अधिकारी (आरबीएसके) डॉ. अमजद खान एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के प्रयासों से 5 जून 2026 को बालिका की दूसरी हृदय सर्जरी भी आयुष्मान भारत योजना के तहत सफलतापूर्वक और पूर्णतः निःशुल्क संपन्न हुई।दो सफल सर्जरी के बाद शिवांशी के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उसे स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद मिली है। सफल उपचार के बाद परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आरबीएसके टीम तथा नारायणा हृदयालय मुंबई के चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पावर जनरेटिंग कंपनी में 61 संयंत्र सहायक प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने व युवा एवं दक्ष प्रशिक्षुओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में भर्ती प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में कंपनी द्वारा दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत कुल 61 चयनित संयंत्र सहायक पद पर प्रशिक्षु के रूप में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी किए गए हैं। नियुक्ति पत्र कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के करियर अनुभाग में अपलोड कर दिए गए हैं। नियुक्ति पत्र के साथ दिशा निर्देश जारी-कंपनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत श्रेणी-3 के संयंत्र सहायक प्रशिक्षु पदों हेतु कुल 61 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। इनमें संयंत्र सहायक प्रशिक्षु (मैकेनिकल-36) एवं संयंत्र सहायक प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल-25) पदों के चयनित अभ्यर्थियों को उनके आवंटित पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। कंपनी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रशिक्षु के रूप में की गई है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने सभी नवनियुक्त प्रशिक्षु कार्मिकों को बधाई देते हुए(

# खरीफ फसलों की तैयारी को लेकर कृषक–वैज्ञानिक में हुई परिचर्चा

### किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी गई

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं कृषि विस्तार सेवाओं के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, जबलपुर में खरीफ मौसम की बुवाई से पूर्व तैयारी हेतु "कृषक–वैज्ञानिक परिचर्चा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, पोषक तत्व प्रबंधन तथा प्राकृतिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना की सहायक संचालक श्रीमती नविता उरकुडे ने स्वागत भाषण देते हुए इसे किसानों के लिए उपयोगी पहल बताया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने श्रीअन्न के




उत्पादन और प्रसंस्करण पर विशेष बल दिया। तकनीकी सत्र में वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह ने पोषक तत्व प्रबंधन एवं डीएपी के वैकल्पिक स्रोतों की जानकारी दी। वहीं डॉ. डी.के. सिंह ने एफपीओ के माध्यम से उद्यमिता विकास पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रमोद गुप्ता ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों में प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाया। डॉ. नीलू विश्वकर्मा ने मिलेट के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण पर चर्चा की, जबकि डॉ. अक्षता तोमर ने प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांत बताए। डॉ. ऋचा सिंह ने खरीफ फसलों की बेहतर योजना एवं प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 50 से अधिक किसानों एवं कृषि सखियों ने भाग लेकर वैज्ञानिकों से संवाद किया और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर।** जिले के सिहोरा थानांतर्गत शनि मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटर साइकिल पर सवार 30 वर्षीय सत्येंद्र चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे सवार 27 वर्षीय लक्ष्मण चौधरी को गंभीर चोटें पहुंचीं। सूचना मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा तथा घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया तथा मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पान उमरिया निवासी 30 वर्षीय सत्येंद्र चौधरी तथा 27 वर्षीय लक्ष्मण चौधरी अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी निजी कार्य के लिए सिहोरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शनि मंदिर के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरे और सत्येंद्र ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल लक्ष्मण चौधरी को अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कaर उसकी तलाश आरंभ कर दी है।

## सड़कों पर लगी दुकानें हटाई गंदगी पर किए चालान

**जबलपुर।** नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने गुरुवार की सुबह अधिकारियों सहित शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सफाई व्यवस्था को और अधिक सुधारने के लिए दीनदयाल चौक से लेकर पाटन बायपास तक के मुख्य मार्ग का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि आर.टी.ओ. चुंगी के पास मुख्य मार्ग पर व्यापारियों द्वारा दुकानें लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था , साथ ही गंदगी भी फैलाई जा रही थी।

# कुख्यात गैंग सरगना छोटू चौबे गिरफ्तार, एनएसए के तहत भी हुई कार्रवाई

### 31 संगीन मामलों का आरोपी पिस्टल और कारतूस के साथ दबोचा गया, जिला दंडाधिकारी ने जारी किया राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम का वारंट

**हरिभूमि, जबलपुर।** शहर में संगठित अपराध और बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जबलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अवैध वसूली, बलवा और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त कुख्यात बदमाश एवं संगठित अपराधों के सरगना छोटू चौबे उर्फ सुयश चौबे को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इतना ही नहीं, उसकी लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।

#### मुखबिर की सूचना पर किराए के मकान में दबिश

मदन महल टीआई धीरज राज के अनुसार 10 जून को क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी सुयश उर्फ छोटू चौबे मदन महल क्षेत्र के स्नेहनगर स्थित एक किराए के मकान में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी घमापुर एसआई दिनेश गौतम के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच और मदनमहल पुलिस की संयुक्त टीम ने मकान पर दबिश दी। पुलिस को मौके पर सुयश चौबे मिला। पूछताछ के दौरान उसने कमरे में रखी टेबल के ड्रॉअर में हथियार छिपाकर रखने की जानकारी दी। तलाशी लेने पर पुलिस को एक पिस्टल और उसकी मैगजीन में लोड छह जिंदा कारतूस मिले। इसके अलावा आरोपी के पास से एक आईफोन और





एक अन्य मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 221/2026 के तहत धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

#### 31 संगीन अपराधों का इतिहास, बना आतंक का पर्याय

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार छोटू चौबे उर्फ सुयश चौबे के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, बलवा, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ सहित 31 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि उसकी आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में लंबे समय से भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। स्थिति यह थी कि कई लोग उसके खिलाफ सूचना देने या शिकायत दर्ज कराने से भी डरते थे। पुलिस द्वारा समय-समय पर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, लेकिन उसके व्यवहार और गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आया। लगातार अपराधों में संलिप्त रहने और सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा बनने के कारण उसके खिलाफ कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

#### पुलिस कप्तान के प्रतिवेदन पर एनएसए की कार्रवाई

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि और समाज पर उसके प्रभाव को देखते हुए उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को भेजा था। एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह और सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव के मार्गदर्शन में एनएसए का विस्तृत प्रकरण तैयार कर जिला दंडाधिकारी राघवेन्द्र सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का परीक्षण करने के बाद जिला दंडाधिकारी ने आरोपी के विरुद्ध एनएसए के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए उसे केंद्रीय जेल जबलपुर में निरुद्ध किए जाने के आदेश दिए। इसके बाद मदनमहल पुलिस ने आरोपी को एनएसए वारंट में भी विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

#### संयुक्त टीम की रही अहम भूमिका

शातिर बदमाश आरोपी छोटू चौबे को गिरफ्तार करने में टीआई शैलेष मिश्रा, घमापुर एसआई दिनेश गौतम के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच के एएसआई अनिल पाण्डेय आरक्षक सतीष दुबे, प्रदीप टेकाम, राजेश मिश्रा, राजेश मात्रे तथा थाना मदनमहल के एएसआई हल्केराम भलावी प्रधान आरक्षक निर्मल सनोडिया, आरक्षक अभिषेक, महिला प्रधान आरक्षक सायवंती की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/66
दिनांक :- 10/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कांत क्लेमेंट गायकवाड़ पिता स्व. श्री चार्ल्स एन्डरूस गायकवाड, प्रियदर्शनी में गायकवाड़ एवं सामर्थ एब्राहम जोएल गायकवाड़ दोनों के पिता श्री कांत क्लेमेंट गायकवाड़ ने मकान नं. 302 पिन क्रं. 1004335692 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 1423 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र / न्याया. तहसील ओदश प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, UPENDRA RAY & MINA DEVI is legally Father & Mother of ARMY NO- 15702090K, Rank- HAV, Name- AVINASH KUMAR presently residing at Vill- BHAGWATIPUR,POST-SHEKHPUR Teh- BOCHAHAN, Distt.- MUZAPPAR PUR, State- BIHAR PIN- 842002 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूं/करती हूं कि हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में हमारा नाम एवं जन्मतिथि UPENDRA PRASAD YADAV & 01/07/1960 (father) / 01-07-1965 (Mother) दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि हमारे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में हमारा नाम एवं जन्मतिथि UPENDRA RAY & 01/01/1960 (Father) / 01-01-1960 (Mother) दर्ज है। जो कि सही है हमारे नाम को पढा व सुना एव हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 542558 दिनांक 11-06-26
नोटरी जबलपुर मप्र।
गलत नाम एवं जन्मतिथि-
Father- UPENDRA PRASAD YADAV
DOB-01-07-1960 Mother- 01-07-1965
सही नाम एंव जन्मतिथि - Father- UPENDRA RAY
DOB-01-01-1960 Mother- 01-01-1960

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS MEGHA KARNIK I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS NISHA DIGHE W/O SATISH DIGHE RESIDENT OF 975, SHAKTI NAGAR, NEAR P N B, GUPTESHWAR, JABALPUR (M. P.) 482001.

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/69
दिनांक :- 10/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक कुमार नामदेव पिता स्व. श्री फूलचंद नामदेव ने मकान नं. 85 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 585 व.फु. प्रथमतल 585 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र /खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/67
दिनांक :- 10/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कांत क्लेमेंट गायकवाड़ पिता स्व. श्री चार्ल्स एन्डरूस गायकवाड, प्रियदर्शनी में गायकवाड़ एवं सामर्थ एब्राहम जोएल गायकवाड़ दोनों के पिता - श्री कांत क्लेमेंट गायकवाड़ ने मकान नं. 303 पिन 1004428662 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 1226 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र / न्याया. तहसील ओदश प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/65
दिनांक :- 10/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि CUIDEN PROPERTIES PRIVATE LIMITED द्वारा निर्देशक - श्री कपिल देव बेदी पिता - स्व. श्री बलदेव सिंह बेदी ने मकान नं. 617 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 17752 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### टीकमगढ़: तालाब में डूबे तीन दोस्त, एक सुरक्षित

**टीकमगढ़।** अस्तोन गांव में गुरुवार को सिद्ध सागर तालाब में नहाने गए तीन नाबालिग दोस्तों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रिंस (12), दीपेश (13) और राज (13) के रूप में हुई है, जो एक ही मोहल्ले



के थे। मिट्टी खुदाई के कारण तालाब में बच्चे डूबने लगे। चौथे दोस्त देव ने तुरंत गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तीनों बच्चों के शव बाहर निकाले।

### ओंकारेश्वर: बांध की मुख्य नहर में डूबे तीन मजदूर

**खंडवा।** ओंकारेश्वर के ग्राम कोठी स्थित बांध की मुख्य नहर में डूबे तीन मजदूर युवकों के शव दूसरे



दिन गोताखोरों की मदद से बरामद कर लिए गए। मृतकों की पहचान बिहार के गोपालगंज निवासी भगवान दास (20), सुनील (20) और अनिकेत यादव के रूप में हुई है, जो क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में कार्यरत थे। हादसे के बाद से गांव और लेबर कैंप में मातम पसरा हुआ है।

#### मप्र के लिए गौरवशाली क्षण

### भोपाल के प्रसन्न सोनी का युवा सम्मान के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के कला जगत के लिए यह बेहद गौरवशाली क्षण है। देश की सर्वोच्च सांस्कृतिक संस्था, संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदेश के 5 कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें भोपाल के युवा रंगकर्मी और नाट्यलेखक प्रसन्न सोनी को वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार' के लिए चुना गया है। मूलतः सीधी के रहने वाले प्रसन्न सोनी लंबे समय से रंगमंच, अभिनय, निर्देशन और नाट्य लेखन में सक्रिय हैं। यह सम्मान 40 वर्ष तक की आयु के उत्कृष्ट युवा कलाकारों को दिया जाता है। इसके तहत 25,000 की राशि, ताम्रपत्र और अंगवस्त्र प्रदान किया जाता है।



■ प्रदेश के 5 कलाकारों को किया जाएगा सम्मानित

# भारतीय जहाजों पर निशाना, तीन युवाओं की जान लेने के बाद अमेरिका का एक और हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में हुई 3 भारतीयों की मौत, जल्द भारत पहुंचेगी पार्थिव देह**

एमटी सेटेबेलो नामक एक अन्य जहाज पर 10 जून को हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की दुखद मौत हो गई है। जिनके शवों की पहचान मुख्य अभियंता पटनाला सुरेश, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और डेक कैडेट आदित्य शर्मा के रूप में की गई है। जल्द ही अंतिम संस्कार के लिए इनकी पार्थिव देह को भारत लाया जाएगा। सेटेबेलो में कुल 28 नाविक सवार थे। जिनमें 3 की मौत हो गई है और बाकी बचे हुए 25 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। 25 में भारत के 21, रूस के 2, पाकिस्तान और यूक्रेन के क्रमशः 1,1 नाविक को सुरक्षित बचाया गया है। बताते चलें कि इन हमलों को लेकर विदेश

ओमान के तट पर अमेरिकी नौसेना द्वारा भारतीय सवार वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पश्चिमी-अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले एमटी जलवीर जहाज से जुड़ा हुआ है, जिसे अमेरिका ने गुरुवार को निशाना बनाया है। राहत की बात यह रही कि इसमें सवार 20 भारतीयों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी सुरक्षित हैं।

**अमेरिका की मौजूदगी में यूएन में जताया विरोध**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी.हरीश ने ओमान सहित खाड़ी के समूचे इलाके में भारतीय सवार जहाजों पर किए जा रहे हमलों की जोरदार अंदाज में निंदा की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमला कर नाविकों की जान को खतरे में डालना और वैश्विक व्यापार को बाधित करना भारत को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। बीते वक्त में इस क्षेत्र में हुए हमलों में कई भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं।

**यह युद्ध का समय नहीं: जयशंकर**

- विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने की हमलों की कड़ी निंदा, बोले-बातचीत से होगा समस्याओं का समाधान
- यूएन में गूंजा मामला, पी.हरीश बोले-ओमान सहित खाड़ी क्षेत्र में भारतीय सवार जहाजों को निशाना बनाना अस्वीकार्य



**अमेरिकी राजदूत को किया तलब**

भारत ने इस मामले पर अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि जहाजों पर हो रहे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में भारतीय नाविकों से जुड़े कई गंभीर घटनाक्रम सामने आए हैं। भारत अपने नाविक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है इसलिए स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

**18 हजार से ज्यादा भारतीय नाविक**

बंदरगाह, पोत-परिवहन मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा, संघर्ष के बीच खाड़ी में भारत के कुल 13 जहाज हैं। पिछले 72 घंटों में हम 31 नाविकों को सुरक्षित बचाकर देश वापस लेकर आए हैं। अकेले गल्फ रीजन की बात करें तो वहां भारत के कुल करीब 18 हजार से अधिक नाविक हैं। भारतीय जहाजों पर सवार नाविकों की संख्या 562 है। जिनमें 329 फारस की खाड़ी के पश्चिम में और 233 ओमान की खाड़ी के पूर्व में हैं। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में भारत के नाविकों की संख्या 3.2 लाख है।

### 'शाह कुछ भी कर लें, नहीं मिलेगा दो-तिहाई बहुमत'

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस में बगावत की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह कुछ भी कर लें, लेकिन लोकसभा में सत्तापक्ष दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सकता, जो महिला आरक्षण एवं परिसीमन संबधी संवैधानिक संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रमेश ने कहा, 'गृह मंत्री कुछ भी कर लें, इस लोकसभा में उन्हें दो तिहाई बहुमत नहीं मिलेगा। मै समझता हूं कि राज्यसभा में भी दो तिहाई बहुमत नहीं मिलेगा।' उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधन विधेयक को बीते बजट सत्र में पारित करने से रोकने में सफल हुई विपक्षी एकजुटता का हवाला दिया और दावा किया कि उस समय में अमित शाह के 'अहंकार' को पराजित किया गया था।



### नेतन्याहू फिर लड़ेंगे पीएम पद के लिए चुनाव

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अगला चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उनकी पार्टी लिकुड ने इसकी घोषणा की। लिकुड पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू फिर चुनाव लड़ेंगे और ईश्वर की इच्छा हुई तो वे जीतेंगे भी। इससे पहले अटकलें लग रही थीं कि वे अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। इजराइल में अभी चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है, लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार चुनाव अक्टूबर तक कराना होगा। यह इजराइल का पहला राष्ट्रीय चुनाव होगा, जो 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास हमले के बाद कराया जाएगा।

#### राम मंदिर चंदा विवाद, आरोप के बाद तेज हुई सियासत

## बृजभूषण बोले- बड़े लोग शामिल कटियार भी मैदान में उतरे



बृजभूषण शरण सिंह



विनय कटियार



चंपत राय

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का दान विवाद लगातार गहराया हुआ है। इस मामले को सबसे पहले समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में मंदिर से करोड़ रुपए का चढ़ावा गायब होने का दावा किया। इसके बाद आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने भी दान पात्रों की गिनती और चढ़ावे में बड़ी धांधली का आरोप लगाया। इन दावों ने सियासी भूचाल ला दिया है। भगवान राम के धाम के दान पात्र से चढ़ावे की राशि गायब होने के दावों के बाद उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है। इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह से लेकर विनय कटियार तक की एंट्री हो गई है। कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद और सीनियर नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अगर वह इस मामले की पूरी सच्चाई सामने रखेंगे, तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वह विवादों में घिर जाएंगे। उन्होंने कहा कि मामले में बहुत ताकतवर लोग शामिल हैं।

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने साधा राय पर निशाना**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने चंदा विवाद पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया है कि जब चोर को ही रखवाला बना दिया जाएगा, तो ऐसी घटनाओं की उम्मीद ही की जा सकती है। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के महासचिव का नाम लिए बिना 'चंपत' शब्द का अर्थ 'लेकर भाग जाना' बताया। साथ ही, भूमि घोटाले का भी जिक्र किया।

## फिर सुलगा मणिपुर, कई घर फूंके, हिंसा में दो की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव में गुरुवार सुबह संदिग्ध मिलिटेंट्स ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मिलिटेंट्स ने सुबह करीब 4:55 बजे अंधाधुंध गोलीबारी की। साथ ही गांव के कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कया गया है। यह घटना कांगपोकपी जिले में छह नगा नागरिकों के शव मिलने के एक दिन बाद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि ये शव उन छह लोगों के हैं जो 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा हुए थे। 29 दिन बाद इनके शव मिलने से तनाव बढ़ गया है।

**एनपीएफ ने किया बंद का आह्वान**

शवों के पहुंचते ही बड़ी संख्या में परिजन, नगा समुदाय के नेता और स्थानीय लोग अस्पताल परिसर में जमा हो गए। भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। सेनापति जिले में प्रदर्शनकारियों ने नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के एक ऑफिस में आग लगा दी, जबकि कई जगहों पर ट्रकों को भी निशाना बनाया गया। यूनाइटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) ने नगा बहुल क्षेत्रों में 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। मणिपुर में 3 साल से जातीय हिंसा चल रही है। राज्य में पूरी तरह शांति नहीं है।

#### ओपन डोर ने भारत से समेटा कारोबार

## अमेरिकी कंपनी ने 250 भारतीयों को निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई अब कंपनियों के बीच तेजी से अप्लाई हो रहा है, जिसका नतीजा ये है कि कंपनियां एआई का यूज बढ़ाते ही कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रही हैं। इसी के मद्देनजर, एक अमेरिकी कंपनी ने भारत से अपना कारोबार बंद करने का फैसला किया है। इससे भारत में काम कर रहे सभी 250 कर्मचारियों की नौकरी प्रभावित हुई है।

यह अमेरिकी रियल एस्टेट टेक कंपनी ओपन डोर है, जिसने भारत स्थित अपने परिचालन को बंद करने का निर्णय लिया है, क्योंकि कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका में छोटी एआई बेस टीमों की ओर रुख कर रही है।



**ओपनडोर यह बदलाव क्यों कर रहा है?** : इस फैसले के पीछे का कारण बताते हुए नेजातियान ने कहा कि ओपनडोर ने सालों से भारत में एक बड़ी टीम बनाई है ताकि अलग-अलग सिस्टम में मैन्युअल वर्कफ़्लो को संभाला जा सके।

#### भारत दुनिया के प्रमुख वीजा कार्यक्रमों में शीर्ष स्थानों पर

## कुशल प्रतिभाओं का सबसे बड़ा निर्यातक बना हिंदुस्तान

- अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम में भारत सबसे बड़ा स्रोत देश
- ब्रिटेन के स्किल्ड वर्कर वीजा और यूरोपीय संघ के ब्लू कार्ड कार्यक्रम में भारत दूसरे स्थान पर
- 150 देशों की 40 हजार कंपनियों के आंकड़े से निकला परिणाम
- कुल आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्कफोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज फर्म डील की रिपोर्ट के अनुसार, भारत वैश्विक स्तर पर कुशल पेशेवरों की आपूर्ति में अहम भूमिका निभा रहा है और बदलते वैश्विक प्रवासन रुझानों का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है। अब कंपनियां लागत कम करने के बजाय दुर्लभ और उच्च कौशल वाली प्रतिभाओं के लिए अधिक वेतन देने को तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गोल्डन वीजा और सामान्य रोजगार वीजा दोनों श्रेणियों में सबसे आगे हैं।



एआई इमेज

**भारतीय कर्मचारियों को अधिक वेतन**

*वर्तमान में यूएई की कुल आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 38 प्रतिशत है। 150 से अधिक देशों में 40,000 से ज्यादा कंपनियों के भर्ती आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में पाया गया कि वीजा धारक कर्मचारियों को समान पदों पर काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक भर्ती का मुख्य कारण प्रतिभा की कमी है, न कि कम वेतन पर कर्मचारियों को नियुक्त करना। अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों का औसत वेतन 1.40 लाख डॉलर है, जबकि समान पदों पर अमेरिकी नागरिकों का औसत वेतन 1.30 लाख डॉलर है।*

सके बाद ब्रिटेन में 142 प्रतिशत और अमेरिका में 139 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पेशेवरों के लिए यूएई सबसे बड़ा वैश्विक गंतव्य बना हुआ है। इसके बाद सिंगापुर, ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा का स्थान है। रिपोर्ट में कहा कि इसॉफ्टवेयर विकास, एआई और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भारतीय तकनीकी प्रतिभाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग लगातार बढ़ रही है। यूरोपीय संघ से बाहर के कुशल पेशेवरों को बिना नौकरी के प्रस्ताव के जर्मनी आने की अनुमति देने वाली जर्मनी की 'अवसर कार्ड' योजना के तहत जारी किए गए कुल परमिटों में लगभग एक-तिहाई भारतीयों को मिले हैं।

#### केरल उपभोक्ता आयोग ने दिया निर्देश

## बीयर पर ₹10 ज्यादा वसूले देने होंगे 25 हजार रुपये

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

बीयर की बोतल पर 10 रुपये एक्स्ट्रा चुकाने के बदले एक शख्स को अदालत से 25,000 रुपये का मुआवजा मिला। केरल के उपभोक्ता आयोग ने केरल स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन (केएसबीसी) को एक ग्राहक को मुआवजे के रूप में 25 हजार रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने पाया कि उसने बीयर की बोतल पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से 10 रुपये अधिक वसूले थे। अध्यक्ष जॉर्ज बेबी और सदस्य निषाद थैंकप्पन की पीठ द्वारा पारित आदेश में कहा गया कि एमआरपी से अधिक शुल्क लेना अनुचित व्यापार और सेवा में कमी है। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, पथानामथिट्टा ने 3 जून के अपने आदेश में कहा, 'एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार और सेवा में कमी है। हमारे विचार में इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए पर्याप्त मुआवजा लगाया जाना चाहिए।'

**यह है मामला**

यह शिकायत एक उपभोक्ता द्वारा दर्ज कराई गई थी जिसने पथानामथिट्टा स्थित केएसबीसी से 650 मिलीलीटर बीयर की बोतल खरीदी और 180 रुपये का भुगतान किया जबकि बीयर की बोतल पर दर्ज एमआरपी 170 रुपये था। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने बिल में गड़बड़ी की ओर ध्यान दिलाया तो कर्मचारियों ने बिल में लिखी राशि का भुगतान करने पर जोर दिया और कथित तौर पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।


#### केंद्र सरकार और विस्तार की योजना बना रही है

# भारत में चीतों की संख्या 53 और शावकों की 33 तक पहुंची, प्रोजेक्ट चीता में मजबूत प्रगति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में चीतों की संख्या 53 तक पहुंच गई है, प्रोजेक्ट चीता में मजबूत प्रगति देखने को मिल रही है, केंद्र सरकार इसके और विस्तार की योजना बना रही है। भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना चीता ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है, जिसके तहत देश में चीतों की आबादी बढ़कर 53 हो गई है, जिसमें भारत में जन्मे 33 शावक भी शामिल हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बैठक में वन्यजीव पुनर्स्थापन पहल की स्थिति की समीक्षा की गई। जिसे भारत में दशकों पहले विलुप्त

- शुरुआत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों के स्थानांतरण से
- टाइगर स्टेट के रूप में मप्र की पहचान बनी



फाइल फोटो

### शुरुआत 20 चीतों से हुई थी



परियोजना की शुरुआत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों के स्थानांतरण से हुई थी और बाद में अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण सहयोग के तहत बोत्सवाना से नौ चीतों को इसमें शामिल किया गया। मंत्रालय के अनुसार, वन्यजीवों के स्थानांतरण से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद कार्यक्रम ने उत्साहजनक परिणाम दिखाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वयस्क चीतों और उनके शावकों दोनों की जीवित रहने की दर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है, और कुछ मामलों में तो उनसे बेहतर भी है। कुनो राष्ट्रीय उद्यान चीतों का प्राथमिक निवास स्थान बना हुआ है, जबकि गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य को भविष्य में विस्तार के लिए एक अतिरिक्त स्थल के रूप में तैयार किया गया है। अधिकारी परियोजना के अगले चरण के लिए बन्नी घास के मैदान और नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य का भी पता लगा रहे हैं।

**चीतों का सफल प्रजनन**

- *प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत के बाद से कूनो नेशनल पार्क में चीतों का सफल प्रजनन हुआ है*
- *ज्वाला नामक मादा चीता ने पांच शावकों को जन्म दिया*
- *इसके बाद देश में कुल चीतों की संख्या 53 हो गई*
- *इनमें से अधिकांश कूनो नेशनल पार्क में हैं*
- *जबकि कुछ को गांधी सागर क्षेत्र में बसाने की प्रक्रिया शुरू की गई है*

**भारत का टाइगर स्टेट**

*यहां कई प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व हैं, जहां पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान बाघ देखने की अच्छी संभावना रहती है।*

*घने जंगल, समृद्ध जैव विविधता और व्यवस्थित सफारी व्यवस्था इसे वन्यजीव प्रेमियों की पहली पसंद बनाते हैं।*

**इन नेशनल पार्कों में जरूर जाएं**

*टाइगर देखने के लिए बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कान्हा नेशनल पार्क, पेंच नेशनल पार्क और सतपुरा नेशनल पार्क पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। वहीं चीते देखने के लिए कूनो नेशनल पार्क सबसे चर्चित गंतव्य बन चुका है।*

#### जिनेवा में भारत की मजबूत प्रस्तुति

## शोभा करंदलाजे ने गिनाईं श्रम सुधारों की उपलब्धियां



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 114वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के श्रम सुधारों, सामाजिक सुरक्षा के विस्तार और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में हुई प्रगति को वैश्विक समुदाय के सामने प्रस्तुत किया। शोभा करंदलाजे ने कहा कि भारत ने 'अंत्योदय' के सिद्धांत के अनुरूप व्यापक श्रम सुधार लागू किए हैं।

**श्रीलंका ने दिखाई भारत के श्रम सुधारों में रुचि**

केंद्रीय मंत्री ने श्रीलंका के श्रम मंत्री अनिल जयंत फर्नांडो के साथ भी बैठक की। श्रीलंका ने भारत के श्रम सुधारों और चार नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन में गहरी रुचि दिखाई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सुधारों की रूपरेखा, कार्यान्वयन रणनीति और व्यापक हितधारक परामर्श प्रक्रिया की जानकारी साझा की। आईएलओ महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. होंगबो ने कम समय में भारत द्वारा सामाजिक सुरक्षा कवरेज में किए गए उल्लेखनीय विस्तार की सराहना की।

### एसयूवी डिवाइडर से टकराई, तीन की मौत

**अमरोहा।** यूपी में गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्राइवर को कथित तौर पर झपकी आने के कारण एक एसयूवी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान अबू बकर (40), जो वाहन चला रहा था, उसकी भाभी हिना (28) और भतीजी जुनैरा (15) के रूप में हुई है। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के आठ अन्य सदस्य घायल हो गए।

### शबरिमला घी की बिक्री मामले की होगी दोबारा जांच

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने शबरिमला में भगवान अयप्पा मंदिर के श्रद्धालुओं को बेचे जाने वाले प्रसाद 'अदिया शिष्टम घी' की बिक्री से जुड़े टीडीबी कर्मचारियों के खिलाफ धन के गबन मामले की स्वतंत्र रूप से दोबारा जांच करने का आदेश दिया है। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या इसमें भ्रष्टाचार का कोई मामला बनता है। इस मुद्दे पर एजेंसी के निष्कर्ष त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को हुए नुकसान को तवज्जो नहीं देते हैं और मामले को बंद करने की कोशिश करते हैं। उसकी राय में, यह एक ऐसा मामला है जिस पर 'बेदाग ईमानदारी, साबित काबिलियत और पर्याप्त अनुभव' वाले किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा फिर से विचार किए जाने की ज़रूरत है।



# आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 13,223 कर्मचारियों की नियुक्ति

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश के 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से आठ ने वित्त वर्ष 2025-26 में 13,223 कर्मचारियों की नियुक्ति की है, जिससे उनकी कुल कार्यबल संख्या 6.28 लाख से अधिक हो गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सबसे अधिक भर्तियां की हैं।

बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट से संकलित आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, इन आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल कर्मचारी बल 31 मार्च, 2026 को 6,28,203 रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 6,14,980 था। इन आठ बैंकों में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र शामिल हैं।

### एसबीआई में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 2,45,131 हुई

देश के सबसे बड़े बैंक का कर्मचारी बल वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 2,45,131 हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 2,36,226 था। डिजिटलीकरण और बैंकिंग कार्यों के स्वचालन के बावजूद, कर्मचारियों की संख्या में यह वृद्धि दर्शाती है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक विस्तार, ग्राहक सेवा और प्रौद्योगिकी-आधारित बदलावों के लिए अब भी बड़े कार्यबल पर निर्भर हैं।

### मानव संसाधन बढ़ाने में एसबीआई सबसे आगे

यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बेहतर वित्तीय प्रदर्शन, मजबूत बही-खाते और अधिक कारोबार वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। इससे वे प्रौद्योगिकी, जोखिम प्रबंधन, संचालन और शाखा बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में मानव संसाधन बढ़ा रहे हैं। एसबीआई का योगदान इस वृद्धि में सबसे अधिक रहा जिसकी कुल नियुक्ति में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

# लावा का 2030 तक स्मार्टफोन बाजार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य

■ कंपनी 30 हजार से कम दाम वाले बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मोबाइल फोन विनिर्माता लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने 2030 तक 30,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन खंड में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी का मानना है कि उत्पाद नवोन्मेष, आकर्षक डिजाइन और बेहतर बिक्री-बाद सेवाओं के बल पर वह यह लक्ष्य हासिल कर सकेगी।

कंपनी के प्रबंध निदेशक सुनील रैना ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि स्मार्टफोन खंड में कंपनी की वर्तमान बाजार हिस्सेदारी दो प्रतिशत से कम है, लेकिन पिछले चार वर्षों में इस श्रेणी में उसकी



वार्षिक वृद्धि 40-50 प्रतिशत रही है। रैना ने कहा, ''2017 के बाद भारतीय स्मार्टफोन कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण दौर था जिससे हमें अपने स्मार्टफोन कारोबार की रणनीति पर विराम लगाना पड़ा।

*कंपनी हर साल 15 करोड़ स्मार्टफोन बेचती है : एमडी ने बताया कि देश में हर साल लगभग 15 करोड़ स्मार्टफोन बिकते हैं। इसमें 30,000 रुपये से कम कीमत वाले फोन का हिस्सा 70 से 75 प्रतिशत हैं। रैना ने कहा कि कंपनी फिलहाल इसी खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है और महंगे स्मार्टफोन वर्ग में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही है।*

# कई बैंकों ने एफसीएनआर जमा पर ब्याज दरें बढ़ाई




■ एसबीआई, आईसीआईसीआई समेत कई बैंकों ने दरें बढ़ाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बैंकों ने बृहस्पतिवार को प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए ऊंची ब्याज दरों की पेशकश करने वाली एक नई विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा योजना शुरू की। एनआरआई सावधि जमा (एफडी) की ब्याज दरों में यह बढ़ोतरी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों के लिए 30 सितंबर तक विदेशी मुद्रा अदला-बदली खिड़की की घोषणा के कुछ ही दिन बाद आई है। रिजर्व बैंक के इस कदम से बैंकों को इन जमाओं पर वहन की जाने वाली मुद्रा की 'हेजिंग' लागत से प्रभावी रूप से राहत मिली है और उनके पास जमा दरों में वृद्धि करने की गुंजाइश बनी है। इस कदम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों से विदेशी मुद्रा जमा आकर्षित करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस जमा योजना के तहत करीब 60 से 70 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी पूंजी भारत आने की संभावना है।

आरबीआई के इस कदम के बाद, आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि वह 11 जून से एनआरआई एफडी पर 6.50 प्रतिशत ब्याज की पेशकश कर रहा है। एसबीआई ने अमेरिकी डॉलर में तीन से पांच वर्ष की अवधि वाली नई 'एसबीआई एडवांटेज एफसीएनआर (बी)' जमा योजना शुरू की है। इस योजना में एक वर्ष की लॉक-इन अवधि होगी। एसबीआई के अनुसार, 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की तीन से चार वर्ष की जमा पर 5.50 प्रतिशत, चार से पांच वर्ष की जमा पर 5.75 प्रतिशत और पांच वर्ष की जमा पर छह प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी अपनी नई एफसीएनआर (बी) योजना के तहत अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर और कनाडाई डॉलर में तीन से पांच वर्ष की अवधि वाली जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं।

# बढ़ी महंगाई से यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर 2.25% बढ़ाई




■ ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी बड़ा कारण

एजेंसी ▶▶| फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी से बढ़ती महंगाई के बीच ऐसा कदम उठाने वाला यह दुनिया का पहला प्रमुख केंद्रीय बैंक बन गया है।

ईसीबी की दर-निर्धारण परिषद ने मानक ब्याज दर को दो प्रतिशत से बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। यह दर पिछले एक वर्ष से दो प्रतिशत पर स्थिर थी। यह फैसला अगले सप्ताह होने वाली फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति बैठकों से पहले आया है। तेल की कीमतों में तेजी का प्रमुख कारण ईरान द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित किया जाना है।

### तेल की बढ़ी लागत से महंगाई हुई पैदा

सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और ईंधन उत्पाद इसी समुद्री मार्ग से आता है। ब्याज दरों में वृद्धि का उद्देश्य पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ी लागत से पैदा हुई महंगाई पर अंकुश लगाना है।

## हर्षपति सिंघानिया चुने गए आईसीसी के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** उद्योगपति हर्षपति सिंघानिया को पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय उद्योग मंडल इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) का चेयरमैन चुना गया है। आईसीसी ने एक एक बयान में यह जानकारी दी। सिंघानिया को इस पद के लिए ऐसे समय चुना गया है जब भारत एक तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्था और वैश्विक बाजार में एक प्रभावशाली आवाज के रूप में उभर रहा है। वह आईसीसी के निवर्तमान चेयरमैन फिलिप वारिन का स्थान लेंगे।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-9-2026-27, दिनांक 05.06.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, फेजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-9-2026-27, कार्य का नाम: सियालदह कोचिंग यार्ड के लकड़ी गोला साइडिंग में स्टेबिंग लाइनों के प्रावधान के संबंध में 25केवी ओएचई की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना तथा अन्य संबंधित विद्युतीय कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य: रु. 5,97,74,060; बयाना राशि: रु. 11,95,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 महीने। बंद होने की तारीख: 30.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (SDAH-76/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## खबर संक्षेप

### रिजर्व बैंक ने 135 एनबीएफसी के पंजीकरण किए रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने 135 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। इनमें एक्सप्रेस फिनकैप हाउस, अक्षय फिस्कल सर्विसेज, टाइम्स फाइनेंस (पी), जुपिटर प्रोजेक्ट्स (पी), जुपिटर फिनवेस्ट, एसेल फाइनेंस बिजनेस लोन्स और सिटीवाइड फाइनेंशियल सर्विसेज जैसी कंपनियां शामिल हैं।

### जी एंटरटेनमेंट की 2,300 करोड़ रुपए जुटाने की योजना




**नई दिल्ली।** मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) ने अपनी रणनीतिक और व्यावसायिक पहल को समर्थन देने के लिए एक या अधिक चरणों में कम से कम 2,300 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। निदेशक मंडल ने 10 जून को हुई बैठक में न्यूनतम 2,300 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

### रुपया 50 पैसे की गिरावट के साथ 95.75 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और डॉलर की मजबूती के बीच बृहस्पतिवार को 50 पैसे टूटकर 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी मुद्रा की निरंतर निकासी, घरेलू शेयर बाजारों के कमजोर रुख और डॉलर में मजबूती ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.55 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर के मुकाबले 95.55 से 95.76 के दायरे में कारोबार करते हुए अंततः यह 95.75 (अस्थायी)

### विपुल ऑर्गेनिक्स ने ओम्या ग्रुप से किया समझौता

VIPULORGANICS
Interconnected Chemistry

**नई दिल्ली।** विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने स्विट्जरलैंड की ओम्या ग्रुप के साथ एक विशिष्ट वितरण समझौता किया है। शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस समझौते के तहत ओम्या को यूरोप के अधिकांश देशों में विपुल ऑर्गेनिक्स के 'पिगमेंट' उत्पादों की बिक्री का विशेष अधिकार मिलेगा।

# खाड़ी तनाव से सेंसेक्स 151 अंक टूटा, निफ्टी भी रहा नुकसान में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 151 अंक टूट गया, वहीं एनएसई निफ्टी 53 अंक फिसल गया। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के साथ निवेशकों के सतर्क रुख अपनाये जाने से बाजार में गिरावट आई।

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका में महंगाई बढने से भी बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 150.63 अंक टूटकर 73,832.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 53.35 अंक की गिरावट के साथ 23,161.60 अंक पर बंद हुआ।



■ तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

■ विदेशी निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी जारी रही

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इटर्नल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा शामिल हैं।

## अमेरिका में महंगाई दर तीन साल के सबसे उच्च स्तर पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गैस की बढ़ती कीमतों के कारण मई में महंगाई दर तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लिए ब्याज दरों को लेकर नई चुनौती खड़ी हो गई है और आगामी मध्यावधि चुनावों से पहले डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर भी राजनीतिक दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार, मई में उपभोक्ता मूल्य आधारित महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 3.8 प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरा महीना है जब महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मासिक आधार पर कीमतें मई में 0.5 प्रतिशत बढ़ीं, जबकि अप्रैल में यह 0.6 प्रतिशत और मार्च में यह 0.9 प्रतिशत बढ़ी थीं।

## अमेरिका में होंडा ने आठ लाख कार वापस मंगवाई

**न्यूयॉर्क।** वाहन कंपनी होंडा ने अमेरिका में 8,00,000 से अधिक वाहनों को वापस मंगवा रही है। कंपनी के अनुसार, कुछ वाहनों में 'सस्पेंशन' से जुड़े पुर्जों में खराबी आ सकती है, जिससे चालक वाहन पर से नियंत्रण खो सकता है और दुर्घटना या चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिकी होंडा मोटर कंपनी ने कहा कि 2016 से 2022 तक होंडा पायलट, 2017 से 2023 तक के रिजलाइन, 2019 से 2023 पासपोर्ट और 2014 से 2020 तक के एक्यूरा एमडीएक्स वाहन मॉडल को वापस मंगवाया गया है। वापस मंगवाने वाले वाहनों की कुल संख्या 880,514 है, जो जो कनेक्टिकट, डेलावेयर, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, मिशिगन, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया समेत अन्य शहरों में बेचे गए थे।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 267/यांत्रिकी/पविनि/26 — दिनांक 11.06.2026

**निविदा सूचना 230/2026_STDC_515036_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :- कान्हा सफारी लॉज मुक्की बालाघाट जिला बालाघाट में बाहरी विद्युतीकरण के कार्य। (06 माह) कार्य की लागत राशि रु. 31.00 लाख।** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/126334/2026 — **कार्यपालन यंत्री**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रणय कुमार भोवते, पिता: स्वर्गीय पारस राम भोवते, निवासी: मकान नंबर 303, नानक नगर मानेगांव, थाना रांझी, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश** ने **FIR No. 08/2022, U/s: 420/120B IPC, पुलिस थाना साइबर द्वारका, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रणय कुमार भोवते** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रणय कुमार भोवते** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना साइबर द्वारका, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रणय कुमार भोवते** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार
जेएमएफसी–05, दक्षिण–पश्चिम, कमरा नंबर 09,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7780/DW/2026

**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग मोहला वनमंडल मोहला**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, मोहला वनमंडल मोहला के अंतर्गत काष्ठागार डिपो मानपुर में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ / व्यापारिक बांस / औद्योगिक बांस का निम्नानुसार e-Auction किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि, वे e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल / काष्ठागार मानपुर से प्राप्त की जा सकती है।

e-Auction Date - 22-06-2026 Time -2.00 PM 7.00 AM

काष्ठागार का नाम – मानपुर

| क. | प्रजाति | नये वनोपज (घन मीटर) | | | पुराने वनोपज (घन मीटर) | | | योग (घन मीटर) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती | बल्ली | डेंगरी | ईमारती | बल्ली | डेंगरी | ईमा.घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 01 | सागौन | 263.338 | 9.968 | 0 | 635.078 | 18.098 | 0.786 | 898.416 | 28.066 | 0.786 |
| 02 | बीजा | 300.140 | 4.902 | 0 | 233.915 | 0 | 0 | 534.055 | 4.902 | 0 |
| 03 | साजा | 55.035 | 4.986 | 0 | 112.430 | 0 | 0 | 167.465 | 4.986 | 0 |
| 04 | धावड़ा | 8.979 | 2.632 | 0 | 7.667 | 0 | 0 | 16.646 | 2.632 | 0 |
| 05 | हल्दू मुण्डी | 0 | 0 | 0 | 23.807 | 0 | 0 | 23.807 | 0 | 0 |
| 07 | घाठा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 08 | कसही | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 09 | कर्रा | 0 | 6.218 | 0 | 14.172 | 0 | 0 | 14.172 | 6.218 | 0 |
| 10 | सेन्हा | 0 | 6.940 | 0 | 0 | 3.334 | 0 | 0 | 10.274 | 0 |
| 11 | सलिहा–मोदे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | नीलगिरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | अन्य | 26.006 | 6.326 | 0 | 25.032 | 0 | 0 | 51.038 | 6.326 | 0 |
| | योग :– | 653.498 | 41.972 | 0 | 1052.101 | 21.432 | 0.786 | 1705.599 | 63.404 | 0.786 |
| | | | | | | | | | | |
| | | नग | नो.टन | | नग/बंडल | नो.टन | | | नग | नो.टन |
| 01 | व्यापारिक बांस | 22000 | 51.913 | | 7000 | 16.040 | | – | 29000 | 67.953 |
| 02 | औद्यो..बांस | 20066 | 300.925 | | 16690 | 228.578 | | – | 36756 | 529.503 |
| | | नग | - | | नग | - | | नग | - | |
| 01 | जलाऊ च. सं. | 163 | - | | 394 | - | | 557 | - | |

1. क्रेताओं को ई–ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई–कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. केताओं को ई–ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई–कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते हैं। 4. ई–ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

262701359/2 — **वनमंडलाधिकारी, मोहला वनमंडल मोहला**

**OFFICE OF NAGAR PARISHAD PATERA, DIST-DAMOH**

NIT No. 988 — **Notice Inviting e-Tenders** — Dated: 11-06-2026

Online lumpsum bids for the following works under "sbm (u) - 2.0" (estimated on uadd issr (w.e.f- 02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| Tender ID | Scope of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of Completion including rainy season |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_515057_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Patera town under SBM 2.0 | 316.69 | 158345.00 | 15000.00 | 12 months |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.inand www.mpurban.gov.in 2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs of 12-06-2026 to 17:30 Hrs. of 14-07-2026 3. Amendment to NIT, if any, would be published on web site only, and not in Newspaper. 4. GST shall be payable extra as per Govt. rules.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PARISHAD PATERA
DIST DAMOH

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/1201 — जबलपुर, दिनांक : 11.06.2026

**हस्तांतरण/मृत्यु उपरांत नामांकन/संपत्ति लीज होल्ड से भूस्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) में संपरिवर्तन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के **07 दिवस की अवधि** एवं मृत्यु उपरांत नामांकन हेतु एवं संपत्ति के लीजहोल्ड से ''भूस्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड)'' में संपरिवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। यदि भू-स्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) में संपरिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन **प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि** में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय-जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7अ सिविक सेंटर मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. | यो.क्र. | भू.क्र. | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 | भूखण्ड क्र. जीएच-1 में निर्मित फ्लेट नं. 609 | इन्वेट विनियम लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर- श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल पता- एस-7, कृषि उपज मंडी, दमोह रोड, जबलपुर | श्रीमति रूथ अभिजीत गोगई पति श्री अभिजीत सैम्यूल गोगई पता- श्रीधाम फेस-2, डी-3, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर |
| 2 | 41 | ईडब्लूएस भूखण्ड क्र. ई-167 | श्री विनय साहू पिता श्री जवाहर लाल साहू पता- 574, चेरीताल पुलिस क्वाटर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, जबलपुर | 1. श्रीमति निक्की साहू पति श्री संजय साहू एवं 2. श्री संजू साहू पिता श्री चंद्रभान साहू पता- प्लाट नं. ई-143, जेडीए स्कीम नं. 41, ओंकार प्रसाद तिवारी नगर, जबलपुर |
| 4 | 11 (द्वि.च.) | भूखण्ड क्र. ई-45 | श्री प्रेमशंकर तिवारी पिता स्व. श्री गणेश शंकर तिवारी पता- 107/बी, रामेश्वरम कालोनी, एम.आर-4 रोड, लक्ष्मीपुर विजय नगर, जबलपुर | श्रीमति एस रूपा पति श्री एस इब्राहिम पता- म.नं. 17, सर्वोदय नगर, रानीताल, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर |
| 5 | 11 (द्वि.च.) | भूखण्ड क्र. ई-85 | श्री सुनील प्रजापति पिता श्री शंकरलाल प्रजापति पता- 289, हितकारिणी स्कूल के बाजू से दमोह नाका, जबलपुर | श्री संजय कुकरेजा पिता श्री चन्द्र प्रकाश कुकरेजा पता- 365/4, स्टेट बैंक कालोनी, चेरीताल, जबलपुर |

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | योजना क्र. | भू/भ/ दु.क्र. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2ए | भूखण्ड क्र. 77 | श्री अनिल कुमार राय पिता स्व. श्री राम दयाल राय पता- प्लाट नं. 77, भोले कुटी के पास, शक्ति नगर, गुप्तेश्वर, जबलपुर | श्री आर.बी. शुक्ला की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2 | 06 | भूखण्ड क्र. 857 | श्रीमति इंदिरा पराते, श्री सूर्यकान्त पराते, श्री नंदलाल पराते, श्री संजय पराते एवं श्रीमति वसुंधरा मिलिंद निखरे पति/पिता स्व. श्री चन्द्रभान विठोयाजी पराते पता- 857, संजीवनी नगर, गढ़ा, जबलपुर | श्री चन्द्रभान विठोयाजी पराते की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 3 | 18 | ब्लाक क्र. 07 दुकान क्र. 11 | श्रीमति अनामिका अवस्थी एवं श्री सूर्ययश अवस्थी पति/पिता स्व. श्री रवीन्द्र अवस्थी पता- 1115, साउथ सिविल लाइंस पचपेढ़ी, जबलपुर | श्री रवीन्द्र अवस्थी की मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

**भूस्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) में संपरिवर्तन की जाने वाली संपत्ति का विवरण -**

| क्र. | आवेदन दिनांक | योजना क्रमांक | संपत्ति क्रमांक | वर्तमान लीजधारी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04.06.26 | 2ए | भूखण्ड क्र. 05 | श्री सचिन अग्रवाल पिता स्व. श्री बाबूलाल अग्रवाल पता- 129, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर |
| 2 | 04.06.26 | 2ए | भूखण्ड क्र. 04 | श्रीमति निशा अग्रवाल पति श्री सचिन अग्रवाल पता- 129, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर |
| 3 | 04.06.26 | 2ए | भूखण्ड क्र. 06 | श्रीमति निशा अग्रवाल पति श्री सचिन अग्रवाल पता- 129, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर |
| 4 | 24.12.24 | 2बी | भूखण्ड क्र. 28 | श्री कन्हैया लाल पिता श्री हीरालाल एवं श्री कमल कुमार पिता श्री पूरनचंद्र जैन पता- नेहरू नगर, बाजनामठ, जबलपुर |
| 5 | 15.04.26 | 06 | भूखण्ड क्र. 1093 | श्री राधावल्लभ अग्रवाल पति स्व. श्री अमृतलाल अग्रवाल पता- 1093, अमृत गंगा, संजीवनी नगर, वीर सावरकर वार्ड, जबलपुर |
| 6 | 22.01.26 | 05 | भूखण्ड क्र. 314 | श्री एम.एस. चौधरी पिता स्व. श्री प्रेमलाल चौधरी पता- 314, विकास नगर जेडीए यो.क्र. 05 जबलपुर |
| 7 | 08.10.24 | 05 | भूखण्ड क्र. 389 | श्री प्रहलाद मिश्रा पिता श्री राजेश्वर मिश्रा पता- 101, दत्त एवेन्यू नेपियर टाउन, जबलपुर |
| 8 | 19.12.24 | 11 (द्वि.च.) | भूखण्ड क्र. 12बी | श्री राजेश कुमार पटैल पिता श्री महेश प्रसाद पटैल पता- प्लाट नं. 109, शताब्दीपुरम एम.आर-4, रोड, विजय नगर, जबलपुर |
| 9 | 19.12.24 | 11 (द्वि.च.) | भूखण्ड क्र. 12सी | श्री राजेश कुमार पटैल पिता श्री महेश प्रसाद पटैल पता- प्लाट नं. 109, शताब्दीपुरम एम.आर-4, रोड, विजय नगर, जबलपुर |

म.प्र. माध्यम/126326/2026 — **संपदाधिकारी, जबलपुर विकास प्राधिकरण**

## चिंतन

# युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही सुलझते हैं विवाद

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के अड़ियल रुख और लगातार हो रहे सैन्य हमलों ने वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक दुखद पहलू यह है कि किसी भी युद्ध की तरह इस संघर्ष का सबसे बड़ा खामियाजा आम और निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों में भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। अब अमेरिका ने भारतीय टैंकर जलवीर पर भी हमला कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है। अमेरिका-ईरान समेत सभी देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात नहीं बदले तो जल्द ही जरूरी चीजों की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अमेरिका-ईरान को समझना होगा कि वे लंबे समय तक युद्ध जारी नहीं रख सकते। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि अंततः हर बड़े संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकला है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह स्वीकार करना होगा कि लंबे समय तक सैन्य टकराव जारी रखना न तो उनके हित में है और न ही वैश्विक समुदाय के हित में। इसलिए दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। क्योंकि सभी समस्याओं का हल युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही निकलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार हमलों की धमकी देना और फिर ईरान द्वारा पलटवार करना स्थिति को और पेचिदा बना रहा है। ट्रंप लाख दावा करें कि उन्होंने ईरान को इतना कमजोर कर दिया है कि वो सरेंडर कर देगा, लेकिन यह हकीकत नहीं है। अमेरिका के हर हमले का ईरान ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि इन हमलों की कीमत खाड़ी के देशों को चुकानी पड़ रही है। चूंकि इन देशों में अमेरिका के बेस हैं। इसी वजह से ईरान उन देशों को निशाना बना रहा है। ऐसे में अब खाड़ी देशों को भी अपनी सुरक्षा नीति बदलनी होगी और अमेरिका पर निर्भरता घटाकर अपनी सेनाओं को मजबूत करना होगा। इन देशों ने अमेरिका की सेना को लौटा दिया तो यह अमेरिका के लिए और शर्मनाक बात होगी। बेहतर हो कि एक बार फिर शांति की पहल हो और इस मामले का समाधान भी वार्ता के जरिये किया जाए। दोनों ही पक्षों को संयम दिखाने की जरूरत है, तभी इस मुद्दे का समाधान हो पाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम, संवाद और शांति की है। युद्ध केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी को जन्म देता है, जबकि कूटनीति स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका और ईरान सहित सभी संबंधित पक्षों को यह समझना होगा कि वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता किसी भी सैन्य विजय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समय की मांग है कि दोनों देश टकराव की राह छोड़कर वार्ता का रास्ता अपनाएं। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सबसे बेहतर और जिम्मेदार विकल्प होगा।



# नए और सशक्त भारत का उदय

केंद्र के 12 वर्ष

डॉ. सतीश पूनियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो वैश्विक पटल पर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण।

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह जानती थी कि दुनिया के सामने खड़ा होना है तो हमें पहले आर्थिक ताकत बनना होगा। भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करना होगा। पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों को सशक्त करने का काम किया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की आग से झुलस रही है, उस दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 की उत्साहजनक वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। ये आंकड़े ही साफ संकेत देते हैं कि देश के नागरिकों और दुनिया के निवेशकों का भरोसा मोदी सरकार पर लगातार बना हुआ है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ काम आरंभ किया। इसका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक भूगोल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकों को खुद लोगों तक पहुंचा दिया। कभी देश की आधी से अधिक आबादी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थी। मोदी सरकार ने इस खाई को पाटने के लिए मिशन मोड में काम किया और आज 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को एक विजन दिया। उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से उनको सपनों को पंख दिए। उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा किया। आज गांवों-शहरों में मुद्रा योजना के माध्यम से लाखों की संख्या में युवक स्वरोजगार के माध्यम से हजारों हाथों को काम दे रहे हैं। आंकड़े खुद इस योजना की सफलता की गवाही देते हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 57 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे छोटे उद्यमियों के हाथों में सौंपी गई है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और समाज के पिछड़े तबके से हैं। महंगी दवाओं और ईलाज को आसान बनाते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को किफायती बना दिया गया है। देशभर में खुले हज़ारों जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बाज़ार मूल्य से पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम



कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की गति और कवरेज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन वर्षों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देते हुए सात लाख किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। इसका असर यह हुआ है कि इन बारहमासी सड़कों ने न केवल किसानों की फसलों को मंडियों तक आसानी से पहुंचाया है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी सुलभ किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की और इसे एक जन-आंदोलन बना दिया। ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी का दायरा आज बढ़कर पंद्रह करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच चुका है। इस योजना ने ग्रामीण भारत, विशेषकर महिलाओं को पानी से होने वाली गंभीर बीमारियों से मुक्ति दी है। यह योजना 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन उदाहरण है। कोविड महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई थी। लोगों के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई थी, उस दौर में मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। सौभाग्य से उस वक्त राजस्थान प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष होने के नाते हमने प्रधानमंत्रीजी के निर्देशन में प्रदेश में यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की तरफ से लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचायी जाए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त राशन की यह व्यवस्था आज भी अनवरत जारी है। देश के 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। हर सिर पर छत के मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया और उन्हें गरीब और बेघर परिवारों को सौंपा जा चुका है। हाल ही में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजना के अगले चरण को भी मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का सबसे बड़ा प्रमाण है। मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने भारत से गरीबी उन्मूलन के कार्य को एक अभूतपूर्व गति दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आवास और स्वच्छता के मोर्चे पर चौतरफा सुधार के कारण पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के जाल से बाहर आए हैं। 2014 से पहले स्वच्छता भारत की प्राथमिकताओं में कहीं पीछे छूट गई थी, लेकिन जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' का आह्वान किया, देशभर में रिकॉर्ड समय के भीतर 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता का दायरा 2014 के 39 प्रतिशत से बढ़कर अब शत-प्रतिशत हो चुका है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार आंदोलन था। देश के श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 'ई-श्रम' पोर्टल और विभिन्न पेंशन तथा बीमा योजनाओं के माध्यम से उनको संरक्षण देने की पहल की। आज देश के 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल हो चुके हैं। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो अपनी कमियों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

( लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता तथा हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बालश्रम निषेध दिवस

रोहित कौशिक



# प्रगतिशील दौर के बावजूद बचपन पर मंडराता खतरा


यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी बाल श्रम रुक नहीं रहा है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दस श्रमिकों में से एक श्रमिक बच्चा है। बाल श्रम के विरोध में बने विभिन्न कानूनों के अतिरिक्त 2009 में बने 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत भी बाल श्रम को बढ़ावा देने वाले लोगों को दंड का प्रावधान है। 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत बच्चों को अपनी शिक्षा पूर्ण करने का अधिकार दिया गया है ताकि वे बाल श्रम से दूर रहकर अपनी इच्छानुसार भविष्य चुन सकें। इसके बावजूद ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालश्रम को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अनेक जगहों पर अभी भी छोटी बच्चियों को घर के काम के लिए रखा जाता है तो छोटे बच्चों से दुकानों, खेतों और अन्य स्थानों पर काम कराया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में 152 मिलियन बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से 7.3 फीसदी बच्चे भारत में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। विडम्बना यह है कि कोरोना काल ने बाल श्रमिकों को एक बड़े खतरे में डाल दिया है। बाल श्रम के कारण आज अनेक बच्चे कुपोषण और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। अक्सर हम बाल श्रम का अर्थ बहुत ही सीमित सन्दर्भों में लगाते हैं। अगर बच्चों के दिमाग पर किसी भी रूप में कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है और उनके दिमाग को परम्परागत श्रम से अलग श्रम करना पड़ रहा है तो वह भी एक तरह का बाल श्रम ही है। दुःखद यह है कि हम इस परम्परागत बाल श्रम पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अपरम्परागत बाल श्रम पर ध्यान नहीं देते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आज अनेक ऐसे बच्चे हैं जो भूत और किसी अन्य भटकती आत्मा के भय से प्रताड़ना की जिंदगी जी रहे हैं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ने बच्चों पर मीडिया के कुप्रभाव का व्यापक सर्वेक्षण कराया था। पांच शहरों में कराए गए इस सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष सामने आया था कि हिंसा और भय वाले कार्यक्रमों के कारण बच्चों पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है जो आगे चलकर उनके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विडम्बना यह है कि अब जलवायु परिवर्तन भी बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 2.3 अरब बच्चों में से लगभग 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिसके चलते उन्हें उच्च मृत्यु दर ,गरीबी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 53 करोड़ बच्चे बाढ़ और उष्णकटिबंधीय तूफानों से सर्वाधिक प्रभावित देशों में रहते हैं। गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर देश एशिया में हैं। करीब 16 करोड़ बच्चे सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पल-बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में से ज्यादातर अफ्रीका में हैं। अब ज्यादा या कम वजन होने का अर्थ भी कुपोषण ही है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में करीब 70 करोड़ बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यह जरूर है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों की संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है लेकिन लैंसेट की एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में कुपोषण की स्थिति और खतरनाक होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। बीमारी के साथ-साथ ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बीमार बच्चों का समय से ठीक होना सम्भव नहीं हो पाता। कई बार ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक ढंग से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

पिछड़े इलाकों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का भी अभाव रहता है। जलवायु परिवर्तन इन्हीं सब कारकों को बढ़ाकर बच्चों के लिए अनेक समस्याएं पैदा करता है। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब अत्यधिक व्यस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन पोषण के लिए मात्र सुख सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है हम बाल श्रम के अर्थ को व्यापक रूप से ग्रहण करें। इस प्रगतिशील दौर में हम बाल श्रम का पुराना अर्थ ही ग्रहण कर रहे हैं। बाल श्रम के विभिन्न स्वरूपों पर बात करके ही हम सच्चे अर्थों में बचपन बचा सकते है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

## दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

## प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा था कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर हो अमल

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश है। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। – *सरिता, हिसार*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



'काकोरी ट्रेन एक्शन' के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के प्रति आपका अद्वितीय समर्पण सभी को राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### भारत की संप्रभुता



मोदी ने भारत की संप्रभुता, सम्मान और नागरिकों की जान पूरी तरह से ट्रंप के हवाले कर दी है। भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है। ट्रंप को हमारे देश और हमारे लोगों के साथ अपनी मर्जी से कुछ भी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक



राजस्थान में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनराम और शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।

-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### गंभीर चुनौतियां




आज देश महंगाई, बेरोज़गारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा डगमगा दिया है।

-**मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# 'संवाद और कूटनीति' ही एकमात्र समाधान


विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच 'संवाद और कूटनीति' को ही एकमात्र समाधान बताया और भारत के इस रुख को दोहराया कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' जयशंकर ने बुधवार को अपनी बुल्गारियाई समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा-चमोवा के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ''दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। कई बड़े संघर्ष जारी हैं, आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, महामारी का हालिया अनुभव है और आतंकवाद का खतरा बार-बार सामने आ रहा है।' जयशंकर ने कहा, ''इन सभी मुद्दों पर भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। इन संघर्षों का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।' उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' की आवाज के रूप में भारत ने ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को लगातार उठाया है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक आर्थिक जोखिमों का सवाल है, उसका समाधान आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती तथा उसके और अधिक विविधीकरण में है।



## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के मामले में शामिल 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**मामले में आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस ने थाना गुनौर के अप.क्र. 134/26 में फरियादिया महिला का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर गलत काम (दुष्कर्म) करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

पन्ना



मामले में दिनांक 20.05.2026 को फरियादिया द्वारा थाना गुनौर में लिखित रिपोर्ट की गई जिसमें फरियादिया द्वारा बताया गया कि मैं किराना की दुकान चलाती हूँ । मेरे पति बाहर रहकर मजदूरी का काम करते है । एक परिचित व्यक्ति मेरी किराने की दुकान पर आता जाता था एवं मुझसे बातचीत करता रहता था । जिसने अपने मोबाईल नंबर से मेरे मोबाईल नबर पर वीडियों कॉल किया था एवं मैनें उसकी बातों में आकर उसके कहने पर वीडियो कॉल पर मैने अपने कपड़े निकाल दिये थे जो उसने स्क्रीन रिकार्डिंग से मेरा अश्लील वीडियों बना लिया था और वह वीडियों उसने एक अन्य व्यक्ति को भी भेज दिया था और दोनों लोग मुझसे फोन पर बोलने लगे कि तुम हम दोनों से फोन पर बातें किया करो नहीं तो हम दोनों तुम्हारा वीडियो वायरल कर देगें । इसके बाद इन लोगो ने मेरे मोबाइल पर मेरा अश्लील वीडियों मुझे भेजा था । इस घटना को लेकर मैं परेशान रहने लगी थी उसी दौरान मेरी दुकान पर गाँव का एक व्यक्ति आया और मेरी समस्या के बारे में इस प्रकार पूँछने लगा जैसे उसे पहले से ही सबकुछ पता हो और मेरी मदद करने को कहने लगा तो मैने पूरी बात बता दी थी । उस व्यक्ति ने मदद करने के बहाने मेरा अश्लील वीडियो अपने मोबाइल में ले लिया था । जिसके बाद वह मुझ पर दबाव बनाने लगा कि तुम मुझसे शारीरिक संबंध बनाओं नही तो मैं तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा एवं तुम्हारे ससुर को वीडियो भेज दूंगा । जिसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे साथ कई बार मेरे मर्जी के बिना वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया । परेशान होकर मैने आज दिनांक को पूरी घटना की जानकारी अपने जेठ तथा सास-ससुर को दी है । फरियादिया की रिपोर्ट पर मामले में आरोपीगणों के विरूद्ध थाना गुनौर में अप.क्र. 134/26 धारा 78 (1) (2) (3), 77, 79, 331 (1), 64 (2) (M) BNS, 66E, 67A IT एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

मामले की जानकारी थाना प्रभारी गुनौर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । महिला संबंधी अपराध की संवेदनशीलता को देखते पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना थाना प्रभारी सुनवानी निरीक्षक हरवचन कुड़ापे से कराई गई । मामले में थाना सुनवानी एवं थाना प्रभारी गुनौर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में 02 अलग अलग पुलिस टीमो का गठन किया गया । गठित पुलिस टीमो द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले के आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये । साथ ही पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मामले के 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है । मामले आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जप्त किये गये हैं । मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जावेगा । मामले में विवेचना जारी है ।

### पुलिस टीम होगी पुरुस्कृतः एसपी

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनवानी निरीक्षक हरवचन सिंह कुड़ापे, थाना प्रभारी गुनौर उनि बलबीर सिंह, प्र.आर. मनीष कश्यप, आर. राजकुमार, नीलेश, श्याम, भरत मिलाप, आर. चालक मुन्ना एवं प्रभात खरे का सराहनीय योगदान रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मुख्य आरोपी और महिला गिरफ्तार

**शहडोल।** मासूम बच्चियों पर बुरी नजर डालने वाले और उन्हें हवस का शिकार बनाने वाले दरिंदों के खिलाफ बुढ़ार पुलिस ने एक और बड़ी और कडक़ कार्रवाई की है। नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी राहुल नायक सहित उसकी एक महिला मददगार को पुलिस ने दबोचकर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मामला अप्रैल महीने का है, जब एक 15 वर्षीय नाबालिग अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर बुढ़ार पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पीड़िता को पहले ही सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया था, लेकिन असली सनसनीखेज खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने अपने बयानों में आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी राहुल नायक उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसने उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की सख्त धाराओं 137(2), 86, 87, 124(2)(4), 64(एम) और 3(5) का इजाफा किया।

मांगा जा रहा 600 रूपये महीना, स्टाम्प वेंडरों के साथ अभद्रता, विद्युत मीटर के तारों को फेंका

# बार काउंसिल अध्यक्ष पर अवैध वसूली का आरोप

## अधिवक्ता और स्टाम्प वेंडर के बीच तनातनी का माहौल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में न्यायालय परिसर के पास अधिवक्ता और स्टाम्प वेंडर आमने-सामने आ गए हैं। गुरुवार को दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद स्टाम्प वेंडरों ने बार काउंसिल अध्यक्ष पर वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

स्टाम्प वेंडर संघ के कोषाध्यक्ष दिनेश बोहरे ने बताया कि बार काउंसिल अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने कचहरी से सटे बस स्टैंड परिसर में काम कर रहे वेंडरों के साथ अभद्रता की। उन्होंने लाइसेंस पूछा और कथित तौर पर प्रति स्टाम्प वेंडर 600 रुपए की मांग की।



बोहरे के अनुसार, कुछ वेंडरों ने डरकर यह राशि दी भी है। मलेवार पर बिजली कनेक्शन काटने का भी आरोप है। वेंडरों का कहना है कि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने इससे पहले भी ऐसा किया है और उनके कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर स्टाम्प वेंडरों ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने स्टाम्प वेंडरों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि नामांतरण और 18/4 जैसे दस्तावेजों के लिए अधिवक्ता की आवश्यकता होती है, लेकिन स्टाम्प वेंडर बिना अधिवक्ता के ही तहसील न्यायालय में आवेदन कर यह काम कर रहे हैं।

मलेवार के अनुसार, 18/4 के दस्तावेज में अधिवक्ता का वकालतनामा लगाना अनिवार्य है, फिर भी स्टाम्प वेंडर सीधे तहसील न्यायालय में आवेदन लगा रहे हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर पहले भी स्टाम्प वेंडरों से चर्चा की गई थी, लेकिन वे बिना अधिवक्ता की जानकारी के नामांतरण और 18/4 के दस्तावेज पेश करना जारी रखे हुए हैं।

# सरकारी चावल से भरे दो ट्रक लापता, एथेनॉल प्लांट के नाम पर हेराफेरी की आशंका, दो एजेंट फरार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट से छिंदवाड़ा के एथेनॉल प्लांट के लिए भेजे गए सरकारी चावल से भरे तीन ट्रकों में से दो ट्रक रहस्यमयी ढंग से गायब हैं। यह चावल 3 जून को बालाघाट के एफसीआई गोदाम नवेगांव से रवाना किया गया था। इनमें से एक ट्रक वारासिवनी की संचेती राइस मिल में खड़ा मिला था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।**

जब्त किए गए ट्रक (सीजी-04-जेडी-3147) में 490 बोरियों में कुल 242 क्विंटल 55 किलोग्राम चावल भरा हुआ था। बाकी के दो ट्रक कहां गए, इसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बड़ी हेराफेरी को लेकर खाद्य विभाग की टीम ने संचेती राइस मिल के मालिक सौरभ संचेती, एथेनॉल प्लांट के अधिकृत प्रतिनिधि राहुल प्रताप और ट्रक ड्राइवर दुर्गेश शेंद्रे के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि गायब हुए दोनों ट्रकों की तलाश की जा रही है। एसआईटी और खाद्य विभाग के अफसरों ने छिंदवाड़ा स्थित एथेनॉल प्लांट का मुआयना करके वहां से जरूरी कागजात और सीसीटीवी की डीवीआर जब्त कर ली है। साथ ही प्लांट के रिकॉर्ड को सील कर दिया गया है ताकि कोई सबूतों से छेड़छाड़ न कर सके।



एसपी मिश्रा ने बताया कि एथेनॉल प्लांट के दो एजेंटों के नाम सामने आए हैं, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दूसरी तरफ, एफसीआई भोपाल की टीम भी इस घोटाले की जांच में जुटी है, जबकि दिल्ली मुख्यालय से भी इस पर नजर रखी जा रही है।

अब तक दोनों ट्रकों का पता न चलने से यह आशंका पक्की होती जा रही है कि गायब चावल को रास्ते की ही किसी राइस मिल में उतार दिया गया है। जानकारों का कहना है कि यह जिले का पहला और अनोखा मामला है। अगर इसकी पूरी कड़ाई से जांच हुई, तो गरीबों के हक के राशन के चावल की हेराफेरी और एथेनॉल प्लांट के नाम पर चावल की रीसाइक्लिंग का एक बहुत बड़ा रैकेट बेनकाब हो सकता है। इस जांच की आंच न केवल राइस मिल मालिकों बल्कि खाद्य विभाग और एफसीआई गोदाम के बड़े अफसरों तक भी पहुंच सकती है।

# पेट्रोल पंप विवाद में युवकों ने घर में घुसकर पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के वारासिवनी में एक पेट्रोल पंप पर हुए विवाद के बाद गुरुवार को कुछ युवकों ने एक युवक के घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



यह घटना गुरुवार दोपहर को हुई, जब आधा दर्जन से अधिक युवक लोहे की रॉड लेकर वारासिवनी निवासी मोनेश्वर बोपचे के घर पहुंचे। उन्होंने मोनेश्वर के साथ मारपीट की, जिससे उनके पैर और पीठ में चोटें आईं। मोनेश्वर ने बताया कि आरोपियों ने उनसे रिपोर्ट वापस लेने को कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। बुधवार देर रात कोस्ते रोड स्थित वेद पेट्रोल पंप पर डंपर के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था। डंपर चालक ने वाहन हटाने को कहा तो कुछ युवकों ने उसके साथ बदतमीजी की। संतोष बिसेन ने इसका विरोध किया, जिसके बाद युवकों ने अपने साथियों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की थी। संतोष बिसेन ने इस घटना की शिकायत वारासिवनी पुलिस में दर्ज कराई थी। मोनेश्वर बोपचे की शिकायत पर पुलिस ने सिकंद्रा निवासी सुमित नगपुरे, अभय मात्रे, आशीष कावरे और दामेन्द्र चौधरी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी के फंदे पर झूलकर कर ली आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में माइनिंग इंजीनियरिंग के छात्र शुभम पिता जगदीश ढेकवार (24) ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार देर शाम भरवेली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18, पंवारी मोहल्ला में हुई।**



जब परिजन घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के दोनों दरवाजे बंद थे। मां ने खिड़की से देखा तो शुभम फांसी पर लटका हुआ था। शरीर में हलचल देखकर पिता ने तत्काल दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा। अस्पताल ले जाने के लिए घर से बाहर निकालते ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना देर शाम पुलिस को मिली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन रात होने के कारण शव को घर पर ही रखा गया। गुरुवार को पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया है कि घटना के दिन शुभम घर में अकेला था। उसके पिता मजदूरी करने गए थे, जबकि भाई शिवम मां के साथ मामा के गांव गया हुआ था। भाई गोल्डी ढेकवार ने बताया कि शुभम माइनिंग की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें कोई अंदाजा नहीं है। भरवेली थाना के एएसआई अनिल मड़ामे ने बताया कि घटना का कारण अज्ञात है। इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। युवक की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी।

# पतंजलि दलिया मिस ब्रांडेड निकला, 6 पक्षों पर 3.40 लाख रुपए का जुर्माना

**छतरपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई में पतंजलि आयुर्वेद के एक उत्पाद को मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित पक्षों पर भारी जुर्माना लगाया गया है। विभाग द्वारा वर्ष 2022 में लिए गए नमूने की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।**

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2022 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सागर रोड स्थित 'अपना बाजार से पतंजलि दलिया का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया था। नमूने को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया, जहां विश्लेषण के दौरान उत्पाद में पोषण संबंधी मानकों की कमी पाए जाने पर उसे मिसब्रांडेड घोषित किया गया। मामले की सुनवाई के बाद 5 जून 2026 को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय सुनाया गया। निर्णय में छतरपुर, झांसी और उत्तराखंड से जुड़े कुल छह पक्षों को दोषी मानते हुए उन पर कुल 3 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। आरोपियों में 'अपना बाजार के संचालक के अलावा पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, उत्तराखंड के पदाधिकारी तथा उत्पाद निर्माता भी शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सही जानकारी वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता है तथा मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# टारगेट वाली गर्भावस्था: एक ही महिला को कागज में दो अलग-अलग बार गर्भवती बना दिया!

**सिविल अस्पताल के अंतर्गत एक उप स्वास्थ्य केंद्र में विज्ञान ने ऐसी करवट ली है कि अब गर्भधारण के लिए 9 महीने नहीं, बस एक 'टारगेट शीट' काफी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।



ग्राम घडग़ोंदी में एक महिला को गर्भवती घोषित कर दिया गया... बिना गर्भ के! मतलब फॉर्म भरते-भरते बच्चा भी पैदा हो जाए तो हैरानी की बात नहीं। कहानी कुछ ऐसी है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में शायद 'टारगेट पूरा करो' का दबाव इतना था कि रजिस्टर ने भी कल्पनाशक्ति दिखा दी। नतीजा यह हुआ कि 26 वर्षीय महिला को गर्भवती मान लिया गया। प्रेग्नेंसी कार्ड बना, टीके लगे, आयरन की गोलियां मिलीं और सरकारी रिकॉर्ड में सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। बताया जाता है कि पिछले साल भी ऐसा ही कारनामा हो चुका था, इसलिए 8 मई 2026 को महिला को दोबारा तीन महीने की गर्भवती घोषित कर दिया गया।

मामला तब खुला जब महिला ने अतिरिक्त जांच करवाई। जांच में पता चला कि पेट में बच्चा नहीं, बल्कि आंकड़ों का बोझ पल रहा था।

जब पत्रकारों ने बीएमओ साहब से सवाल किया तो जवाब मिला— 'गलती हो गई, मेडिकल किट खराब थी।' वाह! क्या बात है। किट खराब थी तो गर्भ भी खराब निकल आया। अगली बार अगर किट बिल्कुल नई होगी तो शायद जेंडर भी चुनकर बता दे—'साहब, लडक़ा चाहिए या लडक़ी? सेटिंग कर देते हैं!'

इस पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसा लगता है कि अब कुछ जगहों पर गर्भ भी टारगेट के हिसाब से तय होने लगा है। कागजों में गर्भ बढ़ेगा, टीके लगेंगे, दवाइयां बंटेंगी और साल के अंत में रिपोर्ट चमकती हुई आएगी—'मातृ स्वास्थ्य 100 प्रतिशत कवरेज'।

धरातल पर महिला को यह तक पता नहीं होगा कि वह सरकारी रिकॉर्ड में कब गर्भवती बनी और कब उसकी प्रसव पूर्व देखभाल भी पूरी हो गई। असल सवाल यह नहीं है कि महिला गर्भवती थी या नहीं। सवाल यह है कि कागजों पर पैदा होने वाले बच्चे असली बच्चों से ज्यादा तेजी से कैसे जन्म लेने लगे हैं? टारगेट के इस खेल में कभी किट खराब हो जाती है, कभी कलम फिसल जाती है, कभी रजिस्टर ज्यादा सक्रिय हो जाता है। लेकिन एक चीज हमेशा सही रहती है—रिपोर्ट। क्योंकि सरकारी कागजों में सब कुछ संभव है।

# बंद मकान में अवैध रूप से छुपाकर रखी 120 बोरी खाद जब्त

## पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत नवेगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत आवरिया के ग्राम श्रीझोत में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भण्डारित भारी मात्रा में उर्वरक (खाद) जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक प्रमोद सिंह उट्टी को सूचना मिली थी कि ग्राम श्रीझोत निवासी दौलत महलवंशी ने अपने घर में अवैध रूप से खाद का स्टॉक छुपा कर रखा है। खरीफ सीजन के तहत चलाए जा रहे विशेष उर्वरक गुण नियंत्रण अभियान के तहत कृषि और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 4 जून गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे आरोपी के घर पर दबिश दी गई। शुरुआती पूछताछ में आरोपी दौलत महलवंशी ने खुद को अनाज व्यापारी बताते हुए खाद का कारोबार करने से साफ इनकार कर दिया और काफी देर तक टीम को गुमराह करता रहा। घर की सामान्य तलाशी में कुछ न मिलने पर टीम को संदेह हुआ, जिसके बाद देर रात उसके परिवार के अन्य मकानों की भी तलाशी ली गई।



### बंद मकान के झरोखे से दिखीं बोरियां

रात के करीब 2.30 बजे जब टीम आरोपी के चाचा दिवंगत चिंतामन महलवंशी के एक बंद पड़े मकान के पास पहुंची, तो टीम के सदस्य ईश्वर प्रसाद पवार ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर दरवाजे के बगल के झरोखे से अंदर देखा, अंदर खाद की बोरियां नजर आने पर आरोपी से चाबी मंगवाकर ताला खोला गया। मकान के अंदर से 110 बैग यूरिया चंबल फर्टिलाइजर एवं एचयूआरएल कंपनी और 10 बैग डीएपी एचयूआरएल कंपनी अवैध रूप से भण्डारित पाई गई। जब्त की गई कुल 120 बोरियों की कीमत लगभग 42815 रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास खाद बेचने या भंडारण करने का कोई भी वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला। कृषि अधिकारी की लिखित शिकायत पर नवेगांव पुलिस ने आरोपी दौलत महलवंशी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 7 के तहत उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की विवेचना उपनिरीक्षक तरुण सिंह मरकाम द्वारा की जा रही है। कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया प्रमोद सिंह उट्टी, कृषि विस्तार अधिकारी जुन्नारदेव ईश्वरी प्रसाद पवार, पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक लखन लाल सरयाम, आरक्षक रामकिशोर धुर्वे, स्थानीय समिति प्रबंधक मनोज प्रजापति उपस्थित रहे।



# तनु वेड्स मनु 3 की शुरू होने वाली है शूटिंग ...

**मुंबई।** फिल्म फ्रेंचाइजी 'तनु वेड्स मनु' का तीसरा भाग 'तनु वेड्स मनु : द नेक्स्ट चैप्टर' की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी साल कंगना रनौत स्टारर हिट फ्रेंचाइजी फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की घोषणा इरोज इनोवेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई नई कंटेंट लिस्ट के दौरान की गई। फिल्म का निर्देशन मिताक्षरा कुमार करेंगी, जो इससे पहले 'हीरामंडी' और 'द एम्पायर' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। इस फिल्म का निर्माण रुद्रक सोमा ज्योति लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा।

लाइफ Style



# मदालसा

## 15 साल लीप के कारण छोड़ा शो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार प्लस के टॉप सीरियल अनुपमा में अनुपमा की सौतन काव्या का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मदालसा चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी कॅरियर के साथ-साथ शो छोड़ने का कारण बताया। अनुपमा शो छोड़ते वक्त मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लग , क्योंकि हम लाइफ में आगे बढ़ते हैं और 4 साल काम करना एक लंबा समय होता है।

शो 15 साल का लीप ले रहा था, इसलिए प्रोड्यूसर राजन शाही और मैंने फैसला लिया था कि मैं यह शो नहीं करूंगी। क्योंकि, 15 साल में आपका फेस बहुत बदल जाता है। मुझे स्क्रीन पर 15 साल ज्यादा ओल्डर नहीं दिखना था। यह तो एक गर्व की बात है कि आप ऐसे शो का हिस्सा रही हैं जो दर्शकों को बहुत पसंद आया है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मेरे पिता एक जाने माने डायरेक्टर- प्रोड्यूसर हैं। मेरी मां भी एक जाने मानी एक्ट्रेस रही हैं। मैं फिल्मी बैकग्राउंड से बिलॉन्ग करती हूं तो ऐसी कोई नई बात नहीं थी कि मैं एक अलग फील्ड से आई हूं। मेरे ससुर मिथुन चक्रवर्ती जी, मेरी सास सभी लोग फिल्म इंडस्ट्री से हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं कोई अलग इंडस्ट्री में हूं। आपको आपकी मेहनत से ही काम मिलता है, मुझे जो भी काम मिला है, मेरी मेहनत से मिला है। मैं इसी तरीके से आगे काम करना चाहूंगी। अगर आपको लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो आपको अपना टैलेंट दिखाना पड़ेगा। मदालसा चक्रवर्ती (शर्मा) फिल्म के साथ-साथ टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, उन्होंने सीरियल अनुपमा में वनराज शाह की दूसरी पत्नी और अनुपमा की सौतन काव्या शाह का किरदार निभाकर हर घर में अपनी खास जगह बनाई।

हॉलीवुड मसाला



# डेनेरेस की मौत पर भड़की थीं एमिलिया

**नई दिल्ली।** फैंटेसी सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के कई किरदार आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। इनमें डेनेरेस तारगारयेन का नाम सबसे ऊपर आता है, जिसे ब्रिटिश अभिनेत्री एमिलिया क्लार्क ने निभाया था। हालांकि, सीरीज के आखिरी सीजन में डेनेरेस के साथ जो हुआ, उसने सिर्फ दर्शकों को ही नहीं, बल्कि खुद एमिलिया क्लार्क को भी हैरान कर दिया था। अब अभिनेत्री ने उस पल को याद करते हुए खुलासा किया है कि जब उन्हें अपने किरदार के अंत के बारे में पता चला तो वह बेहद गुस्से में थीं।



# द रॉक ने पूरे किए 30 साल जेल पर आधारित है कहानी

**नई दिल्ली।** आज से ठीक 30 साल पहले, 7 जून 1996 को माइकल बे की फिल्म द रॉक रिलीज हुई थी। शॉन कॉनरी, निकोलस केज और एड हैरिस की तिकड़ी की यह एक्शन थ्रिलर आज भी एक्शन प्रेमियों की पहली पसंद है। बेशक फिल्म को तीन दशक हो चुके हैं, लेकिन आज भी इसकी गिनती टॉप एक्शन फिल्मों में होती है। द रॉक की कामयाबी को इस बात से ही समझा जा सकता है कि 75 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 712 करोड़ रुपए) ) के बजट में बनी फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 335 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से 3184 करोड़ रुपए) से ज्यादा कमाए। 'द रॉक" की कहानी अलकाट्राज जेल पर आधारित है। ब्रिगेडियर जनरल फ्रांसिस हम्मेल (एड हैरिस) अपने मारे गए सैनिकों के परिवारों के लिए न्याय मांगते हुए अलकाट्राज पर कब्जा कर लेता है।



# लॉक अप सीजन-2 का प्रोमो जारी...


**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने अपने चर्चित रियलिटी शो 'लॉक अपः सच या सजा' का पहला वीडियो जारी कर दिया है। इस छोटे से वीडियो ने आते ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। वीडियो में फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान और अभिनेता रितेश देशमुख जेल के अंदर नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस झलक ने लोगों के मन में कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। इंस्टाग्राम पर जारी किए गए वीडियो में फराह खान और रितेश देशमुख को कैदियों की तरह दिखाया गया है। क्लिप में फराह खान को कैदी संख्या 06 और रितेश देशमुख को कैदी संख्या 27 के रूप में दिखाया गया है। दोनों जेल की कोठरियों में कैद हैं। जेल का माहौल रहस्य और तनाव से भरा है।



# वेलकम टू द जंगल में हंसी का धमाल

**मुंबई।** कॉमेडी और एक्शन वाली 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर 11 जून को रिलीज हो चुका है। फिल्म रिलीज से 15 दिन पहले आए इस ट्रेलर ने आते ही तहलका मचा दिया है जिसमें एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा और सस्पेंस सब कुछ ठूंस-ठूंस कर भरा दिख रहा है। जैसी उम्मीद थी कि 'वेलकम' सीरीज की ये फिल्म हंसी और रोमांच का डबल डोज देने वाली है, ट्रेलर इसपर पूरी तरह से फिट नजर आ रहा है। कहीं-कहीं ट्रेलर की झलकियां देख अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बीच 'हेरा फेरी' वाली नोंकझोंक भी याद दिलाती नजर आ रही है। कि'वेलकम टू द जंगल' इसी महीने के अंत में 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर लांच के लिए वीआरएफ स्टूडियो की तरफ से भव्य इवेंट लॉन्च किया गया।

टीवी मसाला



# सैराब में दिखाई जा रही प्रियंका-निक की लव स्टोरी?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो सैराब इन दिनों चर्चा में है, जिसमें एक्ट्रेस मदिराक्षी मुंडले नजर आ रही हैं। कई लोग उन्हें सिया के राम में सीता के किरादर में जानते होंगे और पसंद करते होंगे। लेकिन, अब वह एक मां के रोल में सैराब सीरियल में नजर आ रही हैं, जिसकी कहानी एक पॉप स्टार और एक डॉक्टर की है। हालांकि, जब से शो का पहला प्रोमो आया तब से इसकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की लव स्टोरी से की गई। अबमदिराक्षी मुंडले ने कहा- वैसे तो मैं उनकी कहानी से कुछ विशेष परिचित नहीं हूं। यदि कोई समानताएं हैं तो मुझे लगता है कि ये एक संयोग हो सकता है। सैराब एक बहुत रोचक रोमांटिक लव स्टोरी है। नयनिका, जो मेरा किरदार है, और ईशान, जिसे रोहित कर रहे हैं, दो इतने अलग व्यक्तित्व हैं। बहुत समय बाद ऐसा कोई शो शायद आया है जिसे क्लासिकल लव स्टोरी कहा जा रहा है और दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी बहुत जोश भरी हैं। कई लोगों के जीवन में ऐसे योग आते हैं जिनसे उन्हें पर्सनल रूप से कष्ट और दुःख होता है। संभव है ये लोग अपने जीवन में एक और मौके की चाह तो रखते हैं, लेकिन शायद खुले में ये बोल नहीं पाते क्योंकि परिस्थितियां कुछ इस प्रकार की होती हैं। ऐसे में कैसे नयनिका, जो एक डॉक्टर हैं, और ईशान, जो एक रॉकस्टार हैं, एक-दूसरे के निकट आते हैं, सैराब उसी की एक संगीतमय कहानी है।

## गंगा माई की बेटियां सीरियल का बोलबाला


**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में पिछले कुछ हफ्तों से बड़ा उल्टफेर हो रहा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और अनुपमा जैसे सीरियल्स को नए शोज टक्कर दे रहे हैं। 22वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' ने बाजी मारी है।



गंगा माई की बेटियां सीरियल में एक मां और उसकी बेटियों के संघर्ष को दिखाया गया है। इसको 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है, यह सीरियल पहले नंबर पर है। जबकि 21वें हफ्ते में इसको 1.8 की टीआरपी मिली थी। देखा जाए तो 22वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी में उछाल आया है। सीरियल वसुधा को 22वें हफ्ते में 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यह सीरियल टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। 21वें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी इतनी ही थी। यह सीरियल भी एक साधारण लड़की के सपनों, संघर्ष और प्रेम की कहानी को दिखाता है। तीसरे नंबर पर सीरियल तुम से तुम तक है। इस सीरियल को 22वें हफ्ते में 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। 21वें हफ्तें भी इसकी इतनी ही टीआरपी थी।


# वीर दास होंगे बारह नंबर के निर्देशक स्टारकास्ट का किया ऐलान

**मुंबई।** एक्टर, कॉमेडियन और फिल्ममेकर वीर दास ने अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म 'बारह नंबर' का ऐलान किया है। इस फिल्म में शीबा चड्ढा, अरुणोदय सिंह, एहसास चन्ना और अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार होंगे। यह साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है। दास ने इस साल की शुरुआत में स्पाई कॉमेडी फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था। 'बारह नंबर' के लिए वीर दास एक बार फिर 'हैप्पी पटेल' के को-डायरेक्टर कवि शास्त्री के साथ काम करेंगे। इस फिल्म से वह क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दास भी फिल्म में बतौर एक्टर काम करेंगे। इसमें निहारिका लायरा दत्त, श्रिया पिलगांवकर, सुहैल नय्यर, पूजा स्वरूप और नवीन कौशिक भी शामिल हैं। वीर दास ने बताया 'इस प्रोजेक्ट की सबसे रोमांचक बात यह है कि इसमें ऐसे कलाकार साथ आए हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं। शीबा, अतुल, अरुणोदय, श्रिया, एहसास, निहारिका, सुहैल और नवीन, हर कोई फिल्म में एक अलग ऊर्जा और असलियत लेकर आता है।' उन्होंने आगे कहा 'हॉरर फिल्म तब अच्छी लगती है जब दर्शकों को हर पल असली लगे और इस कलाकारों की टीम ने कहानी को उस स्तर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जो मैंने इसे लिखना शुरू करते समय सोचा था।' देली बेली, गो गोवा गॉन जैसी फिल्मों और कॉल मी बे जैसी सीरीज में काम करने के लिए मशहूर वीर दास, अपने बैनर जजू प्रोडक्शंस के जरिए 'बारह नंबर' को प्रोड्यूस करेंगे।



# मौनी और जिमी का नया गाना पड़ोसन रिलीज, लिरिक्स पर जमकर बखेड़ा

**मुंबई।** डेविड धवन की कई स्टार्स वाली रोमांटिक कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले अहम हफ्ते के दिनों में भी लोगों का ध्यान खींच रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में शानदार 24 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है, लेकिन ये अब सुस्त होती जा रही है। वहीं, फिल्म के गाने भी धीरे-धीरे रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है और मौनी रॉय इसमें डांस कर रही हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'पड़ोसन' रिलीज हो गया है। इसमें मौनी रॉय और जिम्मी शेरगिल दिखाई दे रहे हैं और दोनों जबरदस्त डांस भी कर रहे हैं। गाने के लिरिक्स कुछ ऐसे हैं कि 'पत्नी को खिचड़ी खिलाके सुलाने में, भैया जी, लेट कभी होने ना दें और फिर सवेरे तक अपनी पड़ोसन को सोने ना दें!' गाने के कमेंट सेक्शन में एक बार फिर अश्लीलता को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। कमेंट सेक्शन में मौनी रॉय की तो खूब



तारीफ हुई है, लेकिन लिरिक्स को लेकर भद भी पिट रही है। एक ने लिखा- इन लोगों की वजह से पड़ोसन भी सेफ नहीं है। एक ने कहा- इसके अलावा कुछ रह गया है कि नहीं। मौनी रॉय का तो कमेंट सेक्शन ऐसी ही बातों से भरा हुआ है। एक ने लिखा- बस यही सुनने को बाकी रह गया है। एक यूजर ने कहा- एक असली सवालः क्या एक्टर्स साइन करने से पहले गाने के बोल सुनते हैं, या रिलीज होने के बाद हम लोगों की तरह उन्हें भी पता चलता है? मतलब, सच में, तुम लोगों को क्या हो गया है? कुछ फैंस ने तो गुस्से में काफी कुछ बोल दिया और फिल्म इंडस्ट्री पर ही सवाल उठाया। एक ने लिखा- मौनी जिमी तो अच्छे हैं लेकिन ये गाना, कितना घटिया है। एक ने कहा- चीप गाना और उससे बकवास फिल्म। अनुभवी फिल्म निर्माता डेविड धवन की निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड रोल्स में हैं, जिसमें मनीष पॉल, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय और राजपाल यादव जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

## 4 फिल्मों में चला एक ही गाना, 2 फिल्में हिट, तीसरी ने की बम्पर कमाई

# 49 साल से लोगों के दिलों पर राज कर रहा है ये गाना

*नई दिल्ली। फिल्में आती हैं, जाती हैं और वक्त के साथ कई गाने भी लोगों की यादों से धुंधले पड़ जाते हैं। लेकिन, कुछ गाने ऐसे होते हैं जो हर दौर में खुद को फिर से साबित कर देते हैं। चाहे 70 का दशक हो, 90 का दौर हो या फिर आज का समय, उनका जादू कभी फीका नहीं पड़ता। बॉलीवुड का एक ऐसा ही गाना पिछले 49 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। दिलचस्प बात ये है कि इस गाने ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जहां-जहां ये गाना पहुंचा, वहां इसने दर्शकों का दिल जीत लिया। हम बात कर रहे हैं सदाबहार हिट गाने 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की, जिसका क्रेज आज भी बरकरार है।*

### हेलन पर फिल्माया गया और बन गया सनसनी

'मुंगड़ा मुंगड़ा' पहली बार साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'इंकार' में सुनाई दिया था। इस गाने को उषा मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी, जबकि इसे हेलन पर फिल्माया गया था। गाना रिलीज होते ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया। इसके बोल, संगीत और हेलन के डांस ने ऐसा रंग जमाया कि देखते ही देखते ये उस दौर का सुपरहिट गाना बन गया।

### फिल्म से ज्यादा गाने की हुई चर्चा

विनोद खन्ना और विद्या सिन्हा स्टारर 'इंकार' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा 'मुंगड़ा मुंगड़ा' की हुई। आज भी जब पुराने सुपरहिट गानों की बात होती है तो इस गाने का नाम जरूर लिया जाता है। यही वजह है कि इसे बॉलीवुड के सबसे यादगार गानों में गिना जाता है।

### दूसरी फिल्म में भी चला मुंगड़ा का जादू

साल 1984 में रिलीज हुई फिल्म 'अंदर बाहर' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' सुनाई दिया। फिल्म में अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, मुनमुन सेन और किम जैसे सितारे नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही, लेकिन गाने की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। दर्शकों ने एक बार फिर इस गाने को खूब पसंद किया।



### आज भी लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल

बहुत कम गाने ऐसे होते हैं जो कई पीढ़ियों के बीच अपनी पहचान बनाए रखते हैं। 'मुंगड़ा मुंगड़ा' उन्हीं चुनिंदा गानों में शामिल है। चार फिल्मों का हिस्सा बन चुका ये गाना आज भी शादी-पार्टी और डांस फ्लोर की रौनक बना हुआ है। शायद यही वजह है कि 49 साल बाद भी इसका जादू पहले जैसा कायम है।

### 29 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर लौटा

*घायल के बाद इस गाने ने लंबा इंतजार करवाया, लेकिन साल 2019 में ये फिर नए अंदाज में लौट आया। फिल्म 'टोटल धमाल' में 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को रीक्रिएट किया गया। इस बार गाना सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्माया गया था। पुराने गाने का तड़का और नए दौर का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और हिट साबित हुई।*

### सनी की सुपरहिट फिल्म तक पहुंचा गाना

इसके बाद साल 1990 में रिलीज हुई 'घायल' में भी 'मुंगड़ा मुंगड़ा' को शामिल किया गया। सनी देओल, मीनाक्षी शेषाद्रि और अमरीश पुरी स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। करीब 2 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म ने कई बड़े अवॉर्ड भी जीते और उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### टाइटन और विवांता ने की साझेदारी

**मुंबई।** टाइटन कंपनी लिमिटेड के प्रीमियम फ्रैगरेंस पोर्टफोलियो स्किन-हाउस ऑफ टाइटन ने इंडियन होटल्स कंपनी के बोन विवंत ब्राण्ड विवांता के साथ सामरिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत विवांता की प्रॉपर्टी में चैक-इन करने वाले मेहमानों का स्वागत खासतौर पर तैयार की गई स्किन फ्रैगरेंस वायल्स के साथ किया जाएगा- इन ट्रैवल फ्रेंडली शीशियों को संग्रह करके रखा जा सकता है, इस तरह ये फ्रैगरेन्स मेहमानों के चैक-इन के अनुभव को यादगार अहसास में बदल देंगे।

### आरबीआई ने 135 लाइसेंस रद्द किए

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) सेक्टर में बड़ी सफाई करते हुए एक बेहद सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने देश भर की 135 एनबीएफसी कंपनियों के सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन (सीओआर) यानी पंजीकरण प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। यह बड़ी कार्रवाई वित्तीय क्षेत्र में नियमों के पालन और नियामक निगरानी को मजबूत करने की दिशा में आरबीआई के कड़े रुख को दर्शाती है। आरबीआई ने यह फैसला क्यों लिया है और इसका बाजार पर क्या असर होगा।

### अमेजन का 'स्मार्ट च्वॉइस डेज' सेल

**बेंगलुरु।** अमेजन ने 'स्मार्ट च्वॉइस डेज' सेल की घोषणा की है, जो गुरूवार से शुरू हो गई है। इस सेल में स्मार्ट च्वॉइस द्वारा सुझाए गए प्रोडक्ट्स पर 60 फीसदी तक की छूट, नो-कॉस्ट ईएमआई और विभिन्न बैंक ऑफर्स दिए जाएंगे। कंपनी का दावा है कि यह भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग के लिए सबसे व्यापक गाइडेड-डिस्कवरी अनुभवों में से एक है। स्मार्टचॉइस ग्राहकों को उनकी जरूरत और उपयोग के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा चुने गए प्रोडक्ट सुझाव उपलब्ध कराता है।

## प्लास्टिक दाने की कीमतों में 40 से 50 रुपए प्रति किलो तक का उछाल

# मानसून की तैयारियों के बीच बढ़ी तिरपाल, पन्नी की मांग, महंगे प्लास्टिक दाने का बोझ जेब पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मानसून के आगमन से पहले राजधानी भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में तिरपाल और प्लास्टिक पन्नी की मांग तेजी से बढ़ गई है। घरों, दुकानों, गोदामों और निर्माण स्थलों को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए लोग बड़ी संख्या में इन सामग्रियों की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं प्लास्टिक निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल (दाने) की कीमतों में वृद्धि ने बाजार की चाल बदल दी है।

क्योंकि कच्चे तेल और पश्चिम एशिया में सप्लाई संकट के कारण पिछले दो महीनों में प्लास्टिक दाने की कीमतों में 40 से 50 प्रति किलो तक का उछाल आया है। इसके कारण विनिर्माण लागत में 30 से 50 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आजाद मार्केट स्थित प्लास्टिक की पन्नी और तिरपाल की बिक्री करने वाले प्रहलाद दास अग्रवाल के मुताबिक इस सीजन में मांग बढ़ने के साथ-साथ उत्पादन लागत भी बढ़ी है। प्लास्टिक दाना महंगा होने के कारण तिरपाल और पन्नी के निर्माण पर अतिरिक्त खर्च आ रहा है, जिसका सीधा असर खुदरा कीमतों पर दिखाई दे रहा है। कई उत्पादों के दाम पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं।

**» विनिर्माण लागत में 30 से 50 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज**



आजाद मार्केट

### फैक्ट्री मालिकों के लिए उत्पाद बनाना महंगा हो गया

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मेंबर और उद्यमी योगेश गोयल के अनुसार कच्चे माल की कीमतों में आई इस अकस्मात तेजी का सबसे ज्यादा प्रभाव सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पर पड़ा है। फैक्ट्री मालिकों के लिए उत्पाद बनाना महंगा हो गया है, जिसका असर पैकेजिंग, ऑटोमोबाइल और घरेलू प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों पर भी पड़ना शुरू हो गया है।

### प्लास्टिक के दानों (ग्रेट) की वर्तमान कीमत

- ▶▶ पीवीसी 85 -100 रु. किलो
- ▶▶ एचडीपीई 100 -115 रु. किलो
- ▶▶ पीपी 105 - 120 रु.प्रति किलो
- ▶▶ एलडीपीई 115 - 130 रु. प्रति किलो
- ▶▶ एबीएस 145 - 165 रु. प्रति किलो

### तिरपाल तथा प्लास्टिक शीट की अच्छी बिक्री हो रही

उन्होंने बताया कि बाजार में इन दिनों विभिन्न आकार और गुणवत्ता की तिरपाल तथा प्लास्टिक शीट की अच्छी खासी बिक्री हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भी फसल, चारा और कृषि उपकरणों को बारिश से बचाने के लिए बड़ी मात्रा में तिरपाल खरीद रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में मकानों की छतों और खुले स्थानों को ढंकने के लिए इसकी मांग बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि मानसून शुरू होने के बाद मांग और बढ़ सकती है, इसलिए अभी से अतिरिक्त स्टॉक मंगाया जा रहा है। हालांकि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद ग्राहकों की खरीदारी पर खास असर नहीं पड़ा है, क्योंकि बारिश से बचाव के लिए यह जरूरी सामग्री मानी जाती है।


## मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# 22 से 30 फीसदी एथेनॉल मिश्रित फ्यूल पर खत्म हुई एक्साइज ड्यूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय सरकार ने अब 22 से 30 फीसदी तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को एक्साइज ड्यूटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है।

यह फैसला बुधवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से किया गया। सरकार का यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और इस निर्णय से देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी। एथेनॉल पेट्रोल देश में ही गन्ना, मक्का और खराब अनाजों से उत्पादित किया जाता है।



### आम उपभोक्ताओं पर असर

हालांकि अभी देश भर में 22-30 फीसदी एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल हर पंप पर उपलब्ध नहीं है, इसलिए आम वाहन चालकों की जेब पर तुरंत बड़ा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह कदम भविष्य में देश के ट्रांसपोर्ट सेक्टर को स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन की ओर ले जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, अब तेल कंपनियों और सप्लायर्स के लिए हाई-एथेनॉल फ्यूल बनाना और सप्लाई करना आर्थिक रूप से किफायती और आकर्षक होगा। इससे आने वाले वर्षों में पेट्रोल में एथेनॉल की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ेगी।

### » नए ईंधन और उनका मिश्रण

- ▶▶ ई22 : 22 फीसदी एथेनॉल, 78 फीसदी पेट्रोल
- ▶▶ ई25 : 25 फीसदी एथेनॉल, 75 फीसदी पेट्रोल
- ▶▶ ई27 : 27 फीसदी एथेनॉल, 73 फीसदी पेट्रोल
- ▶▶ ई30 : 30 फीसदी एथेनॉल, 70 फीसदी पेट्रोल

## फिर औंधे मुंह गिरी सोना-चांदी की कीमतें

# एक महीने में सोना 15,765 रुपए और चांदी के दाम 53,810 रुपए हुए कम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोना और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मध्य पूर्व में जारी तनाव, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों और ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख के बीच कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार सोने में मुनाफावसूली का दौर जारी है और निवेशकों की नजरें कच्चे तेल की कीमतों, रुपए की चाल और वैश्विक आर्थिक घटनाक्रमों पर टिकी हुई हैं।

इसका असर अंतरराष्ट्रीय बाजार से लेकर घरेलू और स्पॉट बाजार तक देखने को मिल रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना 448 रुपए की गिरावट के साथ 1,47,569 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी 1,003 रुपए टूटकर 2,34,502 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सराफा व्यापारियों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव 2,845 रुपए गिरकर 1,45,584 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत 2,740 रुपए घटकर 2,33,540रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। सराफा व्यापारी आनंद सोनी के अनुसार यदि पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोने और चांदी में भारी गिरावट दर्ज की गई है। 14 मई को 24 कैरेट सोना 1,61,349 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो अब घटकर 1,45,584 रुपए रह गया है। इस तरह एक महीने में सोना 15,765 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी की कीमत 14 मई को 2,87,350 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो अब गिरकर 2,33,540 रुपए पर आ गई है। यानी एक महीने में चांदी 53,810रुपए प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल का मानना है कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और निवेशकों की बदलती रणनीतियों के चलते आने वाले दिनों में सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

**» यदि पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोने और चांदी में गिरावट दर्ज की गई**



# अनुष्का ने भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की, मध्य प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर चयनित हुईं और वर्तमान में नरसिंहपुर में पदस्थ हैं

**जबलपुर।** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी तथा अदाणी फाउंडेशन, एसीसी काइमोर की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मध्य प्रदेश के उन युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनमें समाज और देश की सेवा करने का जज़्बा तो है, लेकिन सीमित संसाधन उनके सपनों की राह में बाधा बन जाते हैं।

अनुष्का गौतम को हमेशा से पता था कि वह जीवन में क्या हासिल करना चाहती हैं। कटनी के एक साधारण परिवार की सबसे बड़ी संतान होने के नाते उन्होंने अपने परिवार को सीमित आय में हर रुपये का सोच-समझकर उपयोग करते देखा था। उनके लिए सरकारी नौकरी केवल एक करियर विकल्प नहीं थी, बल्कि आर्थिक स्थिरता, आत्मनिर्भरता और समाज के लिए सार्थक कार्य करने का सबसे भरोसेमंद मार्ग थी। उनकी राह में बाधा उनकी प्रतिभा नहीं, बल्कि अवसरों और संसाधनों तक पहुंच की कमी थी।प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छी कोचिंग अक्सर महंगी



होती है। सीमित आय वाले परिवारों के लिए सरकारी नौकरी की आकांक्षा और उसकी पर्याप्त तैयारी के बीच की दूरी बिना बाहरी सहयोग के लगभग असंभव हो जाती है। वर्ष 2023 में एसीसी काइमोर स्थित अदाणी फाउंडेशन और जिला प्रशासन ने मिलकर अनुष्का को भारत निर्माण कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश दिलाकर इस दूरी को कम किया।यहां उन्हें केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित मार्गदर्शन प्रणाली भी मिली। भर्ती प्रक्रिया की गहन जानकारी रखने वाले अनुभवी मेंटर्स, नियमित मॉक टेस्ट, जिन्होंने परीक्षा परिस्थितियों में उनकी क्षमता को निखारा, तथा उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री, जिन तक अन्यथा उनकी पहुंच नहीं थी।

इसके साथ-साथ निरंतर करियर परामर्श ने उन्हें उस समय भी प्रेरित और केंद्रित बनाए रखा, जब तैयारी का सफर लंबा और परिणाम अनिश्चित प्रतीत होता था।अनुष्का ने भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की और मध्य प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर चयनित हुईं। वर्तमान में वे नरसिंहपुर में पदस्थ हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अपने पेशेवर जीवन में स्थापित हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे वही कार्य कर रही हैं, जिसे करने का उन्होंने हमेशा सपना देखा था।जिस परिवार ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उन्हें हर संभव सहयोग दिया और कभी-कभी यह चिंता भी की कि कहीं वह पर्याप्त न हो, उनके लिए अनुष्का का चयन वर्षों के त्याग और समर्पण का सबसे बड़ा प्रतिफल साबित हुआ। एसीसी काइमोर स्थित अदाणी फाउंडेशन के लिए यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब सुनियोजित सहयोग और दृढ़ संकल्प एक साथ आते हैं, तो असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। अनुष्का की कहानी यह संदेश देती है कि संचालन क्षेत्रों के आसपास के समुदायों में केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण ही नहीं, बल्कि लोगों के भविष्य का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### सीआईएल और सीएमपीडीआई ने रांची में किया आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चौधरी शिवराज सिंह ने अपने मुख्यालय, रांची में कोल कैरेक्टराइजेशन लेबोरेटरी के तहत अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया। यह नई लैब इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री (आईसीपी-एमएस), एक्स-रे फ्लोरेसेंस (एक्सआरएफ) और एक्स-रे डिफ्रैक्शन (एक्सआरडी) जैसी एडवांस्ड मशीनों से लैस है। यह सुविधा नॉन-कोल खनिजों के एलिमेंटल, केमिकल और मिनरलोलॉजिकल कैरेक्टराइजेशन के लिए एक व्यापक एनालिटिकल प्लेटफॉर्म प्रदान करती है। उद्घाटन समारोह में संस्थान के निदेशक अजय कुमार, निदेशक नृपेंद्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी बीडी) आनंद मोहन, सीआईएल के कार्यपालक निदेशक के. राजशेखर और कार्यपालक निदेशक आरके सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कोडा ऑटो ने भारत में बढ़ाई आरएस विरासत, नई कोडिएक आरएस एसयूवी लॉन्च करने का किया ऐलान


## कोडिएक आरएस की बुकिंग 22 जून 2026 से होगी शुरू

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडिएक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है। 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है। 22 जून, 2026 से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडिएक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्ज़री की बहुउपयोगिता और 4x4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है।

इस घोषणा पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की वैश्विक परफॉर्मेंस विरासत का प्रतीक रहा है और भारत में भी ऑक्टाविया आरएस के दो दशक पहले आगमन के बाद से इसका बेहद मजबूत प्रशंसक वर्ग रहा है। पिछले साल लॉन्च हुई नई ऑक्टाविया आरएस केवल 20 मिनट में पूरी तरह बिक गई थी, जिसने ऑटोमोबाइल उत्साहियों के बीच इसकी खास लोकप्रियता को साबित किया। अब हम इसी विरासत को कोडिएक आरएस के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। यह भारत में प्रतिष्ठित आरएस बैज पाने वाली हमारी पहली सात-सीटर एसयूवी है और देश में अब तक की सबसे तेज स्कोडा भी। यह परफॉर्मेंस, स्पेस और 4x4 क्षमता को हमारी रेसिंग विरासत की दमदार पहचान के साथ पेश करती है।"

### कोडिएक आरएसः परफॉर्मेंस इसकी पहचान

आरएस बैज, जिसका अर्थ रैली स्पोर्ट है, स्कोडा ऑटो की परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।




वैश्विक स्तर पर आरएस मॉडल्स अपनी दमदार क्षमता, बेहतरीन प्रिसिजन और रोमांचक ड्राइविंग अनुभव के लिए जाने जाते हैं। कोडिएक आरएस के साथ यह दर्शन अब भारत के लग्ज़री एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश कर रहा है, जो बहुउपयोगी और ऑल-टेरेन क्षमता वाले पैकेज में और भी ज्यादा शार्प तथा रोमांचक ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। कोडिएक आरएस ब्रांड की 'डिफरेंशिएशन' रणनीति को भी दर्शाता है, जो हर तरह की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई एसयूवी के जरिए उसके पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाता है।

### स्कोडा का रेसिंग डीएनए

मोटरस्पोर्ट एक सदी से भी अधिक समय से स्कोडा ऑटो की पहचान का अभिन्न हिस्सा रहा है। ब्रांड की पूरी कार रेंज- काइलैक, कुशाक और स्लाविया से लेकर कोडिएक और सीमित संख्या में उपलब्ध ऑक्टाविया आरएस त।, ने 'एक ही निर्माता द्वारा सर्किट पर सबसे तेज मल्टी-कार रिले' का इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड अपने नाम किया। इन पांचों कारों ने, ड्राइवर बदलने में लगे समय सहित, कोयंबटूर स्थित कोस्ट ट्रैक पर कुल 12:30.97 मिनट का लैप टाइम दर्ज किया। इसके साथ ही ब्रांड ने अपना 'ग्रेटेस्ट ऑन अ ट्रैक इज अ स्कोडा ऑन अ ट्रैक' अभियान भी शुरू किया, जिसने उसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में इंजीनियरिंग क्षमता और दमदार डायनामिक प्रदर्शन को प्रदर्शित किया। कोडिएक आरएस एसयूवी लाइन-अप में इसी दर्शन का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है, जो ब्रांड के मोटरस्पोर्ट डीएनए, परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग और ऑल-टेरेन क्षमता को अब तक के सबसे प्रभावशाली रूप में पेश करती है।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /12/जून 26)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से ( 10वीं पास) लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 32,500/- से 45,500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 8851499466 (रायपुर /12/जून 26)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 6254



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 6253 का हल



## सूडोकु नवताल - 6264

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल - 6263 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



पिछले सप्ताह सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार क्षमा शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्टोरी टेलिंग सेशन के दौरान एक कहानी बुनकर बच्चों को सुनाई, बच्चों ने खूब आनंद लिया। **हरिभूमि (बालभूमि)** के आग्रह पर क्षमा जी ने वो कहानी हमें लिख कर दी है। यह कहानी उस राक्षस और बच्चों की है, जो बच्चों की टॉफियां लेकर भाग जाता है। निडर बच्चे उस राक्षस से अपनी टॉफियां लेने के लिए उसका पीछा आसमान तक करते हैं। इस बीच बच्चों की मुलाकात एक बहुत प्यारी सी मछली से होती है, जो उन्हें सुरक्षा देती है। इस दरमियान बच्चों को जो मीठे-प्यारे और साहसिक अनुभव होते हैं, वे बहुत ही रोमांचक हैं। बच्चो, तुम भी इस कहानी का मजा लो।

# हिप-हिप हुर्रे...



कहानी
क्षमा शर्मा

मेरे प्यारे बच्चो, आज मैं तुम्हें जो कहानी सुनाने जा रही हूं, बहुत ही मजेदार है, तो सुनो- सोनपुर कस्बे के एक घर में अपने दो बेटों के साथ दादी रहती थीं। उनके बड़े बेटे के एक बच्ची अनाया और बेटा आरव था, छोटे बेटे के बच्चों का नाम लव और कुश था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। बच्चों की दादी और मम्मी-पापा नहीं चाहते थे, बच्चे हरदम मोबाइल और कंप्यूटर में उलझे रहें। दादी हर सुबह बच्चों के साथ मिलकर कोई न कोई ऐसा काम करतीं, जिसमें उन्हें मजा आए। एक दिन उन्होंने बच्चों से पेंटिंग करवाई। चारों में से आरव ने बंदर, शेर और जंगल बनाया, अनाया ने एक तालाब में ढेर सारे कमल खिलाए। वहां मछलियां भी तैर रही थीं। लव ने एक राक्षस बनाया, जो आसमान में उड़ा जा रहा था और कुश, उसने तो एक ऐसी दुकान बनाई, जिसमें बस रंग-बिरंगी टॉफियां भरी थीं।

अगले दिन दादी बच्चों से बोलीं कि तुम लोगों ने बहुत अच्छी पेंटिंग्स बनाई हैं, सभी को ईनाम में टॉफी मिलेगी। वे टॉफी का पैकेट लेकर आईं और सामने की मेज पर रख दिया। तभी दीवार से कूदकर एक बंदर आया और टॉफी के पैकेट को लेकर ये गया और वो गया। दादी चिल्लाईं, 'ओह, ये मुआ राक्षस फिर से आ गया।'

'मगर दादी वह राक्षस कहां, वह तो बंदर था।' आरव बोला। 'तुम्हें नहीं मालूम, यह राक्षस ही है। रूप बदल-बदलकर आता है। इसे टॉफी-चॉकलेट बहुत पसंद हैं। लगता है मुझे ही इसका पीछा करके टॉफी का पैकेट वापस लाना पड़ेगा।' कहती हुई दादी अंदर गईं और अपनी कई साड़ियां उठाकर ले आईं। उसकी एक रस्सी बनाकर उन्होंने हवा में उछाला, तो वह किसी डंडे की तरह सीधी खड़ी हो गई। बच्चे आश्चर्य से देखने लगे। फिर दादी बोलीं, 'अब मैं इस रस्सी के सहारे चढ़कर आसमान में जाती हूं। देखती हूं, राक्षस मुझसे बचकर कहां जाता है?'

यह सुनकर बच्चे चिंतित हो गए। दादी तो बूढ़ी हैं। कहीं ऊपर से गिर गईं, तो क्या होगा? आरव बोला, 'दादी आप नहीं, हम उसे ढूंढने जाएंगे।'

लव ने आरव की बात का समर्थन किया, 'हां, यही ठीक रहेगा।' कुश भी साथ चलने को तैयार हो गया। अनाया कहने लगी, 'मैं भी जाना चाहती हूं, लेकिन कहीं हम गिर गए तो!'

'चल तू हमारे साथ, गिर कैसे जाएगी। हम सब रस्सी को पकड़े होंगे और तुझे भी पकड़े रहेंगे।' आरव बोला।

बस फिर क्या था, बच्चे एक-एक करके रस्सी पर चढ़ गए। रस्सी हवा में ऐसे उड़ने लगी जैसे कोई पंछी। दादी ने उनको बॉय..बॉय कहा। वे तब तक उन्हें हवा में जाती देखती रहीं, जब तक बच्चे आंखों से ओझल न हो गए।

बच्चे उड़े जा रहे थे। आगे-आगे वही बंदर, जो टॉफी का पैकेट लेकर भागा था। पृथ्वी दूर रह गई थी। यहां से सारे पेड़, ऊंची इमारतें, बहुत छोटे-छोटे नजर आ रहे थे। तभी कमाल हुआ। बंदर गायब था। अब उनके आगे बड़े-बड़े बालों वाला, काले रंग का भारी-भरकम एक राक्षस उड़ रहा था। उसने पीछे मुड़कर बच्चों को देखा और जोर से ठहाका लगाया। उसके बड़े-बड़े दांत और सींग देखकर बच्चे डर गए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। राक्षस उन्हें टॉफी का पैकेट दिखाकर चिढ़ाता। कभी इधर उड़ता, तो कभी उधर। उसके पीछे-पीछे रस्सी भी उड़ी चली जाती, जिसके सहारे बच्चे लटके थे।

तभी एकाएक जोरदार धमाका हुआ। चारों ओर धुआं फैल गया, अंधेरा छा गया। बच्चों को लगा कि कहीं वे रास्ता भूलकर धरती की तरफ ही न चले जाएं। जब धुआं छंटा, अंधेरा कम हुआ, तो राक्षस कहीं नजर ही नहीं आया। बच्चे हक्के-बक्के हो गए, आखिर राक्षस कहां गया! यहां तो कोई घर या झोपड़ी भी दिखाई नहीं दे रही थी। हर तरफ बस बियाबान। कहां ढूंढें उसे? अचानक रस्सी ऊपर की ओर उड़ने की बजाय नीचे की तरफ उतरने लगी। रस्सी ने उन्हें एक नदी के किनारे उतार दिया और खुद गोल घेरा बनाकर सिमट गई। अनाया बोली, 'रस्सी को शायद पता है कि राक्षस यहीं कहीं है।'

'यह रस्सी जादुई है। मगर दादी के पास आई कहां से, उन्होंने इसके बारे में कभी बताया भी नहीं।' लव बोला।

चारों बच्चे नदी के किनारे बैठ गए, तभी उन्हें मीठे गाने की आवाज सुनाई दी। घुंघरू की आवाजें भी। वे समझ नहीं सके कि धरती पर हैं या आसमान में। तभी अचानक नदी के बीच छपाक-छपाक की आवाज सुनाई दी। आरव डरकर खड़ा हो गया। बोला, 'कहीं कोई मगरमच्छ तो नहीं बढ़ा चला आ रहा?' लेकिन तभी पानी के ऊपर एक लाल सिर दिखाई दिया, वह एक बड़ी-सी मछली थी। किनारे पर आकर बोली, 'बच्चो, यहां तुम क्यों आए हो?'

सभी एक सुर में बोले, 'हम उस राक्षस को ढूंढ़ रहे हैं, जो हमारा टॉफी का पैकेट लेकर भाग गया है।' सुनकर मछली को आश्चर्य हुआ, 'अरे, एक टॉफी के पैकेट के पीछे तुम इतनी दूर तक चले आए, दूसरा ले आते।'

बच्चे बोले, 'नहीं, गुस्सा इस बात पर है कि राक्षस अगर



टॉफी खाना चाहता था, तो वह दादी से मांग लेता, लेकर भागा क्यो? किसी की चीज इस तरह हड़प लेना तो बुरी बात है न।' मछली बोली, 'हां ये तो सही कहा तुमने। लेकिन तुम लोगों ने जब राक्षस का पीछा किया तो वह गायब हो गया होगा।' लव जोर से बोला, 'हां, बिल्कुल यही हुआ!'

'मगर अब तो वह गुफा के अंदर चला गया होगा। उसकी गुफा का दरवाजा उसके अलावा कोई और नहीं खोल सकता। वह मजबूत पत्थर से बना है।' मछली ने बताया।

'तो अब हम क्या करें?' बच्चे बोले।

'तुम्हें सुबह का इंतजार करना होगा।' मछली ने कहा।

'सवेरे तक! तो क्या हम वापस जाकर फिर से आएं? यहां तो कैसे रहेंगे? हमें भूख लगी है। रात में सोएंगे कहां? अगर राक्षस रात में गुफा से बाहर निकल आया तो?' बच्चे एक-एक करके पूछने लगे।

'उसकी चिंता तुम मत करो। मैं यहां की रानी हूं। तुम रात भर यहीं रहना, जो चाहोगे वह खाना। बस तुम्हें पानी के अंदर रहना होगा, जिससे कि राक्षस अगर बाहर भी आए, तो उसकी नजर तुम पर न पड़े।' मछली जैसे बच्चों की दोस्त बन गई थी। 'लेकिन हम पानी के अंदर सोएंगे कैसे? हमारा तो दम घुट जाएगा।' अनाया गोल-गोल आंखें घुमाकर बोली।

'इस नदी में मुझ जैसे ही बड़े-बड़े कछुए, मेढक, केकड़े और दूसरी मछलियां हैं। तुम आराम से रातभर उनकी पीठ पर सोना। खाने के लिए तुम्हारे लिए तरह-तरह के फल और हमारे यहां की विशेष मिठाइयां मिल जाएंगी।' मछली हंसते हुए बोली। मछली रानी की बात सुनकर सारे बच्चे खुश हो गए। उन्होंने खूब फल और मिठाई खाई। उन्हें पीने के लिए खुशबूदार शर्बत दिया गया।

उस रात बच्चे मछली, कछुए की पीठ पर इतनी गहरी नींद में सोए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सवेरा हो गया। तब मछली रानी और उनके मंत्री मेढक ने कहा, 'बच्चो, सावधान! अब न तो तुम्हें पानी से मुंह बाहर निकालना है, न ही कोई बात करनी है, क्योंकि राक्षस के भी जागने का समय हो गया है।'

मेढक की बात सच हुई। थोड़ी ही देर में बच्चों को धम-धम की आवाज सुनाई दी। राक्षस नदी की तरफ ही बढ़ा चला आ रहा था। वह जोर-जोर से हंस रहा था। कह रहा था, 'मुझे सब पता है कि तुम कहां छिपे हो? अब बचकर कहां जाओगे बच्चू। अभी तुम्हारा भुरता बनाता हूं।'

फिर राक्षस नदी के किनारे घूमने लगा। 'हा-हा..' करके हंसता जाता। नदी के अंदर छिपे बच्चों को डर भी लगा, लेकिन मछली, मेढक और केकड़े ने उन्हें इशारे से ढांढस बंधाया। बहुत देर ढूंढ़ने के बाद राक्षस बोला, 'लगता है मेरा पीछा करते-करते थक गए और वापस चले गए। मुझे भी भूख लगी है। चलो धरती की तरफ शिकार करने जाता हूं।' एकाएक वह राक्षस एक विशालकाय शेर में बदल गया। फिर धीरे-धीरे नीचे पृथ्वी की ओर उतरने लगा।

राक्षस के जाते ही चारों बच्चे नदी से बाहर आ गए।

मछली ने कहा, 'सामने कुछ दूर जाओ। फिर बाएं मुड़ो। वहीं राक्षस की गुफा है। देख लेना कि उसका दरवाजा खुला है कि नहीं। यदि नहीं खुला, तो फिर तुम उसे नहीं खोल पाओगे। मैं यहीं तुम्हारा इंतजार कर रही हूं।'

अनाया, आरव, लव, कुश गुफा की तरफ दौड़ पड़े। वहां पहुंचे तो जोर से चिल्लाए, 'हिप-हिप हुर्रे!' दरवाजे का पत्थर एक ओर पड़ा था। चारों तेजी से गुफा के अंदर पहुंचे, लेकिन वहां बहुत अंधेरा था। वे छू-छूकर टॉफी का पैकेट ढूंढ़ने लगे। कभी उनके हाथ कोई हड्डी लगती, तो कभी बाल, तो कभी कोई कपड़ा। अचानक एक पोटली आरव को मिली। हो सकता है कि टॉफी उसी में हो। वे उसे लेकर बाहर आए। लेकिन यह क्या, पोटली में तो बेशुमार रत्न, अशर्फियां और सोने-चांदी के जेवर थे। उन्हें देखकर बच्चे बहुत खुश हुए।

'इनसे तो न जाने कितनी टॉफियां खरीदी जा सकती हैं। लेकिन नहीं, पता नहीं, यह खजाना किसका है। हो सकता है, वह भी कभी इसे ढूंढ़ता हुआ इधर आए। यूं भी पापा-मम्मी और दादी कहते हैं कि कभी किसी दूसरे की चीज नहीं लेनी चाहिए।' बच्चे जरा भी नहीं ललचाए, पोटली गुफा के अंदर रखी और वापस नदी की तरफ आए। रानी मछली वहीं उनका इंतजार कर रही थी। बच्चों ने सारी बात उसे आकर बताई। वह मुस्कुराते हुए बोली, 'कोई बात नहीं। तुम धरती पर वापस जाओ। यह यात्रा तुम्हें हमेशा याद रहेगी।'

अचानक बच्चों ने देखा कि राक्षस के कारण जिस रस्सी ने अपने को छिपा लिया था, वह धरती की तरफ नीचे लटकी थी। बच्चों ने उसे पकड़ा तो वह तेजी से नीचे उतरने लगे। जल्दी ही वे अपने घर के आंगन में उतरे। सब उनका इंतजार कर रहे थे। सारी बात सुनकर दादी बोलीं, 'टॉफी का पैकेट तो ये रहा!' चारों बच्चों का मुंह खुला रह गया। अब बच्चों को दादी से यह सवाल पूछना था, जहाज की तरह उड़ने वाली रस्सी उनके पास आई कहां से? और क्या राक्षस टॉफी नहीं ले गया था? *



सभी इमेज एआई

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## खरबूजे-तरबूजे

गर्मी की आहट होते ही,
निकल पड़े खरबूजे।
मीठी-मीठी प्यास जगाते,
गली-गली तरबूजे।
मम्मी रोज सुबह ले लेती,
काट-छाट कर हमें खिलाती।
मीठा गूदा, मीठा पानी,
घर-भर में खुशबू भर जाती।

खनिज विटामिन के प्याले,
मौसम के फल प्यारे-प्यारे।
छिलका बीज सभी गुणकारी,
पानी के छोटे रस धारे।
हरी पट्टियां धूसर धारी,
गोल-गोल से खरबूजे।
बाहर से ये हरे-हरे हैं,
लाल रसीले तरबूजे।



एआई इमेज

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, आजकल तुम्हारी गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। लेकिन दिन के समय बाहर जाकर खेलने से तुम बीमार हो सकते हो। ऐसे में तुम अपने भाई-बहन या फ्रेंड्स के साथ घर में ही वर्ड या पजल गेम्स खेल सकते हो। इन्हें खेलने में तुम सबको मजा तो आएगा, तुम इंटेलिजेंट और स्मार्ट भी बनोगे।

## ये वर्ड गेम्स-पजल एक्टिविटीज तुम्हें बनाएंगे इंटेलिजेंट-स्मार्ट



एआई इमेज

बच्चो, हम तुमको कुछ ऐसे मजेदार वर्ड गेम्स और पजल एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम घर के भीतर ही खेल सकते हो। ये इंटरेस्टिंग तो हैं ही इनसे ब्रेन की एक्सरसाइज होती हैं, जिससे तुम इंटेलिजेंट भी बनोगे।

**क्रॉसवर्ड:** क्रॉसवर्ड एक स्क्वायर ग्रिड होता है, जिसमें सफेद और काले छोटे-छोटे स्क्वायर बने होते हैं। हल करने के संकेतों को दो श्रेणियों में बांटा जाता है, क्रॉस (बाएं से दाएं) और डाउन (ऊपर से नीचे)। तुम्हें संकेतों को पढ़कर सही शब्द का अनुमान लगाना होता है और हर सफेद खाने में एक अक्षर भरना होता है। सभी शब्द एक-दूसरे को काटते हैं, इसलिए एक शब्द का सही अक्षर दूसरे शब्द को हल करने में मदद करता है। क्रॉसवर्ड शब्दावली यानी वर्ड पॉवर बढ़ाने और तर्कशक्ति को तेज करने का बेहतरीन तरीका माना जाता है। न्यूज पेपर्स, कुछ मैगजींस के अलावा क्रॉसवर्ड बुक्स में तुमको यह गेम मिल जाएगा। आधुनिक क्रॉसवर्ड का आविष्कार ब्रिटिश पत्रकार आर्थर वाईन ने किया था। पहली क्रॉसवर्ड पहेली 21 दिसंबर, 1913 को 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' अखबार में प्रकाशित हुई थी।

**एनाग्राम:** इसमें किसी शब्द के अक्षरों को आगे-पीछे करके एक नया सार्थक शब्द बनाना होता है। एनाग्राम में तुम्हें एक शब्द दिया जाता है। तुमको उस शब्द के सभी अक्षरों का उपयोग करना होता है न कोई अक्षर छोड़ना है और न ही नया अक्षर जोड़ना है। उन अक्षरों को इस तरह व्यवस्थित करना होता है कि एक नया सार्थक शब्द बन जाए। जैसे- अंग्रेजी के वर्ड 'साइलेंट' से 'लिसन' बनाना। यह एक्टिविटी वर्ड्स की स्पेलिंग की बारीकियों को समझने और रचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करती है।


**वर्ड सर्च:** इसमें अक्षरों के एक अस्त-व्यस्त जाल में तुम्हें नीचे दिए गए शब्दों को खोजना होता है। इसमें शब्द क्षैतिज (हॉरिजंटल), ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) या तिरछे (डायगोनल) छिपे हो सकते हैं। वर्ड सर्च पजल को सबसे पहले 1968 में ओक्लाहोमा के नॉर्मन ई. गिबट ने बनाया था। उन्होंने इसे स्थानीय अखबार के लिए तैयार किया था ताकि बच्चों को शब्दों की पहचान करने में आसानी हो। यह पजल बच्चों में 'पैटर्न रिकग्निशन' (आकृतियों की पहचान) और कंसंट्रेशन बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

**वर्ड लेडर:** इसमें तुम्हें एक शुरुआती वर्ड और एक टारगेट वर्ड दिया जाता है। दोनों की लंबाई समान होनी चाहिए। हर स्टेप पर तुम केवल एक अक्षर बदल सकते हो। अक्षर बदलने के बाद जो नया शब्द बने, वह भी मीनिंगफुल होना चाहिए। इस खेल का लक्ष्य है, कम से कम स्टेप्स में टारगेट वर्ड तक पहुंचना। इसका आविष्कार 1877 में 'एलिस इन द वंडर वर्ल्ड' के लेखक लुईस कैरोल ने किया था। उन्होंने इसे 'डबलेट्स' नाम दिया था। यह एक्टिविटी तार्किक सोच और शब्दों के बीच के सूक्ष्म अंतर को पहचानने की शक्ति बढ़ाती है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आया लेखिका अलका प्रमोद का कहानी-संग्रह 'मोबाइल बना सिरदर्द' बहुत मजेदार और सीख देने वाला है। संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। कहानी 'मोबाइल बना सिरदर्द' में आदीप नाम का होशियार लड़का है, जो इतना मोबाइल चलाता है कि उसकी आंखें कमजोर हो जाती हैं और सिर में दर्द रहने लगता है। डॉक्टर भी उसे मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हैं। तब दादी की कहानियां सुनकर उसकी मोबाइल चलाने की लत छूटती है। वह समझ जाता है कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल कितना हानिकारक हो सकता है। 'भूत भाग गया' कहानी में पीहू समेत मम्मी-पापा परेशान थे कि घर से खाने की चीजें कैसे गायब हो जाती हैं। पापा ने जब पूरी बात सुनी तो उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। यह कहानी अंधविश्वास और डर का पर्दाफाश करती है। 'रोटी का मूल्य' कहानी में अक्षिता एक भूखे बच्चे की मदद के लिए घर से ज्यादा भोजन ले जाती है। इस काम के लिए उसकी प्रिंसिपल भी उसकी तारीफ करती हैं। 'एक और उपहार' कहानी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।




कुल मिलाकर संग्रह की सभी कहानियां रोचक और प्रेरक हैं। कहानियों की भाषा सरल और सहज है। इन कहानियों के साथ बने चित्र भी तुमको बहुत पसंद आएंगे। *

**किताब:** मोबाइल बना सिरदर्द, **लेखिका:** डॉ. अलका प्रमोद, **मूल्य:** 240 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लि., दिल्ली

## जीके क्विज-209

1. किस इंडियन चेस प्लेयर ने पहली बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट जीता है?
2. हाल ही में कर्नाटक के 18वें मुख्यमंत्री कौन बनाए गए हैं?
3. किस देश ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
4. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में किसे नए खेल के रूप में शामिल किए जाने की घोषणा की गई है?
5. देश के वर्तमान रेल मंत्री कौन हैं?
6. वायुमंडल में सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
7. 1905 में बंगाल विभाजन किस ब्रिटिश वायसराय द्वारा किया गया?
8. विटामिन E का रसायनिक नाम क्या है?
9. बृहस्पति ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
10. विश्व संगीत दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-209 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-208 का उत्तर :** 1 ऑक्सीजन, 2. सुंदरलाल बहुगुणा, 3. कार्बन डाईऑक्साइड, 4. ओजोन परत, 5. सल्फर डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड, 6. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 7. वैभव सूर्यवंशी, 8. सिक्किम, 9. फिनलैंड, 10. जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

**जीके क्विज-208 का सही उत्तर देने वाले :** वर्णिका-खैरागढ़, तेजस्विनी-बिलासपुर, अंशिका-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सुशांत-रोहतक

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पेड़ पर बैठे लेमर के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: [illegible]

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां ऊपर एक कब (लिटिल टाइगर) के चार अलग-अलग चित्र दिए गए हैं। नीचे उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

फीफा विश्व कप 2026

# फुटबॉल की बादशाहत हथियाने 'जंग' शुरू 48 टीमों के बीच रहेगी कांटे की टक्कर

## भारतीय समयानुसार रात्रि 12.30 बजे से मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के मैच से हुई शुरुआत

एजेसी ▶▶| मेक्सिको

फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है और फीफा विश्व कप इसकी सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। लगभग 100 साल के इतिहास में पहली बार इसका आयोजन 3 देशों- अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होगा। पहला मैच 12 जून को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जबकि फाइनल 20 जुलाई को अमेरिका के न्यू जर्सी में होगा। सभी की नजरें फुटबॉल के महाकुंभ पर होगी।

### 48 टीमें लेने वाली है हिस्सा

विश्व कप का आयोजन हर 4 साल में एक बार किया जाता है। 2026 का संस्करण टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा विश्व कप होगा, जिसमें 48 टीमें होंगी। टीमों को 4-4 के 12 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष 2 टीमें सीधे अगले दौर यानी राउंड ऑफ 32 में पहुंचेंगी। जीत पर 3 अंक मिलेंगे, मैच ड्रॉ रहने पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा, जबकि हारने वाली टीम को कोई अंक नहीं मिलेगा।



### मुकाबलों के लिए भी बदले गए नियम

राउंड ऑफ 32 में जगह बनाने वाली बाकी टीमें वे होंगी, जो अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहेंगी और जिनका प्रदर्शन बेहतर होगा। इस चरण में 16 टीमें बाहर हो जाएंगी। हाफ टाइम के दौरान खिलाड़ियों को 15 मिनट का ब्रेक मिलेगा। ग्रुप चरण में पेनल्टी शूटआउट नहीं होगा। नॉकआउट चरण में मैच ड्रॉ रहने पर 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर पेनल्टी शूटआउट से विजेता तय किया जाएगा।

### इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजरें

फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे और स्पेन के लमिन यमाल पर खास नजर रहेगी। एम्बाप्पे अपना तीसरा विश्व कप खेलेंगे। उन्होंने 2018 में खिताब जीता था, जबकि 2022 में उपविजेता रहे थे। दूसरी ओर स्पेन के युवा स्टार यमाल को भविष्य का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। वहीं, अर्जेंटीना के लियोनल मेसी, पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्राजील के नेमार भी आकर्षण का केंद्र होंगे। सालों से इन दिग्गजों की प्रतिद्वंद्विता ने फुटबॉल जगत पर गहरी छाप छोड़ी है।

### कौन सी टीम किस ग्रुप में है?

ग्रुप ए : मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, चेकिया, दक्षिण कोरिया।
ग्रुप बी : बोस्निया और हर्जेगोविना, कनाडा, कतर, स्विट्जरलैंड।
ग्रुप सी : ब्राजील, हैती, मोरक्को, स्कॉटलैंड।
ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, पराग्वे, तुर्की, अमेरिका।
ग्रुप ई : कुरासाओ, इक्वाडोर, जर्मनी, आइवरी कोस्ट
ग्रुप एफ: जापान, नीदरलैंड, स्वीडन, ट्यूनीशिया
ग्रुप जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
ग्रुप एच: स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
ग्रुप आई: फ्रांस, सेनेगल, इराक, नॉर्वे
ग्रुप जे : अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
ग्रुप के : पुर्तगाल, कांगो. उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
ग्रुप एल: इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा

### तीन देशों के 16 शहरों में होंगे 104 मैच

ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट राउंड ऑफ 32, राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के चरणों में आगे बढ़ेगा। कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक हैं। मुकाबलों का आयोजन 3 मेजबान देशों के 16 शहरों में होगा। इनमें सबसे ज्यादा मैच अमेरिका में खेले जाएंगे, जबकि कनाडा और मेक्सिको को 13-13 मैचों की मेजबानी मिली है। यह विश्व कप अपने आकार और आयोजन के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा।

# फीफा विश्व कप के इतिहास में मिरोस्लाव क्लोसे ने 16 तो मेस्सी ने दागे हैं 13 गोल

**किसको सिटी।** फीफा विश्व कप सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट है, जहां खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इतिहास रचा है। इस मंच पर गोल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। कई दिग्गजों ने विश्व कप में अपनी छाप छोड़ी है। कुछ सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्होंने लगातार गोल दागकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। ऐसे में आइए आगामी संस्करण से पहले टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं।



### मिरोस्लाव क्लोसे (16 गोल)

पहले स्थान पर जर्मनी फुटबॉल टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी मीरोस्लाव क्लोसे हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप में 24 मैच खेलते हुए रिकॉर्ड 16 गोल किए थे। क्लोसे 2014 में विश्व कप जीतने वाली जर्मन टीम का भी हिस्सा रहे। जर्मनी के लिए उन्होंने 137 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 71 गोल दागे, जो देश की ओर से सर्वाधिक हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं, जिन्होंने 62 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 68 गोल किए थे।

### रोनाल्डो नजारियो (15 गोल)

ब्राजील की 1994 और 2002 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे रोनाल्डो नजारियो इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 19 मुकाबलों में 15 गोल दागे थे। ब्राजील के लिए इस खिलाड़ी ने 99 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 62 गोल किए। 1994 विश्व कप में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन 2002 विश्व कप में उन्होंने 8 गोल किए थे। टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के लिए उन्हें गोल्डन बूट पुरस्कार भी मिला था।

### गर्ड मुलर (14 गोल)

तीसरे स्थान पर जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप के 13 मुकाबलों में 14 गोल दागे थे। 1970 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 10 गोल किए और गोल्डन बूट अपने नाम किया, हालांकि जर्मनी खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद 1974 विश्व कप में उन्होंने 4 गोल किए और जर्मनी को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जर्मनी के लिए 62 मैचों में 68 गोल दागे।

### लियोनल मेसी और जस्ट फोंटेन (13-13 गोल)

अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी और फ्रांस के जस्ट फोंटेन इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। दोनों खिलाड़ियों ने फीफा विश्व कप में 13-13 गोल दागे हैं। मेसी 2026 विश्व कप में खेलते नजर आएंगे और उनके पास फोंटेन को पीछे छोड़ने का मौका होगा। किलियन एम्बाप्पे के नाम विश्व कप में 12 गोल हैं और वह भी इस सूची में आगे बढ़ सकते हैं। मेसी ने 2022 में अर्जेंटीना को विश्व कप जिताया था।



## खबर संक्षेप



### अफगानिस्तान-ए ने डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत-ए को चार रन से हराया

**दाम्बुला।** अफगानिस्तान ए ने बड़ा उलटफेर करते हुए सितारों से सजी भारत ए टीम को त्रिकोणीय एक दिवसीय श्रृंखला के वर्षाबाधित मैच में बृहस्पतिवार को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर चार रन से हरा दिया। कप्तान तिलक वर्मा, उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 349 रन बनाये। प्रभसिमरन ने 69 गेंद में 84, गायकवाड़ ने 80 गेंद में 66 रन और तिलक ने 73 गेंद में 66 रन बनाये। हल्की बूंदाबांदी के कारण मैच प्रति टीम 49 ओवर का कर दिया गया। बार बार बारिश के कारण खेल बाधित होने के बाद अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। ऐसा रहा अफगानिस्तान का खेल अफगानिस्तान के कप्तान इमरान (70 गेंद में नाबाद 75) और हसन इसाखिल ( 29 गेंद में 34) ने अफगानिस्तान को आक्रामक शुरूआत दी। बहीर शाह ( 52 गेंद में 51) और इमरान ने मिलकर टीम को 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन तक पहुंचाया जब फिर बारिश शुरू हो गई। उस समय अफगानिस्तान डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर लक्ष्य से चार रन आगे था जिसके आधार पर उसे विजयी घोषित कर दिया गया।

### श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ भाविका भारतीय टीम की होंगी कप्तान

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज भाविका अहीर घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की आगामी अंडर-19 श्रृंखला में श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की महिला चयन समिति ने तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय मुकाबलों की श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को टीम का चयन किया।

### द्रविड़ के बेटे अन्वय भारत की अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ को चार जुलाई से शुरू होने वाले श्रीलंका के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की जूनियर क्रिकेट समिति ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे पर तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच खेले जाएंगे।द्रविड़ जूनियर को एक दिवसीय टीम में रजत बघेल के साथ दो विकेटकीपिंग विकल्पों में से एक के तौर पर चुना गया है।



# महिला टी20 वर्ल्ड कप आज से, भारत-पाकिस्तान में 14 को भिड़ंत

## पहली बार 12 टीमें ले रहीं हिस्सा, फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत शुक्रवार 12 जून से होने जा रही है। इंग्लैंड की सरजमीं पर आयोजित होने वाले इस विश्व कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिताबी दावेदारी पेश करने वाली बड़ी टीमों में से एक है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने 2026 महिला टी20 वर्ल्ड कप को इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बताया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से शुरू होने जा रहा है, जिसमें पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के साथ होगा। पाकिस्तान आज तक एशिया के बाहर महिला टी-20 विश्व कप में भारत को नहीं हरा सकी है।



### किस ग्रुप में कौन सा देश

ग्रुप ए : भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश, द.अफ्रीका।
ग्रुप बी: इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

### इंग्लैंड और वेल्स करेंगे मेजबानी

इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स कर रहे हैं। टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड सहित कुल 12 टीमें भाग लेंगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो गई है।

### भारत का पूरा शेड्यूल

भारतीय महिला टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम लगातार अहम मुकाबलों में मैदान पर उतरेगी। 14 जून: भारत बनाम पाकिस्तान। 17 जून: भारत बनाम नीदरलैंड्स। 21 जून: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका। 25 जून: भारत बनाम बांग्लादेश। 28 जून: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया।

### टीम इंडिया की नजर पहली ट्रॉफी पर

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम पहली बार यह खिताब जीतने की कोशिश करेगी। अब तक टीम इंडिया महिला टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है, लेकिन इस बार टीम से बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। टूर्नामेंट के बढ़े हुए फॉर्मेट और 12 टीमों की भागीदारी ने इसे अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 वर्ल्ड कप बना दिया है।

# रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही तोड़ देंगे 37 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे के दौरान मैदान पर कदम रखते ही इतिहार रच देंगे। मौजूदा फॉर्मेट में भारत के लिए खेलने के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे और इस तरह से 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा।

भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों का वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। इस सीरीज का पहला मैच धर्मशाल में होगा। इस मैच के दौरान मैदान पर कदम रखते ही टीम इंडिया के स्टार ओपनर हिटमैन रोहित शर्मा 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। आपको बता दें कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और हरफनमौला हार्दिक पंड्या चोट के चलते इस सीरीज से बाहर से हो गए हैं। इंग्लैंड दौरे पर इन दोनों खिलाड़ियों की वापसी की उम्मीद की जा रही है।

### मोहिंदर अमरनाथ के नाम है सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का टैग

रोहित शर्मा जब अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून को धर्मशाला के मैदान में उतरेंगे तो उनकी उम्र 39 साल 44 दिन होगी और वह वन डे में भारत के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 1983 के वर्ल्ड कप चैंपियन प्लेयर मोहिंदर अमरनाथ के नाम था। उन्होंने भारत के लिए आखिरी वनडे 1989 में खेला था, तब वह 39 साल 36 दिन के थे। अब 37 साल बाद रोहित शर्मा उनका यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए एकदम तैयार हैं।



# सिंधू और तन्वी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेसी ▶▶| सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेम में हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने राउंड ऑफ 16 मैच में हमवतन ईशारानी बरुआ को 42 मिनट में 22-20, 21-12 से शिकस्त दी।

बुधवार को चीनी ताइपे की पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी च्यू पिन चियान को हराकर उलटफेर करने वाली तन्वी ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-13, 21-15 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सिंधू चीनी ताइपे की चेन सु यू से भिड़ेंगी जबकि तन्वी का सामना जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची से होगा। तान्या हेमंत का सफर थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 12-21, 15-21 से हारकर खत्म हो गया।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

*भारत के हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के माइकल ओवेन और डायलन सोएदजासा की जोड़ी को 21-17, 21-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।अब वे अगले दौर में चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग की जोड़ी से भिड़ेंगे। ध्रुव रावत और के मनीषा की मिश्रित युगल जोड़ी दूसरे दौर में जापान के अकीरा कोगा और नात्सु सैतो की जोड़ी से 19-21, 18-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।*

# वनडे रैंकिंग में सलाना अपडेट के बाद भारतीय क्रिकेट टीम टॉप पर



एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की पुरुष वनडे टीम रैंकिंग के सलाना अपडेट के बाद भी भारतीय क्रिकेट टीम शीर्ष स्थान पर बरकरार है। हालांकि, भारत और दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के बीच अंकों का अंतर कम हो गया है। भारत की रेटिंग 119 से घटकर 118 हो गई है, जबकि न्यूजीलैंड की रेटिंग 2 अंक बढ़कर 113 पहुंच गई है। इसके बावजूद भारतीय टीम वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर कायम है।

### अन्य टीमों की स्थिति

वनडे रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 109 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। शीर्ष-10 में एकमात्र बदलाव चौथे स्थान पर देखने को मिला है, जहां दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम (102) ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम (100) को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, 9वें स्थान पर मौजूद बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच अंतर भी बढ़ गया है। दोनों टीमों के बीच अब रेटिंग अंकों का फासला 10 अंक का हो गया है।

### टी-20 में भी शीर्ष पर बरकरार भारतीय टीम

*भारतीय टीम सिर्फ वनडे क्रिकेट ही नहीं, बल्कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय टीम के 275 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर मौजूद है। इस प्रारूप में उसके 104 रेटिंग अंक हैं। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले और दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर काबिज हैं। यानी भारत 2 प्रारूपों में शीर्ष-3 टीमों में शामिल है, जबकि टी-20 में उसका दबदबा बरकरार है।*

***अफगानिस्तान के खिलाफ 13 से वनडे सीरीज :** आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इस साल कई 50 ओवर के मुकाबले खेलेगी। भारत का अगला वनडे कार्यक्रम अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर खेली जाने वाली 3 मैचों की सीरीज है। इस सीरीज की शुरुआत 13 जून से होगी।*

# क्रिकेट अंडर-19 : श्रीलंका दौरे में भारत की अगुवाई करेंगे यशबर्धन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की जूनियर क्रिकेट समिति ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे में तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच शामिल हैं। टीम की अगुआई यशबर्धन सिंह चौहान करेंगे जबकि लक्ष्य रायचंदानी को उप-कप्तान नियुक्त किया गया। भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ भी वनडे टीम में शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में विकेटकीपर रजत बघेल और अन्वय द्रविड़ होंगे जबकि बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए विकेटकीपिंग के लिए मानव कृष्णा और आर्यन संदेश सकपाल को चुना गया है।

## द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाएंगे मुकाबले

# वनडे विश्व कप 2027 का शुभारंभ 4 अक्टूबर से

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल होने वाला वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। इसके कार्यक्रम को तय कर दिया गया है, जिसके तहत टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर, 2027 तक आयोजित हो सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के मुताबिक इन तारीखों पर सहमति मई में अहमदाबाद में हुई इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बोर्ड बैठक के दौरान बनी थी। अब इस कार्यक्रम को अंतिम रूप जुलाई में एडिनबर्ग में होने वाली आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में दिया जाएगा।



### इस बार 14 टीमें लेंगी हिस्सा

*साल 2003 के बाद पहली बार अफ्रीकी महाद्वीप पर वनडे विश्व कप खेला जाएगा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका 2007 टी-20 विश्व कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। यह टूर्नामेंट फिर से 14 टीमों के प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। शीर्ष-3 टीमें सुपर-6 चरण में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे सीधे क्वालीफाई करेंगे, जबकि नामीबिया को क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।*

### ज्यादा मुकाबले दक्षिण अफ्रीका में खेले जाएंगे

दक्षिण अफ्रीका के 8 मैदानों में 2027 क्रिकेट विश्व कप के अधिकांश मुकाबले खेले जाने की संभावना है, जहां कम से कम 54 में से 41 मैच हो सकते हैं। जिम्बाब्वे को 8 से 10 मैच मिलने की उम्मीद है, जबकि नामीबिया में 3 मुकाबले खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे के पास अब 2 के बजाय 3 स्टेडियम होंगे, जिसमें विक्टोरिया फॉल्स भी शामिल है। फाले मोसी-ओआ-तुनीया स्टेडियम इस साल पूरा होगा और अगले मई में आधिकारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

### हांगकांग की बैठक में होगा आखिरी फैसला

यह विश्व कप 2027-2031 फ्यूचर टूर प्रोग्राम का पहला आईसीसी टूर्नामेंट भी होगा। इस पूरे कार्यक्रम को इस साल हांगकांग में होने वाली आईसीसी बैठकों में अंतिम रूप दिया जाएगा। फिलहाल इस पर शुरुआती चर्चा हो चुकी है, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की संरचना और उसके संभावित विस्तार को लेकर बना हुआ है। इसी कारण एफटीपी की रूपरेखा को अंतिम रूप देने में देरी हो रही है।




## विशेष अनुमति याचिका पर राज्य शासन से जवाब तलब

# आजीवन कारावास की सजा प्राप्त प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**जबलपुर।** जिला न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध ठहराए जाने तथा बाद में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा भी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखने वाले एक महत्वपूर्ण आपराधिक प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी किया है। माननीय न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा एवं माननीय न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की खंडपीठ ने प्रकरण की प्रारंभिक सुनवाई के उपरांत राज्य शासन को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर अपना प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को भी उसके पश्चात प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता को जिला न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास से दंडित किया गया था, जिसके विरुद्ध दायर अपील पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने भी दोषसिद्धि एवं सजा को यथावत रखा था। इसके पश्चात याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनन अग्रवाल एवं अधिवक्ता सम्यक जैन सहित अधिवक्ताओं की टीम ने सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी रूप से पक्ष प्रस्तुत किया। प्रस्तुत विधिक एवं तथ्यात्मक बिंदुओं पर विचार करते हुए माननीय न्यायालय ने मामले में राज्य शासन का पक्ष जानना आवश्यक समझा और नोटिस जारी किया। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय दोनों स्तरों पर आजीवन कारावास की सजा बरकरार रहने के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया जाना प्रकरण की गंभीरता और उसमें उठाए गए विधिक प्रश्नों के महत्व को दर्शाता है। अधिवक्ता मनन अग्रवाल एवं सम्यक जैन की सक्रिय भूमिका और प्रभावी कानूनी प्रस्तुति इस प्रकरण में विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सर्वोच्च न्यायालय में प्राप्त यह आदेश मामले की आगामी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिस पर विधिक समुदाय की विशेष निगाहें बनी हुई हैं।



## पते के रिकॉर्ड में देरी, बी.एड. प्रवेश पर संकट

**जबलपुर।** जब कोई मान्यता प्राप्त महाविद्यालय वर्षों से विधिवत संचालित हो रहा हो और उसे केवल इसलिए प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाए कि किसी प्राधिकरण ने उसका बदला हुआ पता अपने अभिलेखों में समय पर दर्ज नहीं किया, तो यह मामला केवल तकनीकी कमी का नहीं रह जाता। यह छात्रों के भविष्य, संस्था के अधिकार और प्रशासनिक न्याय से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन जाता है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की खंडपीठ ने सत्य साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बालाघाट को महत्वपूर्ण अंतरिम राहत देते हुए 14 मई 2026 और 15 मई 2026 के उन संचारों के संचालन और प्रभाव पर रोक लगा दी है, जिनके कारण महाविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की बी.एड. प्रवेश प्रक्रिया से बाहर किए जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। यह आदेश माननीय श्री न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया एवं माननीय श्री न्यायमूर्ति दीपक खोत की खंडपीठ द्वारा 10 जून 2026 को पारित किया गया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए और अंतरिम रूप से विवादित संचारों के प्रभाव को स्थगित कर दिया। प्रकरण को समान प्रकृति की याचिका के साथ 30 जून 2026 को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया गया है। विवाद सत्य साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बालाघाट से संबंधित है, जो वर्ष 2005 से बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। महाविद्यालय को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है, मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त है और विश्वविद्यालय से नियमित संबद्धता भी प्राप्त होती रही है। महाविद्यालय पहले ग्राम हुड़किटोला में संचालित होता था, बाद में उसे सरदार पटेल नॉलेज सिटी, वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट स्थित नए परिसर में स्थानांतरित किया गया। महाविद्यालय की ओर से पते के परिवर्तन को अभिलेखों में दर्ज कराने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के समक्ष 16 मार्च 2024 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 25 अप्रैल 2024 को पुनः निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों और रु1,77,000 की फीस के साथ जमा किया गया। इसके बावजूद जब पता अद्यतन नहीं हुआ, तो महाविद्यालय ने 12 दिसंबर 2024, 25 मार्च 2025 और 23 दिसंबर 2025 को स्मरण पत्र भी भेजे। इसके बाद राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा ने निरीक्षण के दौरान आपत्ति ली कि महाविद्यालय के वास्तविक स्थान और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अभिलेख में दर्ज पते में अंतर है। महाविद्यालय ने 13 मई 2026 को अपना जवाब प्रस्तुत करते हुए बताया कि पता परिवर्तन हेतु आवेदन पहले से लंबित है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने 14 मई 2026 को उच्च शिक्षा आयुक्त, भोपाल को पत्र लिखकर महाविद्यालय की ई-प्रवेश प्रोफाइल हटाने या वापस करने की अनुशंसा कर दी। अगले दिन 15 मई 2026 को महाविद्यालय को पत्र जारी कर कहा गया कि यदि वह शासन स्तर से नाम और स्थान की समानता संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करता है, तभी उसकी प्रोफाइल अद्यतन की जाएगी। महाविद्यालय का मुख्य तर्क यह था कि यह कोई वास्तविक विवाद नहीं है। महाविद्यालय की पहचान, मान्यता, संबद्धता, अधोसंरचना या शिक्षकगण को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। केवल राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अभिलेख में बदले हुए पते की प्रविष्टि लंबित है, जबकि इसके लिए महाविद्यालय अपनी ओर से आवेदन, दस्तावेज, फीस और बार-बार स्मरण पत्र दे चुका है। ऐसे में प्रशासनिक देरी का दंड महाविद्यालय और छात्रों को नहीं दिया जा सकता।

### हाई कोर्ट ने कॉलेज को दी बड़ी राहत

सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि कुछ दिन पहले इसी प्रकृति के एक अन्य मामले में रेवणाथ चौरे शिक्षण महाविद्यालय, सौंसर को भी उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत प्राप्त हुई थी। उस मामले में भी माननीय उच्च न्यायालय ने 14 मई 2026 के आदेश और 15 मई 2026 के अनुवर्ती पत्र के प्रभाव पर रोक लगाई थी। उस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एन.एस. रूपराह ने सफलतापूर्वक पक्ष रखा था और महाविद्यालय के पक्ष में स्थगन आदेश प्राप्त किया था। सत्य साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मामले में भी माननीय खंडपीठ के समक्ष श्री एन.एस. रूपराह वरिष्ठ अधिवक्ता ने श्री नवतेज सिंह रूपराह अधिवक्ता के साथ पक्ष रखा। रूपराह लीगल चेम्बर्स की ओर से यह प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया गया कि महाविद्यालय ने अपनी ओर से हर आवश्यक औपचारिकता पूरी कर दी थी, फिर भी केवल अभिलेख अद्यतन न होने के कारण उसे बी.एड. प्रवेश प्रक्रिया से वंचित किया जा रहा था।

उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए 14 मई 2026 और 15 मई 2026 के विवादित संचारों के संचालन और प्रभाव पर रोक लगा दी। न्यायालय ने प्रतिवादियों से जवाब भी मांगा है। यह आदेश केवल एक महाविद्यालय को मिली राहत भर नहीं है। यह उन परिस्थितियों पर भी महत्वपूर्ण संकेत है जहां किसी संस्था ने अपनी ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी हों, लेकिन विभागीय देरी के कारण उसे प्रवेश प्रक्रिया से बाहर करने जैसी गंभीर कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान ऐसी कार्रवाई से केवल संस्था ही नहीं, बल्कि स्थानीय छात्रों का भविष्य भी प्रभावित होता है। फिलहाल उच्च न्यायालय की इस अंतरिम राहत से सत्या साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन को बड़ी राहत मिली है और बालाघाट क्षेत्र के उन विद्यार्थियों के लिए भी रास्ता खुला है, जो स्थानीय स्तर पर बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं।

# पूर्व मंत्री बब्बू को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**जबलपुर।** पूर्व राज्य मंत्री हरेंद्र सिंह बब्बू को एक बार फिर फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। बब्बू ने मीडिया को बताया कि लगातार तीसरी बार यह धमकी मिली है। टीआई से लेकर एसपी तक इसकी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने इस मामले में राजनीति षड़यंत्र की भी आशंका जताई और चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं हुई तो धरने पर बैठेंगे। मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की मांग की है. पूर्व मंत्री श्री बब्बू ने कहा कि पिछले दो माह में दूसरी बार उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जबलपुर के आईजी, डीआईजी सहित अन्य अधिकारियों को भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. पूर्व मंत्री ने बताया कि दो दिन पहले रात में जब वे गोरखपुर क्षेत्र से अकेले निकल रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी. इसके बाद वे सीधे गोरखपुर थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को पूरे मामले की जानकारी दी. बब्बू के अनुसार, थाना प्रभारी ने उसी नंबर पर कॉल कर बात की तो सामने वाले व्यक्ति ने धमकी देने की बात स्वीकार कर ली. इतना ही नहीं, उसने पुलिस अधिकारी से भी अभद्र व्यवहार किया. हरेंद्रजीत सिंह बब्बू ने कहा कि यदि एक पूर्व मंत्री और 25 साल तक विधायक रहे व्यक्ति को खुलेआम धमकियां मिल सकती हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि इससे पहले भी उनके ऊपर बम फेंके गए थे, जिसमें वे घायल हुए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था. इधर इस मामले में गोरखपुर सीएसपी एम.डी. नागोतिया ने बताया कि पूर्व मंत्री की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया जा रहा है. पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3) और 351(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शिकायत के बाद भी कार्रवाई न हुई तो धरना देंगे**

## मारपीट के दोषी को 3 माह का कारावास

**जबलपुर, ।** जबलपुर के गोराबाजार थाना क्षेत्र में घर में घुसकर गाली-गलौज, तोड़फोड़ और मारपीट करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी प्रीतम प्रधान उर्फ बाबूलाल को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राहुल छत्री की अदालत ने आरोपी को धारा 451 एवं 427 भादवि के तहत तीन-तीन माह के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक धारा में 1500-1500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240